2 | फरीदाबाद
खोरी उजाड़ कर जंगल विकसित किया नहीं, अब करेंगे व्यावसायिक इस्तेमाल

6 | अभिमत
पढ़ाई से लेकर खेल तक संघर्ष

9 | देश-विदेश
कुछ लोग चीन मुद्दे के बारे में फैला रहे हैं गलत जानकारी : जयशंकर

11 | पर्यटन
एक बार जरूर देखें नॉर्थ ईस्ट की यह रोमांचक जगह

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 348
फरीदाबाद, सोमवार, 30 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारत बना अंडर-19 महिला विश्व कप चैम्पियन
पेज - 12

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 17.00°C
न्यूनतम 11.00°C

## क्विक न्यूज

### पक्षी से टकराने के बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग



**लखनऊ।** लखनऊ से कोलकाता जा रहे एयर एशिया के विमान की रविवार को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। रिपोर्ट्स के मुताबिक विमान ने अभी उड़ान भरी थी कि वो अचानक एक पक्षी से टकरा गया। इसके बाद सुरक्षा कारणों से विमान को लखनऊ में ही वापस उतार दिया गया। इसके बाद यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से कोलकाता भेजा गया।

### पाकिस्तान के इस्लामाबाद में आया 4.1 तीव्रता का भूकंप

**लाहौर।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में 4.1 तीव्रता का भूकंप आया है। नेशनल सेंटर फॉर सिसमोलॉजी के मुताबिक, रविवार दोपहर एक बजकर 24 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसका केंद्र इस्लामाबाद से पूर्व में था। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।

### बजट से पहले सरकार ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश करने से पहले सरकार ने 30 जनवरी की शाम को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सरकार इस बैठक में सभी दलों से बजट सत्र में सहयोग करने की अपील कर सकती है। बता दें कि 31 जनवरी को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। इसके बाद एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी।

### नाराज किसान आज कई स्थानों पर करेंगे हाइवे जाम

**चंडीगढ़।** प्रदेश के किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ की गिरफ्तारी से किसान संगठन भड़क उठे हैं। रविवार शाम को संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) की इमरजेंसी मीटिंग सिरसा की जाट धर्मशाला में हुई। जिसमें फैसला लिया गया कि कल इसके विरोध में हरियाणा में तीन जगह और पंजाब में दो जगहों पर नेशनल हाईवे जाम किए जाएंगे।

### जमीन घोटाले समेत 23 मामलों में वांछित सोना बंसल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम-मानेसर औद्योगिक मॉडल टाउनशिप की करोड़ों रुपये के जमीन घोटाले सहित धोखाधड़ी के 23 हाई प्रोफाइल मामलों में वांछित महिला सोना बंसल को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। वह पति अतुल बंसल के साथ मुंबई के पॉश इलाके में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नाम बदलकर रह रही थी। करीब 1500 करोड़ रुपये के गुरुग्राम-मानेसर भूमि घोटाले में महिला और उसका पति समेत अन्य लोग आरोपी हैं। सीबीआई और ईडी इसकी जांच कर रही है। सोना बंसल पर दिल्ली पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित कर रखा था।

# बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी के साथ समाप्त हुआ गणतंत्र दिवस समारोह

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**नई दिल्ली** के विजय चौक पर रविवार को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी शुरू हुई। इसी के साथ गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों का पूर्ण समापन हुआ। तीनों सेनाओं ने राष्ट्रपति के सामने 29 शास्त्रीय धुनें बजाईं। इस मौके पर देश के इतिहास का सबसे बड़ा ड्रोन शो हुआ। इस शो में 3500 घरेलू ड्रोन शामिल हुए। सेरेमनी में शिरकत करने पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मोदी का अभिवादन किया।

दरअसल, हर साल 29 जनवरी को राजधानी के विजय चौक पर बीटिंग द रिट्रीट समारोह होता है। बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी को सेना की वापसी का प्रतीक माना जाता है। तीनों सेना के बैंड पारंपरिक धुन बजाकर राष्ट्रपति से अपनी बैरकों में लौटने की इजाजत मांगते हैं। इससे पहले शनिवार को विजय चौक पर फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। पहली बार नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक पर 3डी एनामॉर्फिक प्रोजेक्शन का भी आयोजन हुआ।

इस समारोह में भारत के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि होते हैं। राष्ट्रपति के आते ही उन्हें नेशनल सेल्यूट देकर राष्ट्रगान शुरू होता है,



तिरंगा फहराया जाता है। इसके बाद तीनों सेनाओं के बैंड मिलकर पारंपरिक धुन के साथ मार्च करते हैं। तीनों सेना के बैंड वादन के बाद रिट्रीट का बिगुल बजता है। इसके बाद बैंड मास्टर राष्ट्रपति के पास जाते हैं और बैंड वापस ले जाने की इजाजत मांगते हैं। बीटिंग

### 29 शास्त्रीय धुन बजाई गईं

रिट्रीट सेरेमनी की परंपरा राजा महाराजाओं के समय चली आ रही है। जब सूर्यास्त के बाद जंग बंद होने का ऐलान होता था। बिगुल बजाते ही सैनिक युद्ध बंद कर पीछे हट जाते थे। ये परम्परा 300 साल से भी ज्यादा पुरानी है। भारत के अलावा ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी होती है। भारत में इसकी शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी।

### देश का सबसे बड़ा ड्रोन शो हुआ





### पेरू में खाई में गिरी बस, 24 लोगों की मौत

**लीमा।** पेरू में एक बस खाई में गिर गई। इस हादसे में 24 लोगों की मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक बस में 60 यात्री सवार थे।

पुलिस ने बताया कि बस लीमा से इक्वाडोर से सटे तुंबेस जा रही थी। बीच में ऑर्गनोस शहर के पास ये सड़क हादसा हो गया। इसमें कुछ हैती के यात्री सवार थे। हादसा किस कारण हुआ यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

### गोहाना रैली में नहीं पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री, फोन पर एक मिनट संबोधित किया

# कम भीड़ होने के चलते फ्लॉप साबित होती शाह की रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह सोनीपत जिले के गोहाना की नई सब्जी मंडी में जन उत्थान रैली में नहीं पहुंच सके। सीएम मनोहरलाल खट्टर ने मंच से बताया कि खराब मौसम की वजह से उनके आने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। इस दौरान सीएम के द्वारा एक मिनट फोन से ही अमित शाह का संबोधन कराया। फोन के ऑन स्पीकर से अमित शाह ने कहा कि 2024 में फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। वह गोहाना रैली में आना चाह रहे थे। उनकी बहुत इच्छा थी कि वह गोहाना आएं, मगर पायलट ने खराब मौसम के चलते हवाई यात्रा से चलने से मना कर दिया। सीएम मनोहर लाल ने यह भी कहा कि सड़क से आने में अमित शाह को दो घंटे लगते। इसीलिए हमने उन्हें मना कर दिया।

हालांकि दूसरी तरफ रैली स्थल पर ही ये चर्चाएं भी काफी गर्म रहीं कि जितनी भीड़ होनी चाहिए थी, अपेक्षाकृत उतने लोग नहीं पहुंचे। केंद्रीय सीआइडी की रिपोर्ट के आधार पर अमित शाह को रैली स्थल पर न आने का फैसला लेना पड़ा। यदि शाह आते तो विपक्ष उनकी फ्लॉप रैली को लेकर मुद्दा बना सकता था। चर्चा यह



भी चल रही है कि शाह के अचानक रैली स्थल पर न पहुंचने के बाद सीएम मनोहरलाल खट्टर को अब सियासी तौर पर नुकसान झेलना पड़ सकता है।

बता दें, राज्य की भाजपा-जजपा सरकार के पंचायतों में ई-टेंडरिंग के फैसले के खिलाफ सरपंचों का प्रदर्शन चल रहा है। हिसार, फतेहाबाद, जींद और सोनीपत में इसको लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं। गृहमंत्री की रैली में कोई खलल न पड़े, इसके लिए हरियाणा सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सोनीपत के खरखौदा के सरपंच आशीष को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। एसोसिएशन ने राज्य में जाम लगाने और रैली का विरोध करने का ऐलान किया था।

यही नहीं, रैली से पहले ही रोहतक में नवीन जयहिंद के समर्थक और पुलिस आमने-सामने हो गए। यह टकराव मकड़ौली टोल पर हुआ, जहां पर जयहिंद समर्थक गोहाना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैली में विरोध दर्ज करवाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बीच रास्ते में पुलिस ने उन्हें रोक लिया और हिरासत में ले लिया। जयहिंद सेना ने पहले ही विरोध प्रदर्शन का रुख साफ कर दिया था। इसलिए रोहतक से बूंदाबांदी के माहौल में जयहिंद सेना पैदल ही गोहाना के लिए चल पड़ी। इससे पहले नवीन जयहिंद को शनिवार रात के समय पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। उन्होंने ही गोहाना कूच का आह्वान किया हुआ था।

### सीएम ने कहा, खराब मौसम के चलते नहीं उड़ सका हेलिकॉप्टर

### ई-टेंडरिंग को लेकर भी कई जिलों में हो रहे प्रदर्शन

विस्तृत खबर पेज -7 पर



# ओडिशा के मंत्री को पुलिस अफसर ने मारी गोली, मौत

### एएसआई ने स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास पर दागीं दो गोलियां

### घटना के बाद सीएम पटनायक आनन फानन अस्पताल पहुंचे

**एजेंसी।** भुवनेश्वर





**ओडिशा** के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास को रविवार दोपहर को ब्रजराजनगर में एक एएसआइ ने गोली मार दी। पहले रिपोर्ट आई थी कि नब किशोर दास के सीने में 4-5 गोलियां लगी हैं, लेकिन बाद में पुलिस ने दो गोलियां लगने की पुष्टि की। उन्हें भुवनेश्वर के लिए एयरलिफ्ट किया गया। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों का पैनल उन्हें बचाने का प्रयास करता रहा, लेकिन देर शाम को उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया। क्राइम ब्रांच की टीम मामले को लेकर तत्काल सक्रिय हो गई।

पुलिस ने फायरिंग करने वाले एएसआइ गोपालदास को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है, लेकिन अभी तक आरोपी ने हमले की वजह नहीं बताई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नब दास कार्यक्रम में शामिल होने ब्रजराजनगर पहुंचे थे। कार से उतरते ही एक एएसआइ गोपालदास ने नब किशोर दास पर चार से पांच राउंड गोलियां चलाईं। चश्मदीद ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री नब दास कार्यक्रम में चीफ गेस्ट थे। जब वो पहुंचे तो उनके स्वागत के लिए भीड़ जमा हो गई। तभी उन पर किसी ने गोली चला दी। हमने देखा एक पुलिसकर्मी पास से गोली चलाकर भाग रहा था।

ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने स्वास्थ्य मंत्री पर हमले की निंदा करते हुए दुख जताया है। उन्होंने कहा, हमले की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। क्राइम ब्रांच को जांच करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों को घटनास्थल पर जाने के लिए कहा गया है। नब किशोर दास ने ओडिशा की झारसुगुड़ा सीट से 2004 में पहली बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए। इसके बाद 2009 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीते। 2014 में भी कांग्रेस से जीते। साल 2019 का चुनाव वे बीजू जनता दल से लड़कर लगातार तीसरी बार इसी सीट से विधायक चुने गए। नब किशोर दास को क्षेत्र में प्रभावशाली नेता माना जाता है।

### अखिलेश की नई टीम घोषित, 14 राष्ट्रीय महासचिव बनाए



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीन माह बाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। उपाध्यक्ष पद पर किरणमय नंदा और प्रमुख महासचिव पद पर प्रो. रामगोपाल यादव बरकरार है। यह दोनों पहले इसी पद पर थे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 14 महासचिव बनाए गए हैं। इसमें आजम खान, शिवपाल सिंह यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, लालजी वर्मा, राम अचल राजभर, अवधेश प्रसाद, इंद्रजीत वर्मा, मधु गुप्ता आदि शामिल हैं। 62 सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जातीय समीकरण का पूरा ध्यान रखा गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अभिषेक मिश्रा, पवन पांडे को भी जगह मिली है। इसी तरह पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा, लीलावती कुशवाहा, धर्मेंद्र यादव, जावेद आब्दी, दयाराम पाल आदि को भी शामिल किया गया है।

# महिलाएं 30 से पहले शादी कर लें, ऐसा न करने पर मुश्किल होती है : सरमा

**एजेंसी।** गुवाहाटी

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने महिलाओं को सही उम्र में मां बनने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मां बनने की सही उम्र 22 से 30 साल है। महिलाओं को इसके लिए बहुत ज्यादा इंतजार नहीं करना चाहिए। अगर वो 30 के बाद बच्चे को जन्म देती हैं तो कई सारे मेडिकल कॉम्प्लीकेशंस होते हैं।



सीएम ने यह बात शनिवार को गुवाहाटी में एक सरकारी कार्यक्रम में कही। वह बाल विवाह और महिलाओं से जुड़ी समस्याओं पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। सीएम सरमा ने मुस्कराते हुए कहा कि जिन महिलाओं ने अभी तक शादी नहीं की है, उन्हें जल्द ही कर लेनी चाहिए। भगवान ने हमारे शरीर को इस तरह से बनाया है कि हर चीज एक तय उम्र सीमा के तहत की जाए।

उन्होंने आगे कहा कि कम उम्र में शादी न करना और सही उम्र में बच्चे पैदा न करना भी मां और शिशु मृत्यु दर बढ़ने का कारण है। इसीलिए मैं सभी महिलाओं को सलाह दूंगा कि 30 से कम उम्र में शादी कर लेनी चाहिए।

असम कैबिनेट ने 14 साल से कम उम्र की लड़कियों से शादी करने वाले पुरुषों पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज करने का फैसला किया है। साथ ही 14 से 18 साल की उम्र की लड़कियों से शादी करने वालों पर बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।

# बलूचिस्तान में सड़क हादसा, 39 लोगों की मौत

**एजेंसी।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक तेज रफ्तार यात्री बस के पुल के खंभे से टकराकर खाई में गिर जाने से उसमें सवार करीब 39 लोगों की मौत हो गई।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बस कम से कम 48 यात्रियों को लेकर प्रांतीय राजधानी क्वेटा से सिंध प्रांत की राजधानी और मुख्य शहर कराची जा रही थी। यह बस पुल पर खंभे से टकरा गई और खाई में गिरने के बाद उसमें आग लग गई। लासबेला के सहायक आयुक्त हमजा अंजुम ने बताया कि यह दुर्घटना लासबेला इलाके में तेज गति के कारण हुई।

### खैबर पख्तूनख्वा में नाव पलटी, 10 बच्चों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान में नाव पलटने से 10 बच्चों की मौत हो गई। हादसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की टांडा डैम लेक में हुआ। नाव में 25 से 30 बच्चे सवार थे, जिनमें से 17 को बचा लिया गया है। 6 बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# राहुल ने श्रीनगर के लाल चौक पर फहराया तिरंगा



**श्रीनगर।** श्रीनगर के लाल चौक पर रविवार को राहुल गांधी ने तिरंगा फहराया। वह सुरक्षाकर्मियों की गाड़ी में वहां पहुंचे। उनके साथ बहन प्रियंका गांधी भी मौजूद थीं। तिरंगा फहराने के बाद राहुल की भारत जोड़ो यात्रा खत्म हो गई जबकि इसे 30 जनवरी को खत्म होना था। लाल चौक के कार्यक्रम के बाद यात्रा खत्म कर दी गई। कांग्रेस दफ्तर में सोमवार को होने वाला कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया है। लाल चौक पर तिरंगा फहराने के दौरान भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रहा। पूरे इलाके को बैरिकेड्स लगाकर सील कर दिया गया। राहुल सुरक्षाकर्मियों की गाड़ी में लाल चौक पहुंचे थे। राहुल गांधी के साथ जयराम रमेश, मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती के शामिल होने की जानकारी है। पंथा चौक से अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रेसिडेंट मुजफ्फर शाह भी यात्रा में शामिल हुए।

### जिनके जीवन पर बनी थ्री इडियट्स फिल्म, उन्हें भूख हड़ताल से रोका

# ग्लेशियर पिघल रहे हैं, सरकार चाहती है मैं चुप रहूं : वांगचुक

**एजेंसी।** लद्दाख

**लद्दाख** के प्रमुख समाज सुधारक सोनम वांगचुक ने दावा किया है कि उन्हें उनके ही एक संस्थान में नजरबंद किया गया है। हालांकि, पुलिस ने वांगचुक के आरोपों को खारिज कर दिया। पुलिस का कहना है कि वांगचुक को सिर्फ माइनस 40 डिग्री तापमान में भूख हड़ताल करने से रोका गया।

बता दें, वांगचुक के जीवन पर थ्री इडियट्स फिल्म बनी है, जिसे काफी सराहा गया है। वांगचुक लद्दाख में पिघल रहे ग्लेशियर सहित कई मुद्दों पर सरकार का ध्यान खींचने के लिए खार्दुंगला में 26 जनवरी से पांच दिन का अनशन शुरू करने वाले थे। लेकिन बर्फबारी के चलते रोड़ जाम होने और प्रशासन ने इजाजत न मिलने के बाद उन्होंने स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख के मैदान में भूख हड़ताल शुरू कर दी।

### कई मुद्दों पर सरकार को अलर्ट करना चाहते हैं सोनम

28 जनवरी की दोपहर 12 बजे उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि लद्दाख सरकार चाहती है कि मैं इस बांड पर साइन करूं। इसमें लिखा है कि मैं एक महीने तक कोई बयान न दूं या





किसी सार्वजनिक बैठकों में हिस्सा न लूं। कृपया सलाह दें, यह कितना सही है? क्या मैं खुद को चुप रखूं? मुझे गिरफ्तारी से फर्क नहीं पड़ता। लेह की पुलिस अधिकारी पीडी नित्या ने बताया कि खारदुंग ला दर्रे पर तापमान माइनस 40 डिग्री सेल्सियस नीचे था। इसलिए प्रशासन ने वांगचुक को वहां पांच दिन की भूख हड़ताल करने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद भी वे खारदुंग ला दर्रे की ओर जा रहे थे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। वांगचुक ने विरोध किया तो पुलिस ने उन्हें कानूनी कार्रवाई के तहत उनके संस्थान में वापस छोड़ दिया। सोनम ने वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से लद्दाख के बारे में हाइलेवल पर एक्शन लेने की मांग की थी। उन्होंने कहा, पीएम से मेरी अपील है कि लद्दाख और अन्य हिमालयी क्षेत्रों को औद्योगिक शोषण से बचाएं, क्योंकि यह लद्दाख के लोगों के जीवन पर असर डालेगा।

सोनम वांगचुक ने कहा कि अगर लद्दाख में लापरवाही जारी रही, लद्दाख को उद्योगों से सुरक्षा नहीं दी गई, तो यहां के ग्लेशियर विलुप्त हो जाएंगे, क्योंकि उद्योगों के कारण यहां पानी की कमी हो जाएगी। लद्दाख के लोग पांच लीटर प्रतिदिन के हिसाब से पानी में गुजारा करते हैं। अगर यहां सैकड़ों उद्योग लगे, माइनिंग हो तो धूल और धुएं से ग्लेशियर खत्म हो जाएंगे। कश्मीर यूनिवर्सिटी और दूसरे रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के हालिया रिसर्च से पता चला है कि अगर लद्दाख पर ध्यान नहीं दिया जाता है तो लेह-लद्दाख में दो तिहाई ग्लेशियर समाप्त हो जाएंगे।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 17.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 11.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे
- शेरपुर गांव में एचआईवी जागरूकता शिविर: सुबह 11 बजे

# खोरी उजाड़ कर जंगल विकसित किया नहीं, अब करेंगे व्यावसायिक इस्तेमाल

## खोरी में तोड़फोड़ के डेढ़ साल बाद भी अरावली पर बरकरार हैं अवैध निर्माण

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**अरावली** के जंगल में बसी खोरी बस्ती में प्रशासन द्वारा की गई तोड़फोड़ के बाद करीब डेढ़ साल का समय गुजर चुका है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने खोरी बस्ती के साथ साथ अरावली पर बने सभी अवैध निर्माण को भी तोड़ने के आदेश दिये थे। उस दौरान प्रशासन द्वारा दिखावे के कुछ फार्म हाउसों की चारदीवारियां गिराई गई थीं जो फिर से बनकर तैयार हो चुकी हैं। लेकिन अन्य अवैध निर्माणों को गिराने के नाम पर प्रशासन द्वारा सिर्फ लीपापोती ही की जाती रही है। अदालत ने खोरी बस्ती को तोड़ने के बाद उस जमीन पर जंगल विकसित करने के आदेश दिये थे। लेकिन इस दौरान जंगल विकसित करना तो दूर एक पौधा तक नहीं लगाया। जमीन के ज्यादातर हिस्से से अभी तक मलबा तक नहीं हटाया जा सका है। जहां मलबा हट चुका है, वह जमीन भी बंजर पड़ी हुई है। प्रशासन चाहता तो इस अवधि में पेड़-पौधे लगाकर अच्छी खासी हरियाली की जा सकती थी। लेकिन वन विभाग और प्रशासन के पास इसके लिए समय नहीं है। गतवर्ष की तरह सूरजकुंड मेला शुरू होते ही इस जमीन पर पर्यटन निगम पार्किंग बनाकर व्यावसायिक इस्तेमाल शुरू कर देगा। जमीन के कुछ हिस्से पर मेले की पार्किंग बनाने की तैयारी है।


जंगल की जमीन पर बने शादी समारोह स्थल।


जंगलों में बने फार्म हाउसों की तरफ जाता रास्ता।

### आज तक विकसित नहीं हुआ जंगल

**सुप्रीम** कोर्ट ने अरावली के जंगल की जमीन पर बसी खोरी बस्ती को तोड़ने के आदेश तो जिला प्रशासन को दिये ही थे साथ ही देश की इस सबसे बड़ी अदालत ने बस्ती को हटाने के बाद जंगल को उसके पुराने स्वरूप में लाने के आदेश भी दिये थे। प्रशासन ने अदालत के आदेशों के बाद खोरी को तो कड़ी मशक्कत के बाद तोड़ दिया। लेकिन इसके बाद जंगल की जमीन की तरफ कोई ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की। मजदूर आवास संघर्ष सीमित के सदस्य निर्मला गोराना का कहना है कि बस्ती को तोड़ने से पहले उन्होंने तर्क रखा था कि यहां के निवासियों को उजाड़ने की बजाए जमीन पर प्रत्येक व्यक्ति पर दस दस पौधे लगाकर उन्हें पेड़ बनाने की जिम्मेदारी सौंप देनी चाहिए। लेकिन उनकी मांग को स्वीकार नहीं किया गया था। इससे इलाका काफी हरा भरा हो सकता था। जबकि प्रशासन ने पिछले डेढ़ साल में हरियाली के नाम कुछ नहीं किया है। यदि प्रशासन द्वारा तोड़फोड के बाद पौधे लगाए जाते तो वह इस दौरान पेड़ बन चुके होते।

### मेले की पार्किंग बनाने की तैयारी


अरावली के जंगलों में भीतर तक बन चुके हैं फार्म हाउस।

**इस** बार भी खोरी के कुछ हिस्से पर सूरजकुंड मेले की पार्किंग बनाने की तैयारी है। बेशक खोरी की जमीन को अस्थायी पार्किंग के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन जंगल की जमीन का व्यावसायिक इस्तेमाल तो होगा ही। पर्यटन निगम द्वारा हर बार यहां सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले की अस्थायी पार्किंग का ठेका दिया जाता है। जिससे पर्यटन निगम पार्किंग से होने वाली आय अपने पास रखेगी या वन विभाग को सौंपेगा? इस रकम का जंगल की जमीन पर पर्यटन निगम अथवा वन विभाग द्वारा किस तरह से इस्तेमाल किया जाएगा। यह सबकुछ अभी तक स्पष्ट नहीं किया गया है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि पार्किंग से होने वाली आय से इस जमीन पर पौधे लगाए जाते हैं तो यह सार्थक प्रयास होगा। अन्यथा जंगल की जमीन पर मेला पार्किंग बनाकर सिर्फ रुपये कमाना व्यर्थ काम है। गत वर्ष भी खोरी की इस जमीन पर पर्यटन निगम ने लाखों रुपये का पार्किंग का ठेका दिया था। लेकिन आय से जंगल विकसित नहीं किया।

### खोरी उजाड़ कर चप्पी साधी

**सुप्रीम** कोर्ट द्वारा अरावली के जंगलों से अवैध निर्माण हटाने के आदेश दिये जाने के बाद नगर निगम, वन विभाग और जिला प्रशासन की तरफ से खोरी बस्ती में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की गई थी। उस दौरान प्रशासन ने हजारों की संख्या में मकानों और अन्य निर्माणों को पूरी तरह तोड़ दिया था। प्रशासन को इस कार्रवाई को पूरा करने में एक महीने से ज्यादा समय लग गया था। इस दौरान नगर निगम ने बस्ती से उजाड़े गए लोगों को डबुआ कालोनी में स्थित आशियाना फ्लैटों में बसाने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन उजाड़े गए सभी लोगों को आज तक निगम द्वारा फ्लैट नहीं दिये गए। इसके अलावा इन आशियाना फ्लैटों की मरम्मत का काम भी काफी समय से बेहद धीमी गति से चल रहा है। वहीं खोरी के बाद प्रशासन ने अरावली पर बने अन्य सैंकड़ों अवैध निर्माणों को हटाने में जरा भी रुचि नहीं दिखाई। जिसके कारण अरावली पर चारों तरफ जंगल की जमीन पर लगातार फार्म हाउस और अन्य अवैध निर्माण धड़ल्ले से किये जा रहे हैं। सबकुछ जानकर भी प्रशासन चुप्पी साध कर बैठा हुआ है।

### गलत है व्यावसायिक इस्तेमाल



सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र चावला का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने बस्ती को हटाकर जमीन पर जंगल विकसित करने के आदेश दिये थे। लेकिन इस दौरान जमीन पर जंगल विकसित करने के प्रयास प्रशासन द्वारा नहीं किये गए। उल्टा जमीन का व्यावसायिक इस्तेमाल शुरू कर दिया है। यहां पेड़ पौधे लगाने का मकसद प्रशासन का नजर नहीं आ रहा है। यदि जंगल ही विकसित करना होता तो जमीन को बंजर नहीं छोड़ा जाता।

## निवेश गुरु

**फंड** ऑफ फंड्स म्यूचुअल फंड की ऐसी स्कीम्स हैं जो दूसरी म्यूचुअल फंड स्कीम्स में निवेश करती हैं। लेकिन यह इंडेक्स फंड्स और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स तक सीमित नहीं है। उदाहरण के लिए अगर फंड मैनेजर सोने में निवेश करना चाहता है तो वह सोने में निवेश करने वाली गोल्ड स्कीम में पैसा लगाएगा, फंड मैनेजर जिस भी स्कीम में पैसा लगाना चाहे लगा सकता है। इसका मतलब यह है कि फंड ऑफ फंड्स म्यूचुअल फंड की ऐसी स्कीम्स है जो दूसरी स्कीम्स में निवेश करती हैं। वह किसी एक स्कीम में पैसा लगाने के लिए बाध्य नहीं होती हैं। फंड ऑफ फंड्स में कंपनी के शेयर या बॉन्ड नहीं होते हैं, फंड ऑफ फंड्स अन्य स्कीम्स की यूनिट होल्ड करते हैं।

## यूटीलिटी न्यूज

### अध्यक्ष बनाए जाने पर बृजभूषण शरण का स्वागत



**फरीदाबाद।** भाजपा सांसद बृजभूषण शरण के पुन: भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तंवर ने दिल्ली स्थित उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें बुके भेंट करके बधाई दी। इस दौरान तंवर ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया और दोबारा से उनके कुश्ती संघ के अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि फरीदाबाद सहित हरियाणा कुश्ती का हब है, यहां से अनेकानेक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा न केवल देश बल्कि विदेशों में लहराया है। यहां के पहलवानों ने भारत का गौरव बढ़ाया है और यहां आकर उन्हें खासी खुशी मिलती है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तंवर ने कहा कि कुश्ती भारतीय संस्कृति का पुराना खेल है और हरियाणा की माटी के खिलाड़ियो ने हमेशा अपनी प्रतिभा के माध्यम से देश का नाम रोशन किया है और आगे भी वह इस प्रथा को जारी रहेंगे।

## क्विक न्यूज

### राजपूताना संगठन की बैठक



**फरीदाबाद।** युवा राजपूताना संगठन के कार्यालय पर एक बैठक हुई। जिसमें समाज से जुड़े मुद्दों के साथ साथ संगठन की गतिविधियों पर चर्चा हुई। संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ने के लिए वर्ष 2023 के लिए नई कार्यकारणी के गठन पर विचार विमर्श किया गया। बहुत ही जल्दी वर्ष 2023 की नई कार्यकारणी की घोषणा की जाएगी। जो भी राजपूत भाई संगठन से जुड़ना चाहते हैं वो टीम युवा राजपूताना संगठन से सम्पर्क करें।

# थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए लगाया रक्तदान शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए जेके भाटिया, मोहित भाटिया, सुशील भाटिया, महेश बांगा, राकेश भाटिया व् वेद भाटिया।

**थैलासीमिया** ग्रस्त बच्चों के लिए एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुद्वारा वजीरिस्तान एनएच दो ई ब्लॉक में किया गया। गुरुद्वारा वजीरिस्तान के प्रधान सुशील भाटिया और उनकी पत्नी सुशीला ने शादी की वर्षगांठ की खुशी में रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। उनके परिवार के सभी सदस्यों ने भी रक्तदान किया।

शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया और सभी ने आश्वासन दिया कि जब भी थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों को रक्त की जरूरत होगी, वह रक्तदान करने आएंगे। समाज सेवक राधे श्याम भाटिया, संजीव ग्रोवर, बन्नूवाल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान राकेश भाटिया, रवि भाटिया, मनजीत सिंह भाटिया, सनी भाटिया, मुकेश भाटिया कैलाश गुगलानी, भाटिया समाज सेवक सरदार मोहन सिंह भाटिया, बांगा, गुलशन भाटिया, मोहन लाल अरोड़ा, राजन भाटिया, संजय भाटिया, प्रतिभा अरोड़ा, संजय अरोड़ा और राजू भाटिया उपस्थित होकर रक्त दाताओ का हौसला बढ़ाया साथ ही रक्तदान भी किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब फरीदाबाद हेरिटेज द्वारा सभी रक्तदाताओं को उपहार स्वरूप छाते भेंट किए गए और यह संदेश दिया गया कि जिस प्रकार छाता हमें बरसात या धूप से बचा कर रखता है उसी प्रकार रक्तदाता भी थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों को बचा कर रखते हैं। उनके रक्तदान से ही थैलासीमिया बच्चों का जीवन चलता है रक्त ही थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों की जीवन रेखा है। रोटरी क्लब फरीदाबाद हेरिटेज के प्रधान अनूप गर्ग ने विश्वास दिलाया कि जब भी थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे उनकी पूरी टीम हाजिर होगी। अंत में सभी रक्तदाताओ, गुरूद्वारे की प्रबन्धक कमेटी, साधसंगत का फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के प्रधान हरीश रतरा, महासचिव रविंद्र डुडेजा व जेके भाटिया ने धन्यवाद किया।

# नशे की लत के लिए बेचने लगा गांजा, पकड़ा गया

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी की टीम ने यशवीर (25) निवासी बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश को 2.840 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया यशवीर फिलहाल फरीदाबाद के खेड़ीपुल एरिया में किराए के मकान पर रह रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे खेड़ीपुल सब्जी मंडी एरिया से आरोपी को गांजे सहित काबू कर लिया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। आरोपी ने बताया कि वह खुद गांजा पीता है और अधिक पैसे कमाने के लालच में आकर गांजा बेचता है। उसने बाटा पुल के नीचे किसी ट्रक ड्राइवर से 14500/-रु में गांजा खरीदा था और छोटी पुड़िया बनाकर बेचता था।

# पोती के जन्मदिन पर लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़


स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाते लोग

**गांव** सुनपेड में रविवार को रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट और एसएसबी अस्पताल की ओर से लगाया स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। गांव के तेजसिंह की पोती तमन्ना के पहले जन्मदिन के अवसर पर लगाए गए शिविर में केवल प्रेम आंखों के अस्पताल स्टाफ ने लोगों की आंखों की जांच की। रोटरी फरीदाबाद ईस्ट अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा ने बताया कि सर्दी के मौसम में आमतौर पर खांसी और जुकाम के मामले अधिक होते हैं। एसएसबी अस्पताल के चीफ जनरल मैनेजर योगेश शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा शिविर में बीपी शुगर और ईसीजी की गई। जांच के बाद डॉक्टर गिरीश और डॉ सुरेंद्र मीना ने मरीजों को दवाई बताईं। सचिन मडोतिया ने बताया कि रोटरी ईस्ट के शिविर में 120 मरीजों की जांच की गई। शिविर में 20 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाने के लिए कहा गया है। जोकि उनके अस्पताल में फ्री में होते है। इस शिविर में करीब 70 मरीजों ने आंखों की जांच करवाई। इस मौके पर गांव सुनपेड के सरपंच गजेंद्र रावत, मा जयप्रकाश सिंह समाजसेवी,रामदेव,ब्लॉक समिति कंचन के भाई इतेंद्र, रमेश, अमित, विजय सहित एसएसबी अस्पताल की ओर से प्रिया, राहुल, आरती, दिनेश, मैनेजर असीम दास आदि मौजूद रहे।

# मानव भवन में एलोपैथिक चिकित्सा सेवा शुरू


जांच करवाते कैलाश शर्मा।

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने सेक्टर 10 में संचालित मानव धर्मार्थ डिस्पेंसरी में पुन: एलोपैथिक चिकित्सीय सेवाएं शुरू की हैं। यह सेवा डॉक्टर सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र अफोर्डेबल हॉस्पिटल सेक्टर 8 के सहयोग दी जा रही हैं। यहां होम्योपैथी चिकित्सा सुविधा पहले से ही चल रही है। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व महासचिव सुरेंद्र जग्गा ने बताया कि मानव भवन में पिछले 15 साल से एलोपैथिक चिकित्सीय सुविधा संचालित थीं लेकिन कोरोना काल में बंद करनी पड़ीं। एमबीबीएस डॉक्टर की सेवाएं ना मिलने से यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शुरू नहीं हो सका। अब डॉक्टर सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र अफोर्डेबल हॉस्पिटल के चेयरमैन प्रोजेक्ट राजकुमार अग्रवाल के सहयोग से हॉस्पिटल की सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. मधुरिमा गुप्ता एमबीबीएस डीजीओ पीजीडीएचएम ने मानव चैरिटेबल डिस्पेंसरी में एलोपैथिक चिकित्सीय सेवाएं देनी शुरू की हैं। शनिवार को सीनियर सिटीजन मदनलाल मोदी, जसवंत सिंह, गोविंद वर्मा, ज्ञानदेव वत्स, भीम सिंह, हरेराम शर्मा आदि ने डॉक्टर से अपना इलाज कराया। सभी की शुगर, बीपी की जांच की गई। यह सुविधा प्रत्येक शनिवार को सुबह 11 से 12 रहेगी। 10 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से चिकित्सीय परामर्श व दवाइयां प्रदान की जाएंगी। शुगर, बीपी जांच की भी सुविधा रहेगी। समिति ने सभी से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

# मंत्री कृष्णपाल गुर्जर-विधायक नरेंद्र गुप्ता ने किया सड़क का उद्घाटन किया



**फरीदाबाद।** केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व विधायक नरेंद्र गुप्ता ने ओल्ड फरीदाबाद वार्ड नंबर 30 बस्सा पाड़ा में 61 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। यह सड़क बंगाली दाल वाले की दुकान से गढ़ी मोहल्ला चौक तक और गढ़ी मोहल्ले से महावीर मंदिर सैयद बाड़ा तक लंबी होगी और इसकी चौड़ाई १२ फुट होगी।

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद ऐतिहासिक शहर है। यहां पर बिजली, पानी, सीवर और सड़क की समस्या कई दशक से थी। अब हमारी सरकार इन सभी समस्याओं का समाधान कर रही है। पानी और सीवर की नई लाइन डाली गई है और फरीदाबाद में ज्यादा से ज्यादा सड़कें बनाई जा रही हैं। हमने बिजली, पानी, सीवर और सड़क सभी समस्याओं का समाधान लगभग कर दिया है। आज आपको फरीदाबाद की किसी भी सड़क पर काम चलता हुआ नजर आ जाएगा। अभी थोड़ी परेशानी है लेकिन जल्द ही सबको अच्छी सड़कें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शिता में सभी काम विधिवत तरह से किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता, निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा, भीम सिंह सैनी, शेर सिंह सैनी, वेदराम सैनी, नवल सैनी, प्रेम सैनी, सतेंद्र सैनी, ओम प्रकाश सैनी, कुंदन सैनी, महेंद्र सैनी, बॉबी सैनी मौजूद रहे।

# शरीर स्वस्थ तो मन स्वस्थ



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**होली** चाइल्ड सेक्टर 75 ने डेल्टा फिटनेस द्वारा संचालित फिटनेस मैराथन 2.0 की मेजबानी की। तंदुरुस्ती के भाव एवं सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर सुबह न केवल सेहतमंद थी बल्कि मस्ती भरी भी थी।

एथलीटों, शिक्षकों, बच्चों और कई अन्य लोगों ने 21 किमी, 10 किमी, 5 किमी और वॉकथॉन जैसी विभिन्न दौड़ों में भाग लिया। प्रतिभागियों ने ज़ुम्बा, भांगड़ा बीट्स, स्ट्रेचिंग और वार्मअप पर अपने पैर थिरकाते हुए शानदार समय बिताया। जिसके बाद सभी के लिए पौष्टिक नाश्ता था। होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के कई छात्र और शिक्षकों ने भी विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। होली चाइल्ड के छात्रों - कक्षा पांच से प्रणव अहलावत, कक्षा छठी से वंशिका और नभ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक और प्रशस्ति पत्र अपने नाम किया। मैराथन में हिस्सा ले रहे धावकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीतने की होड़ में शामिल रहे। मेजबान विद्यालय के डायरेक्टर साकेत भाटिया, डायरेक्टर रूपाली भाटिया, मनोहर पुनियानी, प्रिंसिपल वंदना भाटिया और सीईओ पंचम भाटिया आदि गणमान्य, प्रतिष्ठित अतिथियों ने दौड़ को हरी झंडी दिखाई। उक्त मैराथन में लगभग 400 लोगों ने भाग लिया और पदक और प्रशस्ति पत्र सहित विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किया।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

कलम से जो भी लिक्खा है वो ज़ख्मों की निशानी है
किसी मज़लूम के आँसू की जिसमें इक कहानी है
तुम्हारे दुःख उठाये हैं उठाता भी रहूँगा पर
तुम्हारे हिस्से की आवाज़ तो तुमको उठानी है

# माडर्न बीपी का नाम इंडिया स्टार बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

## जमीन और पानी में चलने वाली सोलर साइकिल बनाने पर मिला सम्मान

**कविता।** फरीदाबाद


माडर्न सोलर साइकिल को पानी में चलाते हुए विद्यार्थी।



साइकिल को प्रयोगशाला में दिखाते हुए छात्र।

**सेक्टर-23** की संजय कालोनी में स्थित मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने स्कूल का नाम इंडिया स्टार बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराया है। यह खिताब स्कूल को विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई सोलर साइकिल के लिए मिला है। स्कूल के छात्रों ने ऐसी साइकिल बनाई है, जो जमीन के अलावा पानी में भी चलती है। स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार और प्रिंसिपल जितेन्द्र परमार ने स्कूल के विद्यार्थियों और अध्यापकों को बधाई दी है।

**इसलिए मिला खिताब :** प्रिंसिपल जितेन्द्र परमार ने बताया कि बच्चों ने भारत की पहली ऐसी साइकिल बनाई है, जो जमीन के साथ पानी में भी चलती है। देश की पहली ऐसी सोलर साइकिल बनाने के लिए स्कूल का नाम इंडिया स्टार ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। साइकिल को स्कूल ने 16 जनवरी 2018 में पेटेंट करवा लिया था। जमीन और पानी में चलने वाली यह देश की पहली साइकिल पेटेंट की गई थी। इस सोलर साइकिल को बच्चों ने स्कूल के अटल लैब में बनाया है।

**ऐसी है सोलर साइकल :** प्रिंसिपल जितेन्द्र परमार ने बताया कि साइकिल को वर्ष 2017 में बनाया गया था। जनवरी 2018 में इसे पेटेंट करवाया गया। अब जनवरी 2023 में इसे भारत की पहली जमीन और पानी पर चलने वाली साइकल का खिताब मिला है। सूर्य की किरणों को सोलर प्लेट अपने में समेट कर इलेक्ट्रिक एनर्जी में कनवर्ट करती है। इलेक्ट्रिक एनर्जी से 250 वॉट की मोटर साइकिल को चलाती है। दिन में सूरज की किरणों के कारण साइकिल चलती रहती है। रात को या फिर सूरज की रोशनी न होने पर साइकिल में डायनमो लगाया गया है, जोकि साइकिल के पहिए घुमने पर चार्ज करंट उत्पन्न करता है। जिससे रात को भी इसे चलाया जा सकता है।

**पानी में नाव :** परमार ने बताया कि सोलर साइकिल को नाव का नाम भी दिया जा सकता है, क्योंकि साइकिल जमीन के साथ ही गहरे पानी में भी आसानी से चलाई जा सकती है। इस साइकिल में एल्युमीनियम के ब्लेड लगे हैं, जो साइकल चलने पर पीछे की तरफ पानी को फेकते हैं और साइकिल आगे बढ़ती जाती है। साइकिल की खास बात यह है कि इसे बिना हेलमेट पहने नहीं चलाया जा सकता है। इसमें सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा गया है।

# चिरंजीवी हैं भगवान परशुराम : बबली


प्रतिमा स्थापित होने पर पूजन करते बबली और पुजारी व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राजीव** नगर ओल्ड फरीदाबाद बाबा मोहनराम मन्दिर मे भगवान परशुराम जी की प्रतिमा स्थापित हो रही स्थापना से पूर्व प्राण प्रतिष्ठा पूजन मे बतौर मुख्य अतिथि पंहुचकर हवन पूजन संकल्प कर भगवान परशुराम का माल्यार्पण कर फूलवास कराया। पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने कहा भगवान परशुराम जी अमर अजर अवतार है। वो शास्त्र शस्त्र दोनो के ज्ञाता है। भगवान विष्णु ने भी कहा है 'मैं मानव में ब्राह्मण व बल में परशुराम हूं। उन्होंने कहा मेरा परम सौभाग्य है। आज 54 वीं भगवान परशुराम प्रतिमा स्थापित करने जा रहा हूं। 55 वीं दोस्तपुर जिला पलवल मे होगी। इस अवसर पर महन्त कलुआ भगत, पंडित पुरुषोत्तम शास्त्री, भवीचंद शास्त्री, करण पाराशर इंजीनियर, रामजीलाल सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

# लापरवाही : सर्दी में भी बीके अस्पताल के मरीज पानी को तरसे

कविता। फरीदाबाद

### अस्पताल में चल रहे मरम्मत के कारण मरीजों को रही है असुविधा



**बीके** सिविल अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण आए दिन मरीजों को विभिन्न तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जा रहे मरम्मत कार्यो के कारण मरीजों को अक्सर परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल में दवाओं के अभाव से भी मरीज रोज परेशान होते है। लेकिन रविवार को यहां भर्ती मरीजों के सामने एक बड़ी समस्या आकर खड़ी हो गई। मरीजों को न तो अस्पताल में पीने का पानी उपलब्ध हो सका न ही शौचालय में पानी मौजूद था। जिसके कारण उनका अस्पताल में रुकना भारी हो गया था। ऐसे में अस्पताल में मरीजों के तीमारदार या तो घरों से पानी लेकर पहुंचे या फिर उन्हें अपनी जेब ढीली करके मरीजों को पानी प्रिलाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**शौचालय में गंदगी का आलम :** बीके अस्पताल में रविवार को बिन पानी सब सून वाली कहावत सही साबित होती नजर आई। वार्डों में जहां एक तरफ पेजयल उपलब्ध नहीं था। वाटर कूलर में एक बूंद पानी नहीं थी। दूसरी तरफ यहां भर्ती मरीजों व उनके तीमारदारों ने बताया कि सुबह से उन्हें शौचालय में भी पानी नहीं मिला। जिसके कारण शौचालय में चारों तरफ गंदगी फैली नजर आई। वहीं कुछ मरीज तो बिस्तर छोड़ कर बीके अस्पताल के बाहर बने शौचालयों में जाते हुए नजर आए।

**नहीं हुआ समाधान :** हालांकि अस्पताल में तैनात वार्ड बॉय और सफाई कर्मचारियों ने इंचार्ज को कई बार फोन करके सूचना दी। लेकिन दोपहर दो बजे तक भी अस्पताल में पानी का प्रबंध नहीं हो पाया। जिसके कारण मरीजों को परेशानी होती रही। शिकायत करने के बावजूद मरीजों और तीमारदारों की परेशानी की तरफ किसी ने भी ध्यान नहीं दिया।

**उपलब्ध नहीं है पानी :** कर्मचारियों की माने तो आधे से ज्यादा अस्पताल भवन में पानी नहीं आ रहा है। वहीं अस्पताल में ऐसे स्थानों पर पानी मौजूद था, जो मरीजों की पहुंच से दूर था। अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में पानी उपलब्ध था। लेकिन वहां मरीजों और तीमारदारों के जाने पर प्रतिबंध है। वहीं प्रथम तल पर प्रसूति कक्ष के अंत में गैलरी की टैंकी में पानी आ रहा था। उसका इस्तेमाल भी मरीज व जच्चा नहीं कर सकती थी। ऐसे में उन्हें पेयजल के साथ शौचालय के पानी के लिए भी तरसना पड़ा।

# सिर पर चोट मारकर युवक की हत्या, पिता ने मृतक के दोस्तों पर जताया हत्या का शक

### सेक्टर 21 डी की ग्रीनबेल्ट पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था मृतक युवक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



शवगृह के पास खड़े मृतक के परिजन। इनसेट में इरफान का फाइल फोटो।

**सेक्टर 21** डी की ग्रीनबेल्ट पर शराब के ठेके से कुछ ही दूरी पर एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। इस बात का पता चलते ही उसका दोस्त घायल युवक को तुरंत अस्पताल ले गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों में युवक को मृत घोषित कर दिया।

पिता ने बेट के दोस्तों पर उसकी हत्या करने का संदेह जताया है। क्योंकि एक दोस्त मृतक को उसकी दुकान से बुलाकर अपने साथ ले गया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया। फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस संदेह के आधार पर उसके दोस्तों से पूछताछ कर रही है।

थाना एनआइटी में दर्ज मामले के मुताबिक बड़खल गांव निवासी अब्दुल करीम ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि उनका 35 वर्षीय बेटा इरफान पिछले करीब दस साल से किराने की दुकान चला रहा था। इरफान के परिवार में पत्नी के अलावा चार बेटियां और एक बेटा है। अब्दुल करीम का कहना है कि अन्य दिनों की तरह शनिवार की शाम को भी इरफान अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। उसी दौरान इरफान का दोस्त शोएब वहां पहुंच गया। बातचीत के बाद इरफान ने परिजनों को कुछ देर में लौटने की बात कही और शोएब के साथ शाम करीब पांच बजे निकल गया। करीब दो घंटे बाद परिजनों को पता चला कि शोएब, साहिब और हसीन इरफान को घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे हैं। मृतक के पिता अब्दुल करीम परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि इरफान को मृत घोषित कर दिया गया है। इरफान के दोस्तों ने परिजनों को बताया कि वह उन्हें घायल अवस्था में सेक्टर 21 डी की ग्रीनबेल्ट पर पड़ा हुआ मिला था। इरफान के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। दोस्तों द्वारा बताई जा रही बात परिजनों के गले नहीं उतर रही। क्योंकि इनमें शामिल शोएब ही इरफान को बुलाकर अपने साथ ले गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना एनआइटी की प्रभारी निरीक्षक सुनीता रानी का कहना है कि मृतक इरफान के सिर पर दोनों तरफ किसी भारी चीज से चोट मारने के निशान पाए गए है। मामले में दोस्तों की भूमिका संदिग्ध है। जल्दी ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# बिना मौसम बरसात भी कम नहीं कर सकी प्रदूषण



बरसात के कारण सड़को पर स्वयं को छाते से बचाकर गुजरते हुए सुरक्षाकर्मी और बरसात में भीगकर जाती महिला।

**फरीदाबाद।** मौसम के करवट लेने से रविवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और रुक-रुक कर बूंदाबांदी जारी रही। कुछ इलाकों में तेज बरसात भी रही। ठंडक बढ़ने से सड़कें खाली नजर आई। इसके बावजूद भी जिले का प्रदूषण कम नहीं हुआ। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार रविवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 346 दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग सात गुना अधिक है।

रविवार को जहां दिनभर रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। वहीं हवाएं भी चलती रहीं। इससे मौसम में ठंडक बनी रही। रविवार को अधिकतम तापमान में लगभग चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे। सुबह लगभग 10 बजे शहर के कुछ क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई। दोपहर 12 बजे फिर से बूंदाबांदी हुई जो शाम तक रुक-रुक कर जारी रही। दोपहर को करीब तीन बजे सूर्य निकला, लेकिन बरसात और बादलों ने कुछ देर बाद ही उसे छिपने को मजबूर कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा। सभांवना जताई गई है कि आने वाले दो से तीन दिनों तक तापमान इसी के आस-पास बना रह सकता है। बरसात के बावजूद जिले का एयर क्वालिटी इंडेक्स 346 दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग सात गुना अधिक है। सेक्टर 16 क्षेत्र में 350, सेक्टर 11 क्षेत्र में 301, सेक्टर 30 क्षेत्र में 389 व एनआईटी क्षेत्र में 343 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### चौथी राज्य रेस वाक चैंपियनशिप पांच फरवरी को सोनीपत में



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड के अनुसार चौथी हरियाणा राज्य रेस वाक चैंपियनशिप का आयोजन 5 फरवरी को आईएमटी खरखौदा (सोनीपत) में किया जाएगा और इस राज्य प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाडी एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के नियम अनुसार एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) के द्वारा आयोजित 14 फरवरी से 15 फरवरी तक दो दिवसीय दसवीं नेशनल ओपन रेस वाकिंग चैंपियशिप राँची (झारखण्ड) में हरियाणा राज्य की तरफ से भाग लेंगे। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि चौथी हरियाणा राज्य रेस वाक चैंपियनशिप में 20 किलोमीटर रेस वाक में पुरुष एवं महिला वर्ग भाग लेंगे,20 साल आयु वर्ग के लडके और लडकियां 10 किलोमीटर रेस वाक, 18 साल आयु वर्ग के लडके 10 किलोमीटर रेस वाक में और लडकी वर्ग 5 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में भाग लेंगी। राजकुमार मिटान ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 साल आयु वर्ग के एथलीट लडके 5 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में और लडकी 3 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने अपने जिलों के लिए पदक जीतने का कार्य करेंगी। एथलीट खिलाड़ियों के लिए विशेष संदेश: 20 साल आयु वर्ग लडका और लडकी में 16 फरवरी 2003 से 15 फरवरी 2007 तक जन्मतिथि वाले,18 साल आयु वर्ग लडका और लड़की 6 फरवरी 2005 से 5 फरवरी 2007 तक और 16 साल आयु वर्ग लडका और लड़की वर्ग में 6 फरवरी 2007 से 5 फरवरी 2009 तक की जन्मतिथि वाले रेस वाक एथलीट खिलाडी ही भाग लेंगे और सभी रेस वाक एथलीट खिलाडी अपने जन्म प्रमाण पत्र की आरिजनल कापी साथ में लेकर प्रतियोगिता स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

### समर्थ व्यक्तियों को जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए : नागर

**फरीदाबाद।** तिगांव विधायक राजेश नागर ने आज जरूरतमंदों को खेड़ी गांव में कम्बल वितरित किए। इस मौके पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि भाजपा सरकार हर जरूरतमंद तक विकास पहुंचा रही है। इस कार्य में हमारी अंत्योदय योजना काफी हद तक सफल हो रही है। विधायक राजेश नागर ने सैकड़ों लोगों को कंबल बांटे और उन्हें अपना ख्याल रखने की हिदायत दी। उन्होंने बहुत से लोगों से परिवार का हाल भी जाना। नागर ने बताया कि वह हजारों परिवारों को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं। उन्होंने सर्दियों में बचाव करने के लिए भी लोगों से अपील की। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार वास्तव में जनता सरकार है जिसका उद्देश्य अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक भी विकास को पहुंचाना है। सरकार ने भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की सभी तक पहुंच को साकार किया है और आपने भी सरकार का भरपूर सहयोग किया है। नागर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश नित नए कीर्तिमान रच रहा है। आज यहां बिना भेदभाव के कार्य हो रहे हैं जिससे आज एक गरीब से गरीब व्यक्ति का बच्चा भी अधिकारी बन रहा है, खिलाड़ी बन रहा है, पढ़ रहा है और आगे बढ़ रहा है। इससे पहले यहां पहुंचने पर विधायक राजेश नागर का स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र बिधूड़ी, वीरपाल नरवत, विजयपाल तेवतिया, अमित भारद्वाज, धर्म, उम्मेद सिंह, किशन, विजय पंडित सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### खंदावली में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बल्लभगढ़ ।** खंदावली गांव के सामुदायिक भवन में सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद ने जैस्ट अस्पताल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक डागर ने रिबन काट कर अपने कर कमलों से किया। इस अवसर पर समाजसेवी दीपक डागर ने कहा कि इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने से आमजन को बहुत फायदा मिलता है।आम आदमी की घर बैठे ही निशुल्क स्वास्थ्य जांच हो जाती है ओर दवाईयां भी उपलब्ध हो जाती है।नर सेवा ही नारायण सेवा है। इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक डागर ओर संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा का शिविर के मुख्य संयोजक पूर्व सरपंच निसार ने गांव की सरदारी के साथ फूल माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन स्वागत किया। शिविर की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने कहा कि जनहित सेवा संस्था का मुख्य उद्देश्य आपसी सहयोग से जरुरतमंद लोगों की सेवा करना है। इस तरह से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व निशुल्क नेत्र जांच शिविर संस्था समय -समय पर आपसी सहयोग से आयोजित करती रहती है। शिविर के मुख्य संयोजक पूर्व सरपंच निसार ने बताया कि इस तरह के निशुल्क शिविर समय -समय पर आपसी सहयोग से आयोजित करते रहते है।आज शिविर में 200 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर में मुख्य रूप से ईसीजी, ईको, बीपी, शुगर, थायराइड, कोलस्ट्रॉल जांच, सामान्य जांच, महिला विशेषज्ञ, ह्रदय विशेषज्ञ,जरनल फिजिशियन विशेषज्ञ ने लोगों की निशुल्क जांच कर दवाईयां वितरित की।

# प्रतियोगिताओं में परचम लहराने वाले युवाओं को किया सम्मानित



**बल्लभगढ़।** अपनी मेहनत और लगन के बल पर ऊंचे पदों पर चयनित होने वाले और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को बल्लभगढ़ परिवार की ओर से सम्मानित किया गया।

मलेरणा रोड स्थित कार्यालय पर विजेंद्र फौजदार के संयोजन में आयोजित सम्मान समारोह में ओलंपिक और एशियन खेलों में गोल्ड मेडल प्राप्त मनीष नरवाल, भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित मयंक फौजदार, आकाश तंबर को एयर फोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर, साक्षी रावत के कैग में अकाउंट ऑफिसर के पद पर चयनित होने के लिए सम्मानित किया गया। कमल के चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल करने पर सबरजीत सिंह फौजदार, सेक्टर 2 आरडब्लूए के पूर्व प्रधान सूबेदार पतराम, चंदावली किसान संघर्ष समिति के प्रधान किशन सिंह चहल, आरडब्लूए सुभाष कॉलोनी के प्रधान शैलेश राजौरा, आरडब्लूए संजय कॉलोनी के महासचिव जिले सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी विनोद डागर,गंगाराम तेवतिया, आरडब्लूए सेक्टर 64 के प्रधान सुरेश पंघाल सहित बल्लभगढ़ परिवार के अमरदीप शर्मा, चरण सिंह, कन्हैया लाल शर्मा, शिवकुमार, जगत सिंह राणा, महिला शक्ति की प्रधान पूनम सिनसिनवार, वीरेंद्र फौजदार, नेत्रपाल सिंह, नेम सिंह, बहादुर सिंह, राजेश फौजदार और ओमप्रकाश पांचाल सहित परिवार के अनेक सदस्यों ने होनहार बच्चों को सम्मानित किया।

# क्राउन प्लाजा ग्रेटर ने जीता आइकॉनिक लग्जरी होटल खिताब

### शानदार आतिथ्य और लज़ीज भोजन एवं पेय अनुभव के लिए जाना जाता है होटल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**होटल** क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा ने हाल ही में संपन्न हुए टाइम्स हॉस्पिटेलिटी आइकॉन अवार्ड्स में दिल्ली/एनसीआर में आइकॉनिक लग्जरी होटल का खिताब जीतकर एक और ताज अपने नाम किया। अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने होटल के महाप्रबंधक शरद के उपाध्याय को अवार्ड देकर सम्मानित किया।

क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा अपनी शानदार आतिथ्य और लज़ीज भोजन एवं पेय अनुभव के लिए जाना जाता है। प्रकृति और आधुनिकता से घिरे ग्रेटर नोएडा में स्थित, होटल आपकी सभी आतिथ्य आवश्यकताओं, चाहे व्यक्तिगत हों या पेशेवर सभी को पूरा करने के लिए सेवाओं की एक पूरी श्रृंखला प्रदान करता है।

इस मौके पर शरद के. उपाध्याय, महाप्रबंधक सीपीजीएन ने कहा, अपने काम के लिए सम्मान प्राप्त करना किसी भी व्यक्ति के लिए एक बड़ा इनाम है। हम सबसे प्रतिस्पर्धी उद्योगों में से एक हॉस्पिटेलिटी क्षेत्र का हिस्सा हैं, जहां आपको अपनी सेवाओं और नवाचार में शीर्ष पर रहने की आवश्यकता होती है, जबरदस्त प्रतिस्पर्धा के बीच यह सम्मान हमारे होटल के लिए खास है। हम दिल्ली/एनसीआर में आइकोनिक लक्ज़री होटल होने का सम्मान पाकर खुश हैं, यह हमारे सभी सहयोगियों का उत्साह बनाए रखने और आगे बढ़ने के लिए अद्भुत प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा, मैं अपने संरक्षकों, मेहमानों और दोस्तों को हम पर और हमारी सेवाओं पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, हम यहां उनकी वजह से हैं और उनके प्यार ने हमें यह पुरस्कार जीतने में मदद की है।

टाइम्स हॉस्पिटेलिटी आइकॉन अवार्ड्स सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटेलिटी का जश्न मनाते हैं और इस सेगमेंट में प्रतिष्ठित पुरस्कार हैं। इस गाला में दिल्ली/एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया, जिनमें; होटेलियर्स, शेफ, रेस्तरां आदि के महाप्रबंधक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशे की लत पूरी करने के लिए चुराई बाइक, पकड़ा गया



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर की टीम ने बाइक चोरी करने के आरोप में करण निवासी शिवदुर्गा विहार को गिरफ्तार किया है। शहर के शिवदुर्गा विहार से कुछ दिन पहले एक युवक की मोटर साइकिल चोरी हो गई थी। क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर ने सूचना दी थी कि उस चोरी की हुई बाइक को करण नाम का युवक किसी को बेचने की फिराक में है। टीम ने उसे प्रहलादपुर सूरजकुंड रोड से चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में करण ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के एटा जिले का रहने वाला है, फरीदाबाद में वह ऑटो चलाता है। नशे की लत पड़ने के कारण वह बाइक आदि चोरी का उन्हें बेचता है। क्राइम ब्रांच प्रभारी ने बताया कि करण पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उसे पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# जन समस्याओं के विरोध में पूर्व विधायक ने निकाला जुलूस



प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** क्षेत्र की पूर्व विधायक शारदा राठौर के नेतृत्व में राजीव कॉलोनी बल्लभगढ़ में जन समस्याओं को लेकर विरोध मार्च निकाला गया। विरोध मार्च में बड़ी संख्या में कॉलोनी वासियों ने भाग लिया और जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। इस विरोध मार्च में कुछ युवकों ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व बढ़ते अपराध को लेकर प्रतीकात्मक मुखोटे पहने हुए थे।

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए शारदा राठौर ने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है। समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है। बिना पैसे के लोगों के जायज काम भी नहीं हो पाते हैं। छोटे-छोटे कामों को लेकर गरीब आदमी सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाते रहते हैं। वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे हैं। खराब अर्थव्यवस्था के चलते लोगों की जेब में पैसा नहीं है। हर कॉलोनी में पढ़े-लिखे लोगों की फौज देखने को मिल जाएगी लेकिन नौकरी नहीं है। नौजवान कुंठा व निराशा का शिकार हो रहे हैं। राशन कार्ड कटने से गरीब आदमी बेहद व्यथित है। बुढ़ापा पेंशन कटने से बुजुर्ग पीड़ा में हैं।

गरीब जनता की व्यथा सुनने वाला कोई नहीं है। बल्लभगढ़ विधानसभा में पीने का पानी बहुत बड़ा मुद्दा है लेकिन इस समस्या को लेकर कोई काम नहीं हो रहा है। लोग खरीद कर पानी पीने को मजबूर हैं। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। हर तरफ कूड़े के ढेर देखे जा सकते हैं। नगर निगम को घोटाले करने से फुर्सत नहीं है। कानून व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। लोगों का विश्वास सरकार से उठ चुका है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं को लेकर हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक की हम इस सरकार को जड़ से ना उखाड़ दे।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय अरोड़ा, अश्वनी कौशिक, राजेंद्र चौहान, सोनू शर्मा, शिव कुमार भाटी, राजपाल, देवेंद्र त्यागी, सुखी यादव, विनोद वशिष्ठ, विजेंद्र सिंह, राव धर्मपाल, परवीन लोहिया, गजेंद्र सिंह अंकित, बालमोहन, कमला, सुमति बिट्ठू, सुरेंद्र कटारिया, संजय सोलंकी, पप्पू गोपाल बहल, ओमवीर, काले सिंह, राजू, शशि शर्मा, मनोहर, सिराजुद्दीन, कालिका, अभय झा, आसाराम व सुधीर सिंह उपस्थित थे।

# शिक्षकों के दायित्व विषय पर परिचर्चा आयोजित



वार्षिक पत्रिका स्वर्ण प्रभास का मुख्य अतिथि एवं प्रमुख शिक्षाविद के साथ विमोचन करते विभिन्न कॉलेजों के प्रिंसिपल।

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय ने भारतीय शिक्षण मंडल के साथ मिलकर नई शिक्षा नीति को लागू करने में शिक्षकों के दायित्व विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया। इस परिचर्चा में भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री बीआर शंकरानंद बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके साथ भारतीय शिक्षण मंडल, हरियाणा प्रांत अध्यक्ष डॉ जितेंद्र भारद्वाज, हरियाणा प्रांत मंत्री सुनील शर्मा एवं कार्यकारिणी के अनेक सदस्यगण मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में फरीदाबाद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से डॉक्टर कृष्ण कांत गुप्ता, प्राचार्य, अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़, डॉक्टर एम के गुप्ता, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद, और मोहना गवर्मेंट कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य के अतिरिक्त अनेक शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय शिक्षण मंडल के ध्येय वाक्य से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शंकरानंद ने अपने प्रभावपूर्ण संबोधन से समस्त शिक्षकों के मन में शिक्षा एवं शिक्षण के प्रति नया दृष्टिकोण, नया जोश एवं नई सोच जागृत की। उन्होंने अपने वक्तव्य में समस्त शिक्षकों को स्वयं को भगवान मानते हुए प्रत्येक छात्र को भगवान सदृश बनाने की सलाह दी।

# सरपंचों के अधिकारों पर कुठाराघात है ई-टेंडरिंग योजना : शर्मा

### कई गांवों के सरपंचों ने की पूर्व विधायक से मुलाकात, सौंपा ई-टेंडरिंग के खिलाफ ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



ई-टेंडरिंग योजना का विरोध जताते पूर्व विधायक व अन्य।

**हरियाणा** सरकार की ई-टेंडरिंग योजना को लेकर अब फरीदाबाद के सरपंचों ने भी विरोध करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को कई गांवों के सरपंचों ने पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा से उनके सीकरी स्थित कार्यालय पर मुलाकात कर अपना विरोध दर्ज करवाया और उन्हें ज्ञापन भी सौंपा।

सरपंचों ने आरोप लगाया कि ई-टेंडरिंग व्यवस्था पूरी तरह से गलत है और यह गांवों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का सीधे तौर पर अपमान है, जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा ने कहा कि वह भी ई-टेंडरिंग के पक्ष में कतई नहीं हैं। सरपंच गांव का एक चुना हुआ जनप्रतिनिधि होता है और उसके बाद गांवों की अनेकों समस्याएं होती है, ऐसे में मात्र दो लाख रूपए की राशि से वह क्या कर सकता है, इस राशि से गांव की सफाई तक नहीं होगी। सभी सरपंच पारदर्शी होते है और अपने अकाउंट सही रखते है, ऐसे में अगर अधिकारियों को उनके कार्यो पर कोई दिक्कत है तो वह उनकी जांच करें। 20 लाख से ऊपर के विकास कार्य पहले भी टेंडर के माध्यम से होते थे, अब इस प्रणाली में सरपंचों का कोटा घटाकर 2 लाख कर दिया है, जो गलत है। सरपंचों को विकास कार्यो के लिए साल में कम से कम 10-15 लाख रुपये मिलने चाहिए। कहा कि आज प्रदेश में हर व्यवस्था ऑनलाइन हो गई है। उन्होंने सरपंचों को विश्वास दिलाया कि वह इस मुद्दे को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर उनके समक्ष रखेंगे और उनसे सरपंचों को स्वतंत्र रूप से कम से कम 10 से 15 लाख रुपए की राशि विकास के लिए दिए जाने की मांग रखेंगे। विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरपंचों के पक्ष में ही फैसला लेंगे। इस अवसर पर गांव ततारपुर के नवनियुक्त सरपंच सुरेंद्र कुमार शर्मा, गांव देवली के सरपंच विजय राम, भगोला से राकेश वशिष्ठ, अखिल वशिष्ठ, संदीप कुमार, तोताराम सहित अनेक गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

पायनियर
हरियाणा, सोमवार, 30 जनवरी, 2023



# अच्छे व्यापार के लिए अच्छी सड़कों का होना भी जरूरी: सुधीर सिंगला

## सेक्टर-45 क्षेत्र में सड़क निर्माण के उद्घाटन अवसर पर कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सेक्टर-45 में सड़क निर्माण कार्य शुरू कराते विधायक सुधीर सिंगला।

**विधायक** सुधीर सिंगला ने रविवार को सेक्टर-45 क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस सड़क पर 11 लाख रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि बेहतर परिवहन सुविधा के लिए सड़कों की जरूरत होती है।

अगर सड़कें दुरुस्त नहीं होंगी तो हर तरह से हमारे काम प्रभावित होंगे। व्यापार प्रभावित होगा। इसलिए सड़कों का सुधारीकरण जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार ने बाकी इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने के साथ सड़कों का भी काफी सुधार किया है। देश-प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा दिया है। केंद्र सरकार के बड़े प्रोजेक्ट में गुरुग्राम की हमेशा ही भागीदारी रही है। यहां से दूसरे राज्यों के लिए एक्सप्रेस-वे की शुरुआत होना यहां की कीमत को बढ़ाता है। गुरुग्राम के राजीव चौक से शुरू होकर वडोदरा तक बनाया जा रहा एक्सप्रेस-वे भी यहां के विकास को नये आयाम देता है। जैसे-जैसे इस पर काम पूरा होता जाता है, वैसे ही इसका परिचालन किया जा रहा है। सोहना तक यह पूरी तरह से तैयार हो चुका है। अब गुरुग्राम से सोहना के बीच की दूरी मात्र 20 मिनट के सफर की रह गई है, यह बड़ा बदलाव है। विधायक ने कहा कि यह सब डबल इंजन की सरकार से संभव हो पाया है। पहले की सरकारों में सड़कों को रामभरोसे छोड़ दिया जाता था। इसका उदाहरण केएमपी एक्सप्रेस-वे है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसका काम पूरा कराकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उद्घाटन करवाया। इसी तरह से और भी बहुत सी सड़कों, हाइवे, एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य जोरों पर है। सड़क परिवहन को सुलभ बनाने की दिशा में लगातार काम चल रहा है। इस अवसर पर पार्षद पति अनिल आरती यादव, सुभाष सिंगला, मनीष वजीराबाद, सुनील मेंबर, दलबीर सिंह, विनोद दहिया, मनदीप सिंह, गगनदीप किलहौड़, रमनदीप, विजय कुमार, सतीश व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# गेंहू और सरसों की फसल पर सोना बनकर हुई बारिश

**सोहना।** रविवार को रुक रुक कर हुई बारिश ने किसानों के चहरे पर मुस्कान ला दी है। किसानो ने बारिश को गेहूं और सरसों की फसल के लिए सोने पे सुहागा बताया। रविवार की सुबह 9 बजे शुरू हुई हल्की बारिश पूरे दिन होती रही। किसान गेहूं और सरसों की फसल के अच्छे पकाव के लिए इस प्राकृतिक पानी को अच्छा बता रहे है। गांव सरमथला निवासी किसान नरेश का कहना है कि रुक रुक कर होने वाली बारिश फसल की जड़ में बैठती है। ऐसी बारिश का पानी फसल की कौत में बैठता है। जिससे फसल तेजी से बढ़ती है। गेहूं की फसल का पौधा तेजी से बढ़ता है और उसमें आने वाली बाली मोटी होती है। जिसका दाना सही पकता और वजनदार होता है।



रविवार को हुई बारिश में लहराती गेहूं की फसल।

> “इस प्रकार की बारिश रबी की फसलों के लिए सोने पे सुहागा होती है। किसान इस बारिश का इंतजार कर रहा था। अभी मौसम मंगलवार तो ऐसा ही रहने की संभावना है।
>
> **अरुण सोलंकी खंड अधिकारी कृषि विभाग**

**पानी और खाद की बचत :** बारिश होने से गेहूं की फसल में किसान को पानी कम लगाना होता है। किसान देवेन्द्र का कहना है कि सरसों की फसल में चैपा, कीड़ा नहीं लगता है। इस बार किसान खाद न मिलने से अपनी फसल को लेकर चिंतित था लेकिन यह बारिश फसल को खाद से भी ज्यादा फायदा पहुंचाएगी। उन्होंने बताया कि एक दो दिन बारिश होने से फसल को काफी लाभ होगा। जिससे सर्दी की ठिठुरन बढ़ेगी तो गेहूं की फसल के लिए तापमान अच्छा रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्कार विहीन समाज नहीं बना सकता अच्छा राष्ट्र



भारत विकास परिषद की नई एकलव्य शाखा के शपथ ग्रहण समारोह में सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** भारत विकास परिषद की लाल बहादुर शाखा के मुख्य संरक्षक बोधराज सीकरी ने कहा कि संस्कार विहीन समाज अच्छा राष्ट्र नहीं बना सकता। इसके लिए उसे संस्कारवान बनना पड़ेगा। अपनी पीढ़ियों को भी अच्छे संस्कार देने होंगे। वे रविवार को भारत विकास परिषद की नई एकलव्य शाखा के शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। श्रीशक्ति मंदिर प्रांगण में आयोजित इस समारोह में उन्होंने कहा कि सेवा तो बहुत सारी संस्थाएं करती हैं, लेकिन भारत विकास परिषद के द्वारा जो सेवा के कार्य चलाए जा रहे हैं वे समाज के लिए उदाहरण बने हैं। उन्होंने बताया कि भारत विकास परिषद् गुरुग्राम ने विस्तार में एक और कदम बढ़ाते हुए पालम विहार में एक नई शाखा का गठन किया। इस शाखा के अध्यक्ष अमित गुजराल सचिव आदित्य पांडे, कोषाध्यक्ष विकास रस्तोगी को शपथ दिलाई गई। साथ ही 51 अन्य सदस्यों ने शपथ ली। कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष विनीत गर्ग ने परिषद् की देश भर में चल रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला। जेटेक्ट इंडिया के निदेशक सुधीर चोपड़ा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भारत विकास परिषद् उनके जीवन एवं विचारों को समाज तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूरण चंद लोहचब, विनोद शर्मा, राजकुमार अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने सास्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। कार्यक्रम सरपंच विवेकानंद तिवारी ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, प्रांतीय महासचिव डा. आरबी यादव, कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, संगठन सचिव अरुण अग्रवाल, जिला समन्वयक ऋषि अग्रवाल, सह-समन्वक देवी प्रसन्न गोयल, प्रदीप जैन, विजय अग्रवाल, आरडी गर्ग, प्रदीप शर्मा समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

### जनसम्पर्क में सरपंच सुंदर लाल को मिल रहा समर्थन



**गुरुग्राम।** आपका बेटा-आपका भाई आपके द्वार जनसम्पर्क अभियान के माध्यम से मानेसर नगर निगम क्षेत्र के गांवों में पहुंच रहे सरपंच सुंदर लाल यादव को भरपूर आशीर्वाद और जनसमर्थन मिल रहा है। बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करते हुए उससे पांव छूकर आशीर्वाद लेना और युवाओं के साथ घुल-मिलकर रहना उनकी लोकप्रियता को बढ़ा रहा है। मानेसर नगर निगम के चुनावों को लेकर सरपंच सुंदर लाल यादव ने आपका बेटा-आपका भाई आपके द्वार जनसम्पर्क अभियान शुरू किया गया है। इसी के तहत वे गांव खोह में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ लक्ष्मण सरपंच नखडोला, विजयपाल सरपंच नाहरपुर, हरजस सरपंच रामपुरा आदि का गांव के बुजर्गों, युवाओं ने स्वागत किया। गांव की तरफ से तेजू नंबरदार, ब्रह्मप्रकाश, कृष्ण यादव, दिनेश यादव, प्रदीप यादव, संदीप, प्रवीन, विरेंद्र, सतीश आदि ने उनका स्वागत किया। ग्रामीणों की ओर से मिले मान-सम्मान का धन्यवाद करते हुए सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि इस सम्मान को वे सदा बरकरार रखेंगे। मानेसर नगर निगम क्षेत्र में आने वाले हर एक गांव का समुचित विकास, सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनके एजेंडे में है। इससे पहले बतौर सरपंच उन्होंने एक गांव के विकास पर पूरा जोर लगाया। आगे वे मानेसर नगर निगम के सभी गांवों के विकास को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता क्षेत्र के विकास को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। बतौर विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि उनका मार्गदर्शन उन्हें भी मिल रहा है। हम सबकी प्राथमिकता क्षेत्र का समग्र विकास है। इसी उम्मीद से वे आमजन के बीच जा रहे हैं कि भविष्य में होने वाले नगर निगम चुनावों में उन्हें अपना पूर्ण समर्थन दें।

### यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरुक



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता के लिए रविवार को लेजरवैली पार्क क्षेत्र में यमराज बने कलाकार के साथ लोगों को जागरूक किया। सुबह 7 बजे से 9 बजे तक जागरुकता का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शहरवासियों को हेल्थ चेकअप और योगा के साथ सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए अनुरोध किया गया, ताकि यात्रा को सुरक्षित व सुगम बनाया जा सके। इस दौरान रात्रि के समय होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए। आमजन का फ्री हेल्थ चेकअप, योगा, जिम्नास्टिक, डांस व कल्चरल प्रोग्राम आदि मनोरंजक कार्यक्रमों द्वारा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एसीपी यातायात ईस्ट अशोक कुमार, यातायात इंस्पेक्टर नीरज कुमार, एएसआई राजेश व ट्रैफिक पुलिस के अन्य कर्मचारियों सहित रोड सेफ्टी ऑफिसर जगदीप बवेजा, अरविंद सिंगला, वेदांत कौशल, तरुण, साहिल सैनी, कपिका दीवानी, मधु बेरी, अचल यादव, अनिल जेटली, प्रिंस बत्रा, सुनील सुखीजा व बिजेंदर आदि अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मजबूती से लड़ेंगे गुरुग्राम, मानेसर व फरीदाबाद के निगम चुनाव



गुरुग्राम में फरीदाबाद, पलवल, नूंह, रेवाड़ी गुरुग्राम और महेंद्रगढ़ के कार्यकर्ताओं की बैठक में मंचासीन आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य डा. सुशील गुप्ता राष्ट्रीय महा संगठन मंत्री एवं राज्यसभा सदस्य डा. संदीप पाठक व वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

## देश को अच्छी राजनीति अरविंद केजरीवाल की देन

## आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासंगठन मंत्री डॉ. संदीप पाठक पहुंचे गुरुग्राम

**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महा संगठन मंत्री एवं राज्यसभा सदस्य डा. संदीप पाठक ने कहा कि देश को अच्छी राजनीति अरविंद केजरीवाल की देन है। विकसित देशों में राजनीति अच्छी है, वहीं अविकसित देशों में राजनीति खराब है। किसी देश की राजनीतिक व्यवस्था ही उस देश की तरक्की तय करते हैं। वे रविवार को गुरुग्राम में फरीदाबाद, पलवल, नूंह, रेवाड़ी गुरुग्राम और महेंद्रगढ़ के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने कार्यकर्ताओं को कहा कि हमें अरविंद केजरीवाल की अच्छी राजनीति को एक-एक घर और एक एक व्यक्ति तक पहुंचाना है। हमारी यात्रा आज से शुरू हो रही है और शपथ लेने के बाद खत्म होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठन का पुनर्निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी भाई-भतीजावाद नहीं होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए नहीं, बल्कि जीतने के लिए लड़ा जाएगा।

जितनी ताकत गुजरात ओर पंजाब में लड़ने के लिए लगाई थी, उससे 10 गुना शक्ति हरियाणा के चुनाव में लगाई जाएगी। आम आदमी पार्टी हरियाणा का हर चुनाव लड़ेगी, गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद के निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी अपने मजबूत उम्मीदवार उतारेगी।

**संगठन को बनाया जा रहा है मजबूत:** डा. सुशील गुप्ता प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सदस्य डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने की दिशा के काम जारी है। जल्द ही संगठन में पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आने वाले हर चुनाव में अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। 2024 के विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज कर आम आदमी पार्टी सरकार बनाएगी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि अगर देश के लिए काम करना है तो निस्वार्थ भाव से काम करना पड़ेगा, स्वयं को देश के लिए न्यौछावर करना पड़ेगा। अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने मात्र 6 माह की मेहनत से गुजरात चुनावों में 41 लाख वोट हासिल किए और राष्ट्रीय पार्टी बनी।

# दोहन करने के साथ प्रकृति का हमें संरक्षण भी करना चाहिए : प्रताप सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्था द्वारा लगाया गया जांच शिविर



मियांवाली कालोनी में सीनियर सिटीजन क्लब की ओर से अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

**यहां** मियांवाली कालोनी में सीनियर सिटीजन क्लब की ओर से राजकुमार राव की अध्यक्षता में अंतराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्था द्वारा आयोजित किया गया। इस कैंप में लोगों का प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से उपचार किया गया। संस्था की अध्यक्ष वीणा गोराई के सहयोग से यह शिविर संपन्न हुआ।

यहां मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रांत संघ चालक हरियाणा प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथियों में कैनविन फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. डीपी गोयल, समसृद्धि नेचुरोपैथी एवं योग केंद्र से सीएमओ डा. शालू गुप्ता, एक्युप्रेशर विशेषा डॉ. विवेक दत्त, शिवानंद योग केंद्र से निदेशक पूर्णचंद, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष पूरण यादव लोहचब व सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश भारद्वाज ने शिरकत की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रांत संघ चालक हरियाणा प्रताप सिंह ने जीवन जीने की शैली से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हम प्रकृति के साथ जितना ज्यादा मिलकर रहेंगे, उतने ही हम ज्यादा स्वस्थ रहेंगे।

प्रकृति का हम दोहन करते हैं तो हमें प्रकृति का संरक्षण भी करना चाहिए। वनों की संख्या हमें बढ़ानी चाहिए। खाली जगहों पर पेड़ लगाकर पर्यावरण सुधारना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डा. डीपी गोयल ने प्रकृति के साथ नेचुरल जीवन के आधार पर अपने विचार रखते हुए भविष्य में इस प्रकार के मेडिकल कैंप लगाने का विचार रखा। अपनी संस्था कैनविन के द्वारा भी इस प्रकार के कार्यक्रम करने एवं अन्य लोगों का सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि समाज और प्रकृति को हम जितना अधिक समय दे सकें, उतना कम है। प्रकृति में सुधार करके हम समाज को बेहतर तोहफा दे सकते हैं।

डॉ. शालू गुप्ता ने नेचुरोपैथी पर समझाया कि हम कैसे प्रकृति के साथ अपना खान-पान का मेल मिलाएं, जिससे हम स्वस्थ रह सकते हैं। इसी प्रकार डॉ. पूरण चंद योगाचार्य ने योग के टिप्स बताकर हास्य के द्वारा कैसे अपने आप को प्रसन्न रखने का ज्ञानवर्द्धन किया। डॉ. विवेक दत्त ने एक्यूप्रेशर के बारे में बताया। सभी मेहमानों को सीनियर सिटीजन कल्ब के सदस्यों द्वारा मोमेंटो और पटके देखकर सम्मानित किया गया। राजकुमार राव ने अध्यक्षता के साथ स्टेज संचालन का कार्य भी किया। कार्यक्रम में मंजू शर्मा गुरुग्राम अध्यक्ष पतंजलि योग संस्थान, पूनम गुप्ता, उत्तम चंद गुप्ता, बाबूलाल शर्मा, वीके पाल, सुभाष चंद गुप्ता, सतीश कुमार जैन, रामप्रसाद जांगड़ा, वीरेंद्र सिंह राठी, गगन गोयल, सुभाष खंडुजा, वीरेंद्र यादव, हीरालाल, बलजीत यादव लाज कक्कड़, रामकली, दीपा गुप्ता, रेखा, विनोद मित्तल, योगाचार्य घनश्याम, डा. रजनी तोमर, गुप्ता रामाजी, अर्जता, नीलम और प्रीति आदि ने भाग लिया।

# विधायक के हाथों स्कूली बच्चों को मिला फर्नीचर

## गीता भवन एसडी मॉडर्न स्कूल में रोटरी क्लब ने दिया फर्नीचर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गीता भवन एसडी मॉडर्न स्कूल में रोटरी क्लब की ओर से फर्नीचर भेंट करने के कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते स्कूल व क्लब के सदस्य।

**रोटरी** क्लब की ओर से न्यू कालोनी स्थित गीता भवन एसडी मॉर्डन स्कूल में विधायक सुधीर सिंगला के हाथों फर्नीचर वितरण कार्य कराया गया। विधायक सुधीर सिंगला ने इसे नेक कार्य बताते हुए सामाजिक संस्थाओं से आग्रह किया कि वे ऐसे ही सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाते रहें।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में हमारे बच्चों के भविष्य के रूप में देश का भविष्य तैयार होता है इसलिए जरूरी है कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ उचित इंफ्रास्ट्रक्चर भी शिक्षण संस्थानों में मिले। उन्होंने निजी संस्थाओं से आग्रह किया कि वे इस नेक कार्य में आगे आकर बच्चों का भविष्य संवारने का काम करें। उन्होंने यह भी कहा गुरुग्राम में अनेक स्कूल ऐसे हैं, जो कि यहां की मेहनती संस्थाएं चला रही हैं। स्कूल में बच्चों को गुणवत्ता की शिक्षा देने में कोई समझौता ना करें। बेहतर शिक्षा से ही हम नए भारत का निर्माण कर सकते हैं। स्कूली स्तर पर दी गई शिक्षा और संस्कार ही बच्चे के जीवन को सुगम बनाते हैं। उन्होंने अध्यापकों से यह भी आग्रह किया कि शिक्षा के साथ संस्कार, नैतिक शिक्षा का पाठ बच्चों को जरूर पढ़ाएं। इस परोपकार के कार्य के लिए विधायक सुधीर सिंगला ने रोटरी क्लब के ब्रिगेडियर दिनेश चोपड़ा, एसके खुल्लर, मनीष खुल्लर, संजीव, यूबी ग्रोवर, डा. सविता चोपड़ा के अलावा रोटरी क्लब के अन्य सदस्य, सनातन सभा के सदस्य व स्कूल का स्टाफ, रोटरी के वरिष्ठ सदस्य पार्षद सुभाष सिंगला मौजूद रहे।

# पंप ऑपरेटर की लापरवाही के कारण नागरिक आपूर्ति में गंदा पानी पीने को मजबूर



सोहना के वार्ड 13 में हो रही पेयजल आपूर्ति लाइन पर लगा वाल्व गंदे पानी के गड्ढे में लगा है।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के वार्ड 13 के निवासी पेयजल आपूर्ति में आ रहा गंदा पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं। पाइप में गंदा और दूषित पानी आने के लिए वार्ड के निवासी जनस्वास्थ्य विभाग के पंप ऑपरेटर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं।

शहर के वार्ड 13 की पहाड़ कॉलोनी के करीब 100 से 150 घरों में करीब 20 दिन से गंदे पेयजल आपूर्ति हो रही है। स्थानीय नागरिक उक्त गंदे पानी को पीना तो दूर अपने कपड़े तक नहीं धो रहे हैं। उन्हे डर है कि कहीं पानी भरने के लिए लगाई गई बिजली की मोटर खराब न हो जाए। स्थानीय निवासी पप्पू का कहना है कि सप्लाई का गंदा काली मिट्टी युक्त होता है। बरतन में भरने के बाद मिट्टी तलहटी में जम जाती है। आशंका जताई कि सप्लाई के पानी में नालियों का पानी भी मिलकर आ रहा है। सुभाष का कहना है कि कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति की लाइन पर लगा वाल्व गड्ढे के अंदर है। उक्त गड्ढे में कूड़ा कचरा के साथ नालियों का पानी भी जमा रहता है। वाल्व गंदे पानी में डूबा है जिससे संभवता लीकेज के कारण गंदा पानी सप्लाई के दौरान घरों में पहुंच रहा है।

कॉलोनी के करण सिंह का कहना है कि पंप ऑपरेटर यह सब जानते हुए वाल्व को ऊपर नहीं उठा रहा है जिससे गंदा पानी उस तक नहीं पहुंच सके। वह सुबह शाम पानी की सप्लाई छोड़ने के दौरान वाल्व को खोलता व बंद करता है। ऑपरेटर पर कॉलोनी वासियों की जिन्दगी से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। सभी की मांग है कि यह वाल्व को सुरक्षित स्थान पर लगाया जाए।

> यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। जिसकी जांच के आदेश जारी कर दिए है। उक्त समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। पंप ऑपरेटर की लापरवाही साबित होने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **खुर्शीद अहमद जेई जनस्वास्थ्य विभाग**

# शहरी-ग्रामीण क्षेत्र को पेयजल व सीवर लाइन से जोड़ेगा जनस्वास्थ्य विभाग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**जनस्वास्थ्य** विभाग ने नगर परिषद सीमा क्षेत्र में आने वाले 11 गांव समेत शहरी क्षेत्र की सभी कॉलोनियों को पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन से जोड़ने की योजना पर कवायद शुरू कर दी है। संभावना जताई जा रही है कि यह योजना अप्रैल से शुरू होने जाएगी। मास्टर प्लान 2031 के तहत शहरी क्षेत्र में बढ़ती कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों के साथ नगर परिषद सीमा क्षेत्र में आने वाले 13 में से 11 गांवों को जल्द ही पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा।

> राज्य सरकार की योजना के अनुसार सभी आवासीय कॉलोनियों को पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा ताकि एक भी घर पेयजल और सीवर लाइन सुविधा से छूट न जाए। योजना का सर्वे करवाने के बाद राज्य सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।
>
> **ओमप्रकाश सिंह, एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग**

इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए, जनस्वास्थ्य विभाग ने वर्तमान के आबादी क्षेत्र के अनुसार 324 करोड़ रुपये का बजट खर्च होने की आशंका जताई है। योजना की कवायद शुरू करते हुए शहर की तमाम कॉलोनियों से लेकर शहर के पुराने और नये आवास क्षेत्र में सर्वे का कार्य को शुरू कर दिया है। पुरानी आबादी वाले क्षेत्र के मोहल्लों की एक-एक गली सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में एक से डेढ़ माह का समय लगेगा। जिस पर कार्य नये सत्र की शुरुआत में बजट पारित होने पर ही शुरू होगा।

**योजना में दो नये बूस्टर पंप बनेंगे** : उक्त योजना में केन्द्र सरकार की हर घर को जल तथा नल से योजना के आधार पर सर्वे किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में दो नये बूस्टर पंप बनाने की योजना है ताकि ऊंचाई वाले स्थानों पर भी पेयजल की आपूर्ति आसानी से हो सके। एक भी घर पेयजल आपूर्ति से अछूता न रहे।

**दो गांवों में कार्य पूरा :** जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के दावों के अनुसार परिषद के गांव रायपुर और जखोपुर में पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन बिछा दी गई है। जखोपुर में सीवर लाइन का कार्य एक या दो स्थानों पर अधूरा है। जल्द ही रुके हुए कार्य को पूरा कराया जाएंगे।

# भोजन के बहाने ओबीसी कार्यकर्ताओं को मजबूत बना रही बीजेपी

## गुरुग्राम में ओबीसी बाहुल्य बूथों को चिह्नित करने में जुटी भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



मानेसर मंडल में ओबीसी मोर्चा के हरियाणा प्रभारी गजेंद्र यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**ओबीसी** कार्यकर्ताओं को मजबूत बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा दी है। रविवार को गुरुग्राम के 11 मंडलों में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का प्रवास रहा। इस दौरान उन्होंने गुरुग्राम में ओबीसी बाहुल्य बूथों को चिह्नित करने का काम किया। आगामी समय में होने वाले नगर निगम चुनावों की एक तरह से यह तैयारी है। हर मंडल में ओबीसी कार्यकर्ता के घर पर राष्ट्रीय नेताओं ने भोजन किया।

फरूखनगर में पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदू लाल साहू, खेड़की दौला में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बेलभाई कांजीभाई मसानी, बादशाहपुर में पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सागर रायका, नवीन मंडल में सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता का प्रवास रहा। इसके अलावा डूंडाहेड़ा मंडल में राष्ट्रीय महामंत्री निखिल आनंद, दयानंद मंडल में राष्ट्रीय मंत्री रघुपाल सूवर्णा, सरस्वती मंडल में राष्ट्रीय मंत्री कृष्ण महतो, अर्जुन मंडल में राष्ट्रीय मंत्री राष्ट्रीय आईटी प्रमुख राहुल नागर व अजय सहरावत, शीतला मंडल में राष्ट्रीय मंत्री रशपाल वर्मा, मानेसर में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी गजेंद्र यादव, सोहना में प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र सैन का प्रवास रहा।

पूर्व मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष करणदेव कांबोज के मुताबिक प्रवास के दौरान राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। साथ ही पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने मंडल में ओबीसी बाहुल्य बूथों को चिह्नित करने का काम करें। इसके साथ-साथ जो ओबीसी के की-वोटर हैं, उनकी एक सूची बनाई जाए तथा उनको भाजपा से जोड़ा जाए।

पूर्व मंत्री कांबोज ने कहा कि प्रवास के दौरान राष्ट्रीय नेताओं ने पदाधिकारियों को पन्ना समिति बनाने, पार्टी का सहयोग करने और हर पन्ना समिति में अपने कम से कम एक ओबीसी कार्यकर्ता को शामिल करने का काम करें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने अपने-अपने मंडल में स्थित ओबीसी वोटरों की बैठक भी ली और उनका भाजपा से जुड़ने का आह्वान किया।

# बूंदाबांदी से गेहूं को फायदा तो सरसों को नुकसान की आशंका

## जिले में बूंदाबांदी के कारण तापमान में गिरावट, बढ़ी ठंड

## रविवार को दिनभर रुक-रुक कर होती रही हल्की बारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू



**रविवार** सुबह हुई बूंदाबांदी से मौसम बदल गया। दिनभर रुक-रुककर हुई बूंदाबांदी से ठंडक बढ़ गई। वहीं इस हल्की बारिश का असर फसलों पर भी पड़ा है। बारिश ने गेहूं को लाभ पहुंचाया तो सरसों की फसल में नुकसान की संभावना है। कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक बारिश का रबी की फसल को काफी लाभ मिला है। अभी भी घने बादल छाए हुए हैं और रुक-रुक कर बूंदाबांदी का दौर चल रहा है। हालांकि अभी किसान आस लगाकर बैठे हैं कि अधिक बारिश होगी तो अधिक फायदा होगा। गत शनिवार को दिन में मौसम साफ रहा, लेकिन रात में मौसम ने अचानक करवट ले ली और आसमान में बादल छा गए तथा रविवार सुबह से ही बूंदाबांदी होने लगी। ये हल्की बारिश रविवार दिनभर रुक-रुक कर होती रही। बूंदाबांदी के कारण तापमान में गिरावट आ गई। मौसम ठंडा हो गया और एकदम से ठंडक बढ़ गई। किसान इसराइल नंबरदार, यूनूस नंबरदार, हारून, जमालुदीन, सगीर, निसार, हाजी खान मोहम्मद, हाजी अयूब, अख्तर अली, जब्बार खान, हासिम, हसन मोहम्मद, असगर, यासीन, हाजी नूरदीन का कहना बरसात से किसानों को काफी राहत मिली है। खासकर बरसात से सबसे ज्यादा गेहूं, चना व जौ की फसल को अधिक लाभ मिला है। इस समय हुई बरसात रबी की फसल के लिए किसी अमृत से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि सरसों की अगेती फसल को इससे नुकसान की संभावना भी है। जिन किसानों ने सरसों की फसल की बुवाई देर से की थी। उस सरसों की फसल में बरसात से फायदा रहेगा। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक बारिश के पानी में नाइट्रोजन की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। नाइट्रोजन पौधे को मिलने से पौधे में विकास होता है। यह रबी की फसल के लिए ज्यादा उपयोगी है।

### हल्की बारिश से ही ताबडू में बिजली रही गुल, परेशान

**तावडू।** उपमंडल में हल्की बूंदाबांदी ने बिजली विभाग के 24 घंटे बिजली आपूर्ति जारी रखने के दावे की पोल खोल कर रख दी है। रविवार प्रातः हल्की बरसात शुरू होते ही ग्रामीण फीडरों पर बिजली की आंख मिचौली शुरू हो गई। लाइनों पर बार-बार बिजली ट्रिपिंग की वजह से दिन भर बिजली उपभोक्ता परेशान रहे तो कई गांवों में शाम तक बिजली के दर्शन नहीं हुए। जिसकी वजह से उपभोकताओं में बिजली विभाग के प्रति रोष है। रविवार रात क्षेत्र में मौसम बदल गया। सुबह होते ही हल्की बूंदाबांदी होने लगी। इसके साथ ही बिजली की ट्रिपिंग जारी हो गई। जो देर शाम तक रही।

#### सबसे अधिक समस्या रही इन फीडरों पर

**ग्रामीण** क्षेत्रों में हल्की बारिश व हवाओं में बिजली गुल होना मानो स्थाई समस्या बन गई है। बिजली विभाग सुधार की बात कह कर सप्लाई व्यवस्था को बेहतर करने की बात तो करता है, लेकिन समस्या और गहराती जा रही है। हल्की बारिश के बाद ही घंटों तथा कभी-कभी रात भर के लिए बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। सबसे अधिक समस्या सालाका, सिलखो, रानियाकी ग्रामीण फीडरों पर रहीं।

#### दिनभर रही बिजली की आंख मिचौली

**इन** फीडरों से जुड़े दर्जनभर से अधिक गांवों के पंचायत जनप्रतिनिधियों ने बताया कि रविवार पूरे दिन बूंदाबांदी के कारण ग्रामीण क्षेत्र में दिनभर बिजली की आंख मिचौली जारी रही। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ी है।

# अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी पुरस्कारों के लिए करें आवेदन

**मेवात।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी सुमन मलिक ने बताया है कि खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा 01 अप्रैल 2021 से 31 दिसंबर 2022 के दौरान की खेल उपलब्धियों के लिये अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने हेतू आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

उन्होंने बताया कि पात्र खिलाडी नकद पुरस्कार हेतू आवेदन पत्र जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय स्थान नजदीक बीएसएनएल आफिस व बैडमिंटन हॉल में 31 जनवरी तक आवेदन पत्र जमा करें। अन्तिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र का नमूना विभाग की वेबसाइट हरियाणास्पोर्टस.जीओवी.इन पर उपलब्ध है। विभाग के द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र खिलाड़ी द्वारा साफ तथा सुन्दर लिखाई में भरने उपरान्त उसके साथ खिलाड़ी की उच्चतम उपलब्धियों की सत्यापित छाया प्रति, सत्यापित खिलाड़ी का खाता नम्बर जो कि बैंक द्वारा सत्यापित किया हो, आधार नंबर, पैन नंबर, खिलाड़ी का रिहायशी प्रमाण पत्र, परिवार पहचान की छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अति आवश्यक हैं। यह भी एफिडेविट दिया जाना आवश्यक है कि खिलाड़ी डोपिंग में पाजिटिव न पाया हो।

# मौसम ने ली करवट, ठंड बढ़ने से फिर जले अलाव

## ठंड तथा बरसात के चलते बहुत कम लोग घरों से बाहर निकल पा रहे

## किसान को बारिश से लाभ होने की खुशी है तो ओलों की आशंका से अटकी है सांस

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात





**मौसम** ने एक बार फिर अचानक करवट ली है। कई दिन अच्छी धूप खिलने के बाद रविवार को मौसम पूरी तरह बदल गया। रविवार को आसमान से न केवल हल्की-हल्की बूंदे गिर रही हैं बल्कि आसमान में पूरी तरह से बादल छाए हुए हैं। रही-सही कसर तेज और ठंडी हवा पूरी कर रही है। जिसकी वजह से एक बार फिर ठंड ने दस्तक दे दी है। ठंड तथा बरसात के मौसम के चलते बहुत कम लोग घरों से बाहर निकल पा रहे हैं। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग ने कई दिन पहले भविष्यवाणी की थी कि रविवार तथा सोमवार को दो दिन मौसम करवट ले सकता है। कहीं हल्की बरसात तो कहीं भारी बरसात के अलावा ओलावृष्टि राज्य के कुछ जिलों में हो सकती है। उसका असर पूरी तरह से रविवार को देखने को मिला। भले ही क्षेत्र में हल्की बरसात हुई हो, लेकिन इस मौसम को गेहूं की फसल के लिए सबसे लाभकारी माना जा रहा है।

इलाके में अगर बरसात हुई तथा कुछ अगले दिन तक कड़ाके की ठंड रही तो गेहूं की फसल के उत्पादन में अच्छा खासा लाभ हो सकता है। किसान को बस इस मौसम में ओलावृष्टि का खतरा सता रहा है। अगर बरसात हुई तो किसानों के लिए सोने पर सुहागा साबित हो सकती है।

# बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना : दो दिन और ले सकेंगे लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**बिजली** बिल सरचार्ज माफी योजना का लाभ उपभोक्ताओं को बिजली वितरण निगम द्वारा निरंतर दिया जा रहा है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना 31 जनवरी 2023 तक बढ़ा दी गई है। यह योजना 31 दिसंबर 2022 तक थी जिसे बढ़ाया गया है। अनेक बिजली उपभोक्ता अभी भी अपने बकाया बिलों का भुगतान करना चाहते हैं, उन्हें यह अवसर दिया जा रहा है। बकायादार उपभोक्ता 31 जनवरी से पहले इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सभी ऑपरेशन कार्यालय रविवार अवकाश के दिन भी खुलेंगे। बिजली बिलों की सरचार्ज माफी योजना और बकाया राशि की वसूली के सभी लंबित कार्यों के अनुपालन के लिए 29 जनवरी को कार्यालय खुले रहेंगे।

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ सभी कनेक्टेड और डिस्कनेक्टेड, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के निजी, कृषि और सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत आदि के उपभोक्ताओं को मिलेगा। जिनका बिल 31 दिसंबर 2021 तक बकाया था तथा अब तक भी बिल बकाया है। उनके बकाया बिल राशि के एकमुश्त भुगतान पर 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी उपभोक्ताओं को दी जा रही है। जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए थे, वे सभी उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठा कर अपने कनेक्शन ले सकते हैं।

बकायादार उपभोक्ता अपने बिजली बिल की मूल राशि का एक हिस्सा जमा करके अपना कटा हुआ बिजली कनेक्शन जुड़वा सकते हैं। शेष राशि को लगातार 6 किश्तों में मूल भुगतान के साथ-साथ वर्तमान बिल का भी भुगतान करना होगा। यह योजना शहरी एवं ग्रामीण सभी व्यक्तिगत घरेलू और कृषि श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए भी लागू होगी।

# श्रीधाम बसौदा: आठ वर्ष की आयु से ही है श्रीरामदेव की असीम कृपा

**ललित गर्ग।** पुन्हाना



**आगामी** एक फरवरी से पांच फरवरी तक श्रीधाम बासौदा दरबार का पांच दिवसीय कष्ट निवारण दरबार का आयोजन नजदीकी कस्बे पहाड़ी जिला भरतपुर में किया जाएगा। जिसमें श्री धाम बासौदा दरबार के प्रमुख संत गुरू बाबा सरकार दरबार में लोगों को आशीर्वाद द्वारा समस्त सांसरिक शारीरिक कष्ट, असंभव असाध्य बीमारियों का पूर्ण निवाकरण करेंगे एवं मनोवांछित फल प्राप्ति का आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

ये जानकारी श्रीधाम बासौदा दरबार के पुन्हाना से कार्यकर्ता एवं समाजसेवी धर्मवीर सैनी ने देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश राज्य के गंजबसौदा शहर स्थित भगवान श्रीरामदेव जी मंदिर के प्रमुख संत गुरू बाबा सरकार श्रीजी पाठक पर लगभग आठ वर्ष की आयु से ही भगवान श्रीरामदेव जी की असीम कृपा है। वह सामान्य तौर पर भी कुछ कह दे या आशीर्वाद दे दे, वह सत्य ही होता है। देश के कोने कोने से लोग अपनी बीमारी, दुख-परेशानी, समस्याएं इत्यादि की अर्जी लगाने के लिए उनके दरबार में आते है और दरबार में उन पर भगवान की कृपा होती है, जिसके माध्यम से वे लोगों की समस्याओं, दुख-दर्दों को दूर करते है। दरबार में होने वाले चमत्कार से बड़े-बड़े चिकित्सक, वैज्ञानिक भी आश्चर्य चकित हैं।

धर्मवीर सैनी ने बताया कि पहाड़ी में लगने वाले दरबार में राजस्थान, उत्तरप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। जिसके लिए पहाड़ी के कार्यकर्ताओं द्वारा आने वाले श्रद्धालुगण के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। सभी जिलों के कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जी जान से जुटे हुए हैं।

# एडवोकेट फखरुद्दीन का होगा ये पहला विधानसभा चुनाव

## एडवोकेट फखरुद्दीन चंदेनी नूंह विधानसभा क्षेत्र के गांवों में फरवरी से शुरू करेंगे दौरा

## मरहूम हिदायत खान विधानसभा व लोकसभा का चुनाव लड़े चुके हैं चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट फखरुद्दीन अली अहमद चंदेनी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि विधानसभा के गांवों में अगले माह फरवरी से दौरा शुरू करने जा रहे हैं। आपको बता दें कि एडवोकेट फखरुद्दीन का यह विधानसभा चुनाव पहला चुनाव होगा। उनके पिताजी मरहूम बाबूजी हिदायत खान विधानसभा व लोकसभा का चुनाव लड़े चुके थे।

पिछले विधानसभा चुनाव में तीन उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। तीसरा उम्मीदवार दोनों उम्मीदवारों के मुताबिक बहुत ही कमजोर रहा। चुनाव के तो अभी लगभग 18-19 महीने है। उम्मीदवार अपने-अपने विधानसभाओं में तैयारियां कर रहे। बता दे जब से एडवोकेट फखरुद्दीन ने चुनाव लड़ने का ऐलान किया है अन्य उम्मीदवारों में हलचल देखने को मिल रही है। एडवोकेट फखरुद्दीन एक सामाजिक व्यक्ति है जिनकी विधानसभा ही नहीं बल्कि मेवात जिले के प्रत्येक गांवो में अपनी खासी पकड़ रखते है।

देखते हैं 2024 के विधानसभा चुनाव में नूंह विधानसभा से कितने उम्मीदवार मैदान में चुनाव लड़ेंगे यह तो वक्त तय करेगा। कुल मिलाकर एडवोकेट फखरुद्दीन को विधानसभा की जनता ने अपना उम्मीदवार घोषित कर मैदान में उतारा है यह वक्त बताएगा जनता उनसे अपने वादों पर कितनी खरी उतरती है।

# महावीर की चुनावी रणनीति की हो रही चहुंओर चर्चा

## लोगों ने कहा, त्रिलोक की विजय में महावीर की रही अहम भूमिका

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात



**अखिल** भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा के चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विजयी हुए। त्रिलोक चंद जैन की विजय में समाज के अनेक सदस्यों का योगदान रहा, लेकिन समाज के मुख्य स्तंभ बुजुर्ग महावीर प्रसाद जैन नंबरदार नगीना वालों के संगठन (टीम) की विजय में मुख्य भूमिका नजर आई। महावीर नंबरदार चुनाव में खेल परिवर्तक (गेमचेंजर)की भूमिका के केंद्र बिंदु रहे। विजय में नंबरदार व उनकी टीम की कुशल रणनीति ने अहम भूमिका निभाई। जिसमें महावीर की चुनावी रुपरेखा व रणनीति समाज में चहुंओर चर्चा का विषय बनी हुई है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विजयी हुए त्रिलोक चंद जैन की विजय में महावीर नंबरदार समाज में एक बार फिर चुनावी रणनीति के चाणक्य बनकर उभरे हैं। उनके संगठन (टीम) में मुख्य रूप से आगरा से भाई हेमा जैन, राजेश जैन, निशांत जैन, बहन विजय जैन, सिकंदरा से नीरज जैन, बहन आरती जैन भरतपुर से सुमेर चंद जैन, राजरानी जैन, हिमांशु जैन, महुआ से भगवान सहाय जैन, हिंडौन से चंद्रप्रकाश जैन, अलवर से सौरभ जैन, टीकम चंद जैन, मनीष जैन, राखी जैन, संजय जैन, हिमांशु जैन, दिवान राजेंद्र जैन, चिराग जैन (रामगढ़) दीवान रजत जैन, जयपुर से पवन जैन नगीनावाले, प्रदीप जैन नगीना वाले, पारस जैन, मनीष जैन (सोडाला) खेरली गंज से रिखबचंद जैन, विजय जैन, तिजारा से वैभव जैन, शैलू जैन, कोटा से मुकेश जैन, संजीव जैन, गंगापुर सिटी से अभिषेक पल्लीवाल, सनी पल्लीवाल, नौगांवा से पिंकी जैन, पवन जैन, देवी प्रसाद जैन, नगीना से अनिल जैन, अमित जैन, रजत जैन आदि अन्य प्रदेशों व अन्य स्थानों पर गठित की गई संगठन के सदस्यों (टीमों) ने महावीर नंबरदार के द्वारा बनाई गई रणनीति के अंतर्गत समाज के सर्वांगीण विकास, उन्नति, समृद्धि ,अहिंसा व शांति के लिए त्रिलोक चंद जैन के पक्ष में सुनियोजित क्रमबद्ध तरीके से प्रचार प्रसार किया। जिसके फलस्वरूप त्रिलोक चंद जैन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विजय हुए।

संगठन के विशेष कार्यकर्ता सौरभ जैन एवं मनीष जैन ने बताया कि अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा के चुनावों में संगठन (टीम) के सदस्यों ने महावीर नंबरदार के द्वारा चुनाव में विजय के लिए बनाई गई जमीनी स्तर पर रुपरेखा व रणनीति के अंतर्गत मेहनत की। जिसके परिणाम स्वरूप टेब के बैनर तले महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर त्रिलोक चंद जैन जी की विजय हुई।

# सीएम मनोहर लाल, यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद आज गुरुग्राम में

**गुरुग्राम।** सोमवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य एवं ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद डा. केएल लक्ष्मण करेंगे। मुख्य संबोधन मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का होगा।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कर्ण देव कांबोज ने बताया कि कार्यसमिति के अलग-अलग सत्रों में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर, उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप संबोधित करेंगे। बैठक में सभी राज्यों की गतिविधियों की रिपोर्ट ली जाएगी तथा सामाजिक व आर्थिक विषयों पर राजनीतिक प्रस्ताव भी पास किए जाएंगे। कार्यसमिति में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य, सभी प्रदेशों के अध्यक्ष एवं महामंत्री बैठक में भाग ले रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

### विनीत संधू ने थाम दी अपने क्षेत्र में क्राइम की रफ्तार



**नूंह।** इस दौरान क्षेत्र में कोई भी ऐसी अप्रिय घटना नहीं घटी। जिससे खाकी की साख पर सवाल खड़े हुए हों। अब से पहले जहां बिचौलिया किस्म के लोग थाने में चक्कर काटते नजर आते थे। सब इंस्पेक्टर विनीत संधू के कार्यकाल में नल्हड़ चौकी में बेफालतू के लोग नजर नहीं आते। इससे जहां पुलिस को अपराध की सच्चाई पता लगाने में आसानी हुई है वहीं आजमन को भी अपनी फरियाद बेझिजक बयां करने का मौका मिला है। क्षेत्र में अपराधियों के छिटपुट घटनाओं के अलावा लूट, छीना झपटी, बाइक चोरी जैसी वारदातों पर लगाम लगी है। सब इंस्पेक्टर विनीत संधू की कोशिशों से नल्हड़ चौकी क्षेत्र को अपराध से काफी हद तक मुक्ति मिली है। हालांकि अब से पहले भी अपराध को कम करने के लिए काफी प्रयास किए गए मगर पहले के मुकाबले फिलहाल क्षेत्र में सब इंस्पेक्टर विनीत संधू के प्रयासों से शांतिप्रिय माहौल है, जिससे लोगों को लग रहा है कि पुलिस अच्छा कार्य कर रही है। बता दें कि सब इंस्पेक्टर विनीत संधू ने नल्हड़ चौकी में बतौर प्रभारी की कमान संभाले लगभग डेढ़ महीने का समय बीत चुका है।

### तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 की टीम ने महिपाल (30) निवासी नेकपुर फरीदाबाद बाइपास रोड रोजगार्डन के पास से एक देसी तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाना सेक्टर-17 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में महिपाल ने बताया कि उसने करीब ढाई महीने पहले अलीगढ़, उत्तर प्रदेश के किसी अनजान व्यक्ति से 9000/-रु में यह तमंचा खरीदा था। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह के मुताबिक आरोपी पर पूर्व में चोरी, गौ तस्करी और अवैध हथियार के सात मामले दर्ज हैं। पूछताछ के बाद उसे अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### मतदाताओं के लिए गरुड़ एप और वोटर हेल्पलाइन कारगर

**मेवात।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने कुछ उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं के लिए वोटर हेल्पलाइन व बीएलओ के लिए गरुड़ एप का निर्माण किया है। ये दोनों एप वोट निर्माण व उससे जुड़ी अन्य सेवाओं में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व सुदृढ़ लोकतंत्र में जागरूक मतदाता व सक्रिय बूथ लेवल अधिकारी ही इसके मजबूत आधार स्तम्भ होते हैं। इन दोनों के बिना लोकतंत्र की परिकल्पना भी बेमानी है। इसलिए यह जरूरी है कि इन दोनों की सहभागिता से वोट बनने से पूर्व की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए। डीसी ने दोनों एप के बारे में जानकारी देते हुए बताया जनभागिता से होने वाले किसी भी कार्य की प्रक्रिया को यदि सरल बना दिया जाए तो उस कार्य में सम्मिलित सभी लोगों का उत्साह दोगुना हो जाता है। चुनाव आयोग द्वारा इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आमजन के लिए वोटर हेल्पलाइन व बूथ लेवल अधिकारी के लिए गरुड़ एप का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से कोई भी नागरिक निर्वाचन से संबंधित विभिन्न जानकारियां, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने अथवा संशोधन कराने के लिए फार्म-6, 7, 8 एवं 8ए आदि के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसके अतिरिक्त अपने मतदान केंद्र की लोकेशन की जानकारी, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का विवरण, मतगणना परिणाम से जुड़ी जानकारी इस एप्प के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही निर्वाचन संबंधी कोई भी शिकायत ऑनलाइन माध्यम से कर सकते है। इसके अतिरिक्त वोटर हेल्पलाइन एप सभी नागरिकों की शंकाओं व जिज्ञासाओं के समाधान में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। वहीं दूसरी ओर गरुड़ एप के माध्यम से बीएलओ द्वारा वोटरों की समस्या को दूर करने व उनके आवेदन को ऑन द स्पॉट ऑनलाईन करने का कार्य भी सुगमता से किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी बीएलओ अपने मतदान केन्द्र के लेटिटयूड, लोंगिटयूड डाटा, फोटो, मूलभूत सुविधाओं जैसे रेम्प, टॉयलेट, बिजली व पानी इत्यादि से सम्बन्धित सूचना को आसानी से इस एप के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। डीसी ने झज्जर जिले के निवासियों व बीएलओ से अपील करते हुए कहा कि दोनों एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर आप आसानी से इसका उपयोग करें।

### इनफॉरमेशन इज नॉलेज एण्ड नॉलेज इज पॉवर : रणजीत सिंह



**हरियाणा/चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा एवं जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि सूचना प्रोद्यौगिकी से ज्ञान के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। जो ज्ञान हमें पिछले 5 वर्षों में मिला है वह उल्लेखनीय है। ऊर्जा का क्षेत्र भी उससे अछूता नहीं रहा और बिजली कंपनियां 2000 करोड़ रुपये के फायदे में चल रही हैं। इसमें शिक्षा का अहम योगदान है। हमें अपने बच्चों को शिक्षित करने पर जोर देना चाहिए। शिक्षा के बिना सूचना नहीं और सूचना के बिना ज्ञान नहीं। बिजली मंत्री आज दीन बंधू सर छोटू राम की 142वीं जयंती पर जाट भवन सेक्टर 6 पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने पूर्व विदेश मंत्री कंवर नटवर सिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि इंडियन फोरन सर्विस में उन्हें स्वर्ण पदक मिला था और उसके बाद वे पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के सचिव रहे। उन्होंने कहा कि सर छोटू राम ने किसान, मजदूर और कामगारों के बीच चेतना जागृत की थी। जाट नेताओं में कुंभाराम आर्य, दौलतराम सहारान, चैधरी चरण सिंह और चैधरी देवीलाल जैसे नेताओं ने भी समाज को उपर उठाने का कार्य किया। उन्होंने जाट भवन में एक कोचिंग सेंटर खोलने की आवश्यकता बताई ताकि बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में लोगों को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। समारोह में चरखी दादरी जिले के गांव कादमा की 106 वर्ष की वैटर्न ऐथलीट रामबाई सांगवान भी आकर्षण का केन्द्र रही और उन्हें भी सम्मानित किया गया। नैशनल ज्योग्राफिकल चैनल द्वारा इस एथलीट पर डॉक्यूमेंटरी बनाई गई है। इस अवसर पर बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह व सांसद कटारिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हरियाणा के खिलाड़ियों, खेल कोचों, अर्जुन अर्वार्डियों, सेना के अधिकारियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने 11 लाख रूपए की लागत से 25 किलोवॉट के रूफटॉप सोलर प्लांट का उदघाटन भी किया।

### बाल ग्राम राई में बच्चों से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री खट्टर

**हरियाणा/चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार सायं अपने सोनीपत दौरे के दौरान बच्चों से मिलने बाल ग्राम राई में पहुंचे। मुख्यमंत्री को अपने बीच अचानक देख बच्चों की खुशी को कोई ठिकाना नहीं रहा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि बाल ग्राम राई आपके साथ-साथ मेरा भी घर है, इसलिए मैं अपने घर के बच्चों से मिलने उनके बीच पहुंचा हूं। मुख्यमंत्री ने बाल ग्राम में बच्चों को मिठाईयां भी बांटी। मुख्यमंत्री ने बाल ग्राम राई मे बच्चों के लिए उपलब्ध करवाई करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली बच्चों को यहां एक परिवार जैसा माहौल मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाल ग्राम के बच्चों की जो भी मांग होगी उसे तुरंत पूरा किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने हाउस मदर से भी बातचीत करते हुए बच्चों को मिलने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जाना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अनाथ बच्चों के पालन-पोषण के लिए हरिहर योजना शुरू की है, जिसके तहत बाल गृह में आने वाले ऐसे सभी बच्चों का पालन-पोषण और पढ़ाई का खर्च राज्य सरकार उठाएगी और 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद ऐसे युवाओं को सरकार सीधे एक्सग्रेसिया पॉलिसी में कवर करेगी और ग्रुप-सी और गुप-डी की नौकरी दी जाएगी। इसके लिए उन्हें किसी तरह के एग्जाम भी नहीं देने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर ऐसे युवा ग्रेजुएट और पोस्ट-ग्रेजुएट करते हैं तो वे क्लास-वन और क्लास-2 की नौकरी के भी हकदार होंगे लेकिन इसके लिए उन्हें लिखित परीक्षा पास करनी होगी। ऐसे सभी युवाओं को सरकार आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों की कैटेगरी में रखेगी और नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी देगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## नकल रोकने को लिया हैरानी भरा फैसला

### यूपी सरकार ने नकल पर नकेल कसने को अजीब फैसला लिया है।

**उत्तरप्रदेश** की योगी सरकार ने बोर्ड परीक्षाओं में होने वाली नकल को रोकने के लिए एक हैरानी भरा आदेश पारित किया है। परीक्षा में कड़ाई बरतने के लिए सरकार ने फैसला लिया है कि नकल करने वाले विद्यार्थियों पर रासुका या एनएसए यानी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया जाएगा। जो स्कूल परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, वहां प्रधानाचार्य के कक्ष से अलग एक स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा, जहां प्रश्न पत्र रखे जाएंगे।

परीक्षा केंद्रों पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम बनेंगे, हर जिले के कंट्रोल रूम लखनऊ से जुड़ेंगे। अगर किसी केंद्र में सामूहिक नकल का मामला आया, तो फिर परीक्षा निरस्त कर, उस केंद्र को हटा दिया जाएगा। गौरतलब है कि उप्र में 16 फरवरी से 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं हो रही हैं। परीक्षाओं में नकल के लिए कुख्यात कुछ राज्यों में उप्र का नाम भी आता है। स्कूलों की परीक्षाओं के अलावा व्यावसायिक और सरकारी नौकरी के लिए परीक्षाओं में नकल की खबरों के कारण योगी सरकार अतीत में काफी बदनाम हो चुकी है। इसलिए शायद मुख्यमंत्री ने इस बार फैसला लिया है कि परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शी और सख्त तरीके से हो।

परीक्षा में नकल न हो और सभी विद्यार्थी अपनी मेहनत और योग्यता के अनुरूप अंक हासिल करें, यह एक आदर्श स्थिति है। मगर क्या इसके लिए विद्यार्थियों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार उचित है। 10वीं और 12वीं के बच्चे अधिक से अधिक 17-18 साल के होंगे। बेशक नयी तकनीकी के कारण आज के बच्चे उम्र से पहले परिपक्व हो रहे हैं और वयस्क जीवन की बहुत सी बातों से अभी से परिचित हो जाते हैं। मगर क्या वे देश के लिए खतरा पैदा करने वाला कोई कार्य कर सकते हैं। एकाध अपवाद को छोड़ दें, तो अधिकतर बच्चे बड़ों जैसी समझ रखने के बावजूद कई अर्थों में नासमझ ही होते हैं। वे कोई गलत काम करते भी हैं, तो रोमांच या किसी से प्रभावित होकर करते हैं। अनुभवहीनता, कमअक्ली और किशोरावस्था की ऊर्जा उन्हें कई बार गलत राह पर ले जाती है। अगर बच्चे परीक्षा में नकल करने को प्रवृत्त भी होते हैं, तो इसमें उनकी मंशा देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने की नहीं होती है। बल्कि परिवार और समाज का अच्छे अंकों वाला दबाव उन्हें ऐसा करने पर मजबूर कर देता है।योगी सरकार ने अपनी छवि सुधारने के लिए नकल करने वालों पर एनएसए लगाने का जो फैसला लिया है, उससे कई बच्चों के भविष्य के खराब होने का अंदेशा है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम-1980, देश की सुरक्षा के लिए सरकार को अधिक शक्ति देने से संबंधित एक कानून है। अगर सरकार को लगता है कि कोई व्यक्ति कानून-व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में उसके सामने बाधा खड़ा कर रहा है तो वह उसे एनएसए के तहत गिरफ्तार करने का आदेश दे सकती है। साथ ही, अगर उसे लगे कि वह व्यक्ति आवश्यक सेवा की आपूर्ति में बाधा बन रहा है तो वह उसे एनएसए के तहत गिरफ्तार करवा सकती है। अमूमन एनएसए आतंकवाद या आंतरिक शांति भंग करने के आरोपियों पर लगाया जाता है।

लेकिन अब इस कानून का उपयोग राष्ट्र की जगह सरकार विरोधी गतिविधियों के लिए ज्यादा होने लगा है। सरकार के विरोध को देशद्रोह जैसा बना दिया गया है। एनएसए का प्रयोग ऐसे लोगों के लिए होने लगा है। लेकिन योगी सरकार अब एक कदम आगे बढ़ते हुए परीक्षा में नकल को एनएसए के दायरे में ला रही है। अब इस बात की आशंका बढ़ जाएगी कि इसमें निजी चिढ़ और विरोध के कारण कुछ विद्यार्थियों पर नकल का इल्जाम लगाकर एनएसए लगाया जा सकता है। और इस उम्र में किसी छात्र पर एनएसए लगने का मतलब है उसके भविष्य की सारी संभावनाओं को कुचल देना। फिर वह छात्र निर्दोष भी पाया जाएगा, तो इस बात की उम्मीद कम रहेगी कि उसे उच्च शिक्षा के लिए कहीं दाखिला मिलेगा या फिर उसे नौकरी का पात्र माना जाएगा। एक बार कानून का शिकंजा कस जाता है, तो फिर उसके निशान जिंदगी भर नहीं मिटते हैं, यह बात क्या योगीजी नहीं जानते हैं।

अगर परीक्षाओं में नकल रोकनी है, तो उसके लिए सरकार को पहले ये विचार करना चाहिए कि आखिर नकल करने पर छात्र मजबूर क्यों होते हैं। आखिर ऐसी क्या कमी है हमारी शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था में, जिस वजह से परीक्षार्थियों को नकल जैसी गलत प्रवृत्ति का सहारा लेना पड़ता है। हाल ही में एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट 2022 आई है, जिसमें पता चला है कि सरकारी या निजी स्कूलों में तीसरी कक्षा के 20 प्रतिशत छात्र ही दूसरी कक्षा की पाठ्यपुस्तकों को पढ़ने में सक्षम हैं।

# परीक्षा पे चर्चा का महत्व


### सेकेंड्री स्तर पर कॅरियर संबंधी निर्णय मील का महत्वपूर्ण पत्थर है क्योंकि इससे छात्रों को अपनी पहचान बनाने में सहायता मिलती है।


प्राची पांडे


तारा नाओरेम

किशोरावस्था की पहचान महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक, शारीरिक व सामाजिक परिवर्तनों से होती है। परंपरागत रूप से यह एक आयु से बाहर निकलना है और इसका जीवन में उत्सव मनाया जाना चाहिए। लेकिन यह देखना चिन्ता का विषय है कि आजकल छात्रों पर तनाव बहुत रहता है जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य संकट में पड़ सकता है। तनाव के मुख्य स्रोतों में वैयक्तिक संवाद, सीखने में कठिनाइयां तथा परीक्षाओं में विफलता है। परीक्षायें अपने आप में तनाव का कारण हैं क्योंकि इससे उच्च शिक्षा या कॅरियर संबंधी बेचैनी और बढ़ जाती है। उपलब्ध जटिल विकल्पों के कारण उच्च शिक्षा और भावी रोजगार का चयन चुनौतीपूर्ण होता है। अनेक उपलब्ध संभावनाओं में कॅरियर का चयन उन बड़े कारणों में से एक है जिनसे नौजवानों में तनाव पैदा हो सकता है।

इसके साथ ही उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि किशोरावस्था के अंतिम समय में कॅरियर का चयन अक्सर महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक मुद्दों का कारण बनता है। इसलिए आज पहले के किसी समय की तुलना में तनाव के कारणों तथा उन चिन्ताओं की निश्चित पहचान बहुत जरूरी हो गई है जिनका सामना किशोरों व किशोरियों को करनी पड़ती है। छात्रों का तनाव इस कारण प्रभावित हो सकता है कि उनके माता-पिता उनके व उनकी संभावनाओं के बारे में क्या सोचते हैं। इसके अलावा यदि कोई युवा अपने विचार, भावनायें व योजनायें अपने माता-पिता से नहीं कह पाता है तो वे उसके भीतर गहराई में जम जाती हैं जो उसके स्वास्थ्य और बेहतरी के लिए खतरनाक हो सकता है। वास्तव में ऐसे सवाल 'परीक्षा पे चर्चा' के पुराने आयोजनों में सामने आए हैं। छात्रों ने 'हर क्षेत्र में भारी प्रतियोगिता' की बात करते हुए बताया कि कभी-कभी 'उच्च प्रतियोगिता व दबाव के कारण उनका परीक्षा में चयन नहीं हुआ।' सामाजिक दृष्टिकोण से ऐसे सवाल भी सामने आए कि 'हम उनके लिए क्या कर सकते हैं ताकि हमारे देश की महान प्रतिभ बेकार न हो और देश के लिए उसका सदुपयोग हो सके?'




हालांकि, प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया निश्चित रूप से अच्छी तरह से दस्तावेजीकृत हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह भी लिखा, 'कुछ बनने के बजाय कुछ करने की इच्छा करें। आमतौर से इच्छाओं का संचालन परिवार की उम्मीदों, फैशनेबल पेशेवर प्रवृत्तियों, साथियों के दबाव अथवा प्रशंसा, पैसे व शक्ति की कल्पनाओं से होता है। इससे आप अपनी सच्ची क्षमताओं से दूर हो जाते हैं तथा धीरे-धीरे आपका वह व्यक्तित्व प्रभावित होता है जो आपको उपहार में मिला है।' जब माता-पिता अपने बच्चों की पसंद स्वीकार नहीं करते हैं तो बच्चों को शर्म, निराशा, प्रतिरोध व हताशा का सामना करना पड़ सकता है, जैसे विज्ञान के बजाय मानविकी विषयों की पसंद करना।

अपने साथियों की पसंदों से प्रभावित होने और लगातार उनसे तुलना करने के कारण भी बच्चों व किशोरों के भीतर तनाव बढ़ सकता है। हालांकि, केन्द्रित होना अच्छी बात है और बहुत से बच्चे यह तय कर सकते हैं कि वे क्या बनना चाहते हैं, पर उन पर ऐसी पसंदें थोपना उचित नहीं है कि उनको डाक्टर या पायलेट या सिविल सर्वेन्ट बनना चाहिए। उनको अपने सपने परिभाषित करने का अवसर मिलना चाहिए। सपनों से ही वह रास्ते चुनने में सहायता मिलती है कि आप अपने परिवार, समाज और दुनिया में क्या अंतर ला सकते हैं। अपनी दिलचस्पी वाले क्षेत्रों, रुझान, कार्य की पंसद, आदि के बारे में स्पष्टता होनी चाहिए। अपने बारे में नकारात्मक छवि बनाने से तनाव व बेचैनी बढ़ती है जिसका सामना छात्रों को करना पड़ता है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था, 'प्रत्येक आत्मा ईश्वरत्व की अभिव्यक्ति है। यदि आपका विश्वास भी देवताओं में हे, पर अपने आप में कोई विश्वास नहीं है तो आपको मुक्ति नहीं मिलेगी।' इस प्रकार शक्तियां व कमजोरियां पहचानने के लिए अपने प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। इसी कारण अपने प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखना तथा अपने जीवन से नकारात्मकता को लगातार बाहर निकालना जरूरी है जिनमें नकारात्मक विचार, नकारात्मक सोच वाले मित्र, नकारात्मक सूचनायें, आदि शामिल हैं। नकारात्मकता को श्रेष्ठता की भ्रामक धारणा के बजाय यह स्वीकार करने के माध्यम से बाहर निकालना चाहिए कि हमारी छोटी सी शक्ति भी विभिन्न स्थितियों में सहायक हो सकती है।

जीवन नए अनुभवों, परिवेशों, लोगों की श्रृंखला है। यह बहुआयामी है और इसकी यात्रा में अनेक अनिश्चित स्थान व संभावनायें आती हैं। लेकिन सबका दृष्टिकोण अलग प्रकार का होता है। जहां कुछ अपनी पसंदों से दब जाते हैं वहीं दूसरों में इनसे जोश भर जाता है। वर्णक्रम के दूसरे सिरे पर कुछ ऐसे लोग भी हो सकते हैं जिनको उपलब्ध अवसरों का पता ही न हो। विभिन्न कॅरियर विकल्पों की सही समझदारी की कमी भी छात्रों में तनाव का बड़ा कारण है। इसमें विभिन्न कार्यों की प्रकृति, वेतनमान, आगे बढ़ने की संभावना, कुछ उद्योगों का भविष्य, आदि शामिल हैं। सारी उपयुक्त सूचनायें उपलब्ध होने पर ही कोई सूचनाओं के आधार पर पसंद तय कर सकता है। इन परिस्थितियों तथा ऐसे मामलों में सूचना तक पहुंच न होने या अविश्वसनीय स्रोतों से मिली विषयवस्तु को सही मानने से काफी नुकसान हो सकता है। इसका उदाहरण किसी मित्र से सरसरी बातचीत के आधार पर कॅरियर का चुनाव है। अपनी पुस्तक 'एक्ज़ाम वैरियर्स' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा है, 'अपने अवसर स्वयं तैयार करें। अपने भाग्य के स्वयं स्वामी बनें। आज उन क्षेत्रों में असाधारण संभावनायें हैं जिनकी कल्पना एक दशक पहले तक की ही नहीं जा सकती थी। जब आप अपनी पंसद तय कर लें तो याद रखें कि आपका रुझान सर्वोत्तम अवसर प्रदान करता है।' व्यावहारिक रूप से व्यक्तिगत स्तर पर इन आधारभूत शब्दों से छात्र अपना समय और ऊर्जा उपयुक्त सूचनायें प्राप्त करने तथा मित्रों, परिवार, शिक्षकों व 'रिसोर्स पर्सन्स' के साथ स्वस्थ बातचीत करने में लगा सकता है।

बच्चों के परिवेश में वयस्कों की उपस्थिति से छात्रों को खुले संवाद में सहायता मिलेगी। वे बिना कोई निर्णय थोपे अथवा अपने विकल्प बच्चों पर लादे उनकी सहायता कर सकते हैं। इससे बच्चों को निर्णय लेने तथा अपने विषय, कालेज या विश्वविद्यालय चुनने में सहायता मिलेगी। कॅरियर विकल्पों के बारे में किसी वयस्क से बात करने, उनसे चर्चा करने तथा सवाल पूछने से रचनात्मक चर्चा होती है। यह अपने भविष्य के बारे में विचार कर रहे किशोरों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। माता-पिता और शिक्षक बच्चों में किसी कौंसिलर के पास जाने का भय दूर करने तथा आवश्यकता होने पर पेशेवर सलाह लेने के प्रति झिझक मिटाने में सहायक हो सकते हैं। माता-पिता और शिक्षकों के साथ बैठकों में बच्चे के उपस्थित रहने से उनके सरोकारों को संबोधित करने में सहायता मिलती है। इनमें उनके संसाधनों संबंधी सरोकार भी शामिल हैं जिनके उपयुक्त समाधान निकाले जा सकते हैं। ऐसी चर्चा से छात्र का परिवेश समझने व उसका समर्थन करने में मदद मिलती है। छात्रों के लिए यह जानना अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि वे इस यात्रा में अकेले नहीं हैं और वे धीरे-धीरे चीजों को समझने में सफल होंगे। समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, आदि महत्वपूर्ण जीवन कौशलों के अभाव में अकादमिक स्थिति खराब हो सकती है, इससे छात्र स्वयं को अक्षम मानना शुरू कर सकते हैं और उनकी अपने प्रति नकारात्मक छवि बनती है।

'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को सलाह दी, 'प्रत्येक व्यक्ति को विशिष्ट क्षमताओं का उपहार मिला है। गुणवत्तापूर्ण समय प्रबंधन से इन क्षमताओं का बेहतर उपयोग हो सकता है। इसलिए समय प्रबंधन और कुछ नहीं, बल्कि क्षमता प्रबंधन है।' जीवन कौशल लगातार अपनी मानसिक, शारीरिक व भावनात्मक देखभाल से पैदा होता है। प्रधानमंत्री ने कहा था, 'पूरी जागरूकता के साथ योग का व्यवहार करना अपने समग्र विकास का सर्वाधिक प्रभावी तरीका है। खेलने वाला प्रगति करता है।'

व्यक्तिगत खेलों या टीम स्पोर्ट के रूप में शारीरिक व्यायाम न केवल शारीरिक रूप से फिट रखता है, बल्कि जीवन कौशल, टीम वर्क का महत्व, अपने साथ प्रतियोगिता की कला तथा अपने बारे में बेहतर दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक होता है। इससे अनुशासन तथा ध्यान केन्द्रित करने की क्षमता भी बढ़ती है। सेकेंड्री स्तर पर कॅरियर संबंधी निर्णय महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे छात्रों को समाज में अपनी व्यक्तिगत पहचान बनाने तथा श्रमशक्ति के रूप में काम करने के लिए तैयारी में सहायता मिलती है। निर्णय लेने की यह प्रक्रिया उत्तेजनापूर्ण तथा तनाव को जन्म देने वाली हो सकती है। इसी कारण इस रास्ते में 'परीक्षा पे चर्चा' महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

# पढ़ाई से लेकर खेल तक संघर्ष

**"भारतीय पहलवानों के कारण अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में भारत को खास पहचान मिली है"**

**भारतीय** पहलवानों के कारण अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में भारत को खास पहचान मिली है। एशियाड और ओलंपिक जैसे आयोजनों में पदकों का सूखा खत्म करवाने में इन पहलवानों का खास योगदान रहा है। सरकार अपने कई कार्यक्रमों और विज्ञापनों में इन खिलाड़ियों का यदा-कदा इस्तेमाल भी करती रही है। खिलाड़ियों के नाम के सहारे सरकारी प्रचार में आसानी होती है। लेकिन इन खिलाड़ियों की मुश्किल घड़ी में उन्हें किस तरह अकेला छोड़ दिया जाता है, इसका ताजा उदाहरण पिछले दिनों दिल्ली में देखने मिला, जब भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह पर पहलवानों ने मनमाने तरीके से संघ चलाने और महिला खिलाड़ियों का यौन शोषण करने के आरोप लगाए थे।

इन खिलाड़ियों की यही मांग थी कि ब्रजभूषण सिंह को पद से हटाया जाए, उन पर कार्रवाई की जाए। बात महिलाओं के सम्मान से जुड़ी थी, तो कायदे से शिकायत की पहली ही आवाज पर सरकार को जवाब दे देना चाहिए था। लेकिन अंतरराष्ट्रीय ख्याति के पहलवानों को दिल्ली के जंतर-मंतर पर तीन दिन तक प्रदर्शन करना पड़ा। उनके पक्ष में कांग्रेस, आप, माकपा जैसे दलों ने आवाज़ उठाई। सोशल मीडिया पर पहलवान विनेश फोगट की रोती हुई तस्वीर तेजी से वायरल हुई। सरकार की संवेदनहीनता पर सवाल उठने लगे। तब जाकर खेल मंत्रालय ने बृजभूषण सिंह को कुश्ती संघ के कामकाज से दूर रहने के निर्देश दिए हैं।

जिस सरकार ने खेलो इंडिया और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे आयोजनों को काफी प्रचारित किया, उसका ऐसा रवैया काफी आश्चर्यजनक था। इस मामले का अंजाम क्या होगा, इस बारे में कोई दावा नहीं किया जा सकता। क्योंकि इससे पहले भी कई भाजपा सांसदों और मंत्रियों पर गंभीर आरोप लगे, और उन्हें पद से हटाने की मांगें उठी, जो कभी पूरी नहीं हुई। किसी का पद से हटना तो दूर भाजपा और सरकार के शीर्ष पदों पर बैठे जिम्मेदार लोग भी अपने सांसदों के अघोषित बचाव में चुप्पी साधे रहे। अंदेशा है कि यही हश्र भारतीय कुश्ती संघ मामले में भी हो सकता है।

क्योंकि अन्याय के शिकार लोगों को इंसाफ दिलाने की नीयत होती तो पहले दिन से ही कार्रवाई शुरू हो जाती। अब देश में सवाल उठने लगे हैं कि जब कुश्ती करने वाली महिला खिलाड़ी सुरक्षित महसूस नहीं



कर रही हैं या सरकार उनकी सुरक्षा का इंतजाम नहीं कर पा रही है, तो आम लड़कियां कैसे महफूज़ रहेंगी। सवाल ये भी है कि इस सरकार के कार्यकाल में किसानों, नौकरी के लिए भटकते नौजवानों, परीक्षाओं में ठगे गए छात्रों को तो बार-बार सड़क पर उतरना ही पड़ा है, अब क्या खिलाड़ियों की बारी आ गई है। हर बार अपने हक की मांग उठाते हुए सड़क पर आने की नौबत क्यों आ रही है।एक मामला हाल ही में झारखंड से सामने आया है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के पं. सिंहभूम जिले के खूंटपानी ब्लॉक में बने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 61 लड़कियों ने शौचालय की सफाई, किताबों और स्कूल यूनिफार्म की उपलब्धता जैसी मांगों के साथ जिला उपायुक्त कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज कराई। लेकिन अपनी मांगें सरकारी अधिकारी तक पहुंचाने का जो रास्ता इन बच्चियों ने चुना, वह अभूतपूर्व था। ये बच्चियां रात डेढ़ बजे छात्रावास से निकलीं और सड़क की जगह खेतों के रास्ते होते हुए करीब 18 किमी पैदल चलकर सुबह सात बजे चाईबासा पहुंची और वहां उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायतें अधिकारी को सुनाईं। अधिकारी ने इन बच्चियों की शिकायत को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया और फिर एक वाहन से इन्हें वापस छात्रावास तक पहुंचाया। नक्सल प्रभावित इलाके में, ठंड में आधी रात को एक हास्टल से 16-17 साल की लड़कियों का यूं पैदल निकल जाना और किसी को इसकी भनक न मिलना, काफी गंभीर मामला है।गनीमत है कि सारी बच्चियां सुरक्षित रहीं, लेकिन अगर कोई अनहोनी होती तो इसका जिम्मेदार कौन होता। फिलहाल स्कूल की प्रिंसिपल, लेखपाल और सभी शिक्षिकाओं का तबादला कर दिया गया है, उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

कुछ बच्चियों ने बीबीसी से चर्चा में बताया है कि यहां के शौचालयों में सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। शौचालय कई बार छात्राओं से ही साफ करवाए जाते हैं और कई बार उनसे पांच-पांच रुपए इकट्ठा करके सफाईकर्मी को बुलाया जाता है। छठवीं से बारहवीं तक के इस आवासीय विद्यालय में 498 छात्राएं हैं, और कुल 51 शौचालय हैं। जब ये छात्राएं चाईबासा शिकायत करने पहुंचीं तो उसके एक दिन पहले ही 11वीं की छात्राओं से प्रिंसिपल ने शौचालय साफ करवाया था। इसलिए 11 की छात्राएं ही पैदल शिकायत लेकर निकल पड़ीं। प्रिंसिपल का कहना है कि यहां सफाईकर्मी का पद नहीं है और हर दिन उसे बुला नहीं सकते, इसलिए छात्राओं से यह काम करवाना पड़ता है। जबकि ज़िला के प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी ललन सिंह सर्वांगीण विकास का कारण बताते हुए कहते हैं कि यह आवासीय विद्यालय है, इसका उद्देश्य ये नहीं होता है कि यहां सिर्फ पढ़ाई हो। वह रोजमर्रा की जिंदगी कैसे जिएंगी, समाज में कैसे रहेंगी। इसलिए इन सभी को अलग-अलग तरह के काम में लगाया जाता है।

कितनी आसानी से शौचालय साफ करवाने की बात को रोजमर्रा के काम के प्रशिक्षण से जोड़ दिया गया। वैसे तो गांधीजी भी शौचालय की सफाई से लेकर अपना हर काम खुद करते थे। कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता, ये सीख भी बच्चों को मिलनी चाहिए। लेकिन सवाल ये है कि क्या ये सीख केवल गरीब और उन ग्रामीण बच्चों को ही मिलनी चाहिए, जो पढ़ने की ललक लिए अपने घर से दूर हास्टल में रहने आती हैं।

# संविधान रचे जाते समय जो असहमतियां उभरी थीं, उन्हें भी याद रखना चाहिए

**संविधान** को लागू हुए आज 72 साल हो गए। इन बहत्तर सालों में देश ने कई सारी उपलब्धियां हासिल की हैं, वैश्विक स्तर पर अपनी धाक जमाई है। सबसे बड़ी बात यह कि समान और वयस्क मतदान अधिकार के जरिए देश ने लोकतंत्र का जो बिरवा रोपा, वह अब लोकतांत्रिक इतिहास का वटवृक्ष बन गया है। निश्चित तौर पर तमाम मोर्चों पर हासिल देश की उपलब्धियों की सबसे मजबूत बुनियाद भारतीय संविधान और उसकी परंपराएं हैं। आज जिस संविधान की बनाई पटरी पर राष्ट्ररूपी रेल तेजी से आगे बढ़ रही है, उसमें सर्वानुमति सबसे बड़ी ताकत रही है। इसका यह भी मतलब नहीं कि संविधान रचे जाते वक्त हर मुद्दे पर सिर्फ और सिर्फ सहमति के ही सुर रहे। संविधान रचे जाते वक्त संवैधानिक उपबंधों और अनुच्छेदों पर चर्चा के दौरान कई बार असहमतियां भी उभरीं।

असहमतियों की उन आवाजों को तब के संविधानसभा की प्रभावशाली शख्सियतों ने खारिज कर दिया था। असहमतियों के साथ उठे आशंकाओं को भी निर्मूल बताया गया। मजबूत और लचीलेपन के साथ संतुलित संविधान के जरिए अव्वल तो होना चाहिए कि वे आशंकाएं और उन्हें लेकर तत्कालीन प्रावधानों के प्रति उठे असहमतियों के स्वरों को अप्रासंगिक हो जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। संविधान सभा की बहसों के दौरान जिन आशंकाओं को खारिज किया गया, वे अब सही होती नजर आ रही हैं। वक्त आ गया है कि गणतंत्र दिवस के मौके पर संविधानसभा की बहसों के दौरान उठे असहमतियों के स्वरों और आशंका भरी आवाजों को भी याद किया जाना चाहिए।

भारतीय संविधान को स्वीकृति मिलते वक्त कई प्रावधानों को लेकर सवाल उठे। ऐसा ही सवाल था, केंद्र को ज्यादा ताकतवर होना चाहिए या राज्यों का। देश ने जो संघवाद स्वीकार किया है, उसमें एक हद के बाद केंद्रीय व्यवस्था ज्यादा ताकतवर नहीं है। सरदार पटेल ने देसी रियासतों और ब्रिटिश शासित भारत के एकीकरण की जो सफल प्रक्रिया चलाई, उसका मूल उद्देश्य राष्ट्र के तौर पर भारतीय सत्ता को मजबूत बनाना था। मजबूत भारतीय सत्ता का सामान्य मतलब केंद्रीय व्यवस्था का ताकतवर होना ही होता है। लेकिन आज स्थिति यह है कि कई मौकों पर राज्य भी अपने ढंग से मनमानी करते नजर आते हैं। संविधान सभा की बहसों से गुजरते हुए कम से कम तीन सदस्य ऐसे दिखते हैं, जो मानते हैं कि मजबूत राष्ट्र के तौर पर भारत की अस्मिता के लिए केंद्रीय सत्ता का ताकतवर होना जरूरी होना चाहिए। संविधान सभा की बहसों से गुजरेंगे तो पता चलेगा कि राजेंद्र प्रसाद और डॉक्टर अंबेडकर खुद मजबूत केंद्र के पक्षधर थे। हालांकि केंद्र को एक सीमा के बाद मजबूती देने की अवधारणा को संविधान सभा ने स्वीकार नहीं किया।

राज्यों को ज्यादा ताकतवर बनाने के खिलाफ संविधान सभा में पूर्वी पंजाब के सदस्य सरदार हुकुम सिंह और पटियाला-पूर्वी पंजाब के सदस्य काका भगवंत रॉय भी थे। मजबूत केंद्र की वकालत करते हुए संविधान सभा में सरदार हुकुम सिंह ने कहा था, हर दिन बीतने के साथ, भारत लगातार एकात्मक प्रणाली की ओर अधिक से अधिक प्रगति कर रहा है। ऐसा सिर्फ युद्ध के समय में ही नहीं हुआ, बल्कि सामान्य दिनों में भी हुआ है। इसलिए केंद्र को ज्यादा ताकतवर बनाया जाना चाहिए।

काका भगवंत राय ने तो राज्यों को अत्यधिक अधिकार देने का खुलकर विरोध भी किया। संविधान सभा में उन्होंने कहा था, भारत बहुत बड़ा देश है। उसके कई प्रांत हैं। इन प्रांतों की अपनी कठिनाइयां हैं और वे केंद्र की तुलना में उनकी समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। लेकिन इसका यह भी मतलब नहीं कि राज्यों को ज्यादा अधिकार संपन्न बना दिया जाए। राज्यों को ज्यादा ताकतवर बनाने की असहमति में संविधान सभा में बिहार से चुने गए सदस्य ब्रजेश्वर प्रसाद ने भी अपनी राय रखी थी। संविधान के अनुच्छेद 266 में राज्य को संघ के कराधान से छूट का अधिकार देने के लिए संविधान सभा में नौ सितंबर 1946 को प्रस्ताव रखा गया था। जिस पर चर्चा के दौरान ब्रजेश्वर प्रसाद ने कहा था, 'इस प्रावधान के समर्थन में एकमात्र संवैधानिक औचित्य यह है कि इस तरह के प्रावधान को कनाडा या ऑस्ट्रेलियाई संविधान में जगह मिलती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत कनाडा या ऑस्ट्रेलिया जैसा ब्रिटिश राज का हिस्सा है। भारतीय इतिहास के तथ्यों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"आज के समय में मोबाइल फोन, लैपटॉप और टैबलेट जैसे उपकरण हर घर में आम हो गए हैं। इनकी संख्या देश भर में अरबों में होगी।

– **नरेन्द्र दास मोदी**
प्रधानमंत्री

हिंदू एक धार्मिक शब्द नहीं है, यह भौगोलिक शब्द है। जो भी भारत में पैदा हुआ, देश में खाते-पाते, उन्हें हिंदू कहा जाना चाहिए।

– **आरिफ मोहम्मद खान**
केरल के राज्यपाल





मां बनने की सही उम्र 22 से 30 साल है। महिलाओं को इसके लिए बहुत ज्यादा इंतजार नहीं करना चाहिए। अगर वो 30 के बाद बच्चे को जन्म देती हैं तो कई सारे मेडिकल कॉम्प्लीकेशंस होते हैं।

– **हिमंत बिस्वा सरमा**
असम के मुख्यमंत्री"

### आठ सालों में हरियाणा में जिस तेज गति से विकास हुआ है

# उतना विकास पिछली सरकारों के कार्यकाल में नहीं हुआः शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री ने टेलिफोन के माध्यम से किया जन उत्थान रैली को संबोधित

### जन कल्याण के संकल्पों को आठ सालों में किया पूरा : मनोहर लाल

**रणबीर सिंह रोहिल्ला,** सोनीपत

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में पिछले सवा 8 सालों से प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विगत 8 सालों में हरियाणा में जिस तेज गति से विकास हुआ है, उतना पिछली सरकारों के कार्यकाल में नहीं हुआ। हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार कम हुआ है और जातिवाद समाप्त हुआ है। नौकरी के लिए अब कोई संरक्षण नहीं है। युवाओं को मैरिट के आधार पर पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। पढ़े लिखे सरपंच अब हरियाणा को आगे बढ़ा रहे हैं।

अमित शाह आज सोनीपत जिले के गोहाना में आयोजित जन उत्थान रैली को टेलिफोन के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मौसम के खराब होने के कारण केंद्रीय गृह मंत्री गोहाना में नहीं पहुंच पाए। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता भी उपस्थित थे।

अमित शाह ने कहा कि आज की रैली का उद्देश्य 2024 में हरियाणा की सभी सीटों पर कमल खिले और हरियाणा की जनता वर्ष 2024 में नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट करे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की हर लोकसभा सीट पर कमल खिलेगा, ऐसा विश्वास है।

**जन कल्याण के संकल्पों को 8 सालों में किया पूरा : खट्टर**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल खट्टर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हरियाणा में वर्ष 2014 में सरकार बनी थी, तब से ही हमने जन कल्याण के जो संकल्प लिए थे, उन संकल्पों के आधार पर हम लगातार 8 साल से काम कर रहे हैं। वर्ष 2014 से पहले हरियाणा में भय, भ्रष्टाचार का वातावरण था, उसे हमारी सरकार ने दूर किया और व्यवस्था परिवर्तन के काम कर गरीबों व जरूरतमंदों के कल्याण के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में नारे लगते थे कि हम नीचे तक लोगों को लाभ पहुंचाएंगे, लेकिन हमने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबसे पहले पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को ही पहुंचाने की शुरुआत की। केंद्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार हरियाणा की जनता की सेवा कर रही है। 2019 में भी हमने पुन: अपनी उपलब्धियों के फलस्वरूप दूसरी बार सरकार बनाई। उसके तुरंत बाद कोविड-19 महामारी का दुनिया में संकट आया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत इस संकट से भी बाहर निकला।



गोहाना में जन उत्थान रैली में मौजूद लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री खट्टर।

### एक हरियाणा-एक हरियाणवी के मूलमंत्र से किया एक समान विकास

**मुख्यमंत्री** खट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास का नारा दिया था। इसी प्रकार, हमने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते हुए पूरे प्रदेश का एक समान विकास सुनिश्चित किया है। हमारी सरकार ने किसी भी क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। हर विधायक को, चाहे वह सत्ता पक्ष का हो या विपक्ष का, सभी को अपने-अपने क्षेत्रों के विकास करवाने के लिए 5-5 करोड़ रुपये की राशि दी है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्र को भी पूरी सुविधाएं दी हैं। छोटी सरकारों को भी पूरी ताकत दी है ताकि वे अपने क्षेत्र में काम करवा सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सुशासन का संकल्प लिया और जनता को घर बैठे ही पारदर्शी तरीके से सभी योजनाओं व सेवाओं का लाभ पहुंचाया। हमारे कार्यकाल में पर्ची-खर्ची के बिना केवल मैरिट के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरियां मिलीं। ट्रांसफर में भी जो भ्रष्टाचार होता था, उसे खत्म किया।

**भ्रष्टाचारी बेरोजगार, इसी से विपक्ष को दिखती है ज्यादा बेरोजगारी:**

**मुख्यमंत्री** खट्टर ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में बीबीसी सरकार चलती थी यानी बदली, भर्ती और सीएलयू। राज्य सरकार ने इस बीबीसी प्रथा को बंद किया और लोगों को स्वच्छ शासन मिले, इसके लिए अनूठे प्रयोग किये। उन्होंने कहा कि विपक्ष कहता है कि प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ गई है, परंतु वास्तविकता यह है कि जो लोग भ्रष्टाचार करते थे, वे लोग आज बेरोजगार हो गए हैं। इसके कारण से विपक्ष को बेरोजगारी का बड़ा हुआ आंकड़ा मिलता है।

मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि प्रदेश में पात्र परिवारों के घर बैठे राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। लोगों को घर बैठे ही पेंशन मिल रही है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा के माध्यम से किसान को सभी लाभ मिल रहे हैं। हरियाणा में 14 फसलें एमएसपी पर खरीदी जाती हैं। किसानों को उनकी फसल के दामों के हजारों करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में भेजे गए हैं। इसके अलावा, सरकार ने आखिरी टेल तक पानी पहुंचाया है। पानी का प्रबंधन अच्छा किया है। किसानों को आर्थिक तौर पर नुकसान न हो, इसके लिए भावांतर भरपाई योजना लागू की है।

**अंत्योदय परिवारों के आर्थिक उत्थान का है लक्ष्य**

**सीएम** खट्टर ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रदेश में कई औद्योगिक इकाइयां लगी हैं। लगभग 8.50 लाख लोगों को प्राइवेट रोजगार मिला है। लगभग 1 लाख सरकारी मिली हैं। इसके अलावा, आउटसोर्सिंग पर एचकेआरएन के माध्यम से भी लोगों को रोजगार दिलाया है। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत लगभग 32,000 लोगों को रोजगार, स्व रोजगार शुरू करवाकर ज्यादा से ज्यादा लाभ मिला। राज्य सरकार का प्रयास अंत्योदय परिवारों की आय को 1.80 लाख रुपये तक करने का है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जरूरतमंदों के आर्थिक उत्थान के साथ साथ उन्हें हर प्रकार की सुविधा पहुंचाने की व्यवस्था की है। पीपीपी के माध्यम से हरियाणा सरकार ने आयुष्मान भारत योजना को आगे बढ़ाते हुए अंत्योदय परिवारों की आय सीमा को 1.20 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये किया। जिससे अब इस योजना में प्रदेश के 29 लाख परिवार कवर रहे रहे हैं, जिन्हें 5 लाख रुपये तक के ईलाज की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों के लिए आउटस्टैंडिंग स्पोर्ट्स पर्सन पॉलिसी बनाई है और खिलाडियों को नौकरी देने के लिए 550 पद सृजित किये हैं। ग्रुप सी के पदों में खिलाड़ियों के लिए 3 प्रतिशत कोटे को बहाल किया।

**संत-महापुरुषों की शिक्षाएं आज भी समाज के लिए प्रासंगिक**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि संत-महापुरुष की शिक्षाएं समाज के लिए आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। इसलिए राज्य सरकार ने संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना बनायी है, जिसके तहत सभी संत-महापुरुषों की जयंतियां सरकारी तौर पर मनाई जा रही हैं। इसके अलावा, संत-महापुरुषों के नाम पर शिक्षण तथा अन्य संस्थानों के नाम भी रखे हैं, ताकि भावी पीढ़ियों को भी संतों-महापुरुषों की शिक्षओं से प्रेरित किया जा सके। इस मौके पर केंद्रीय नेता सुधा यादव प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल, स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता मंत्री सहकारिता मंत्री डॉक्टर बनवारीलाल, करनाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय भाटिया, रोहतक सांसद डॉ अरविंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### मौसम खराब होने के चलते नहीं पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**टेलीफोन के माध्यम से दिया अपना संबोधन, जल्द ही दोबारा आने का दिया आश्वासन**

**सोनीपत** जिले के गोहाना में जन उत्थान रेली को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सम्बोधित करते हुए विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि अब उनका काम धंधा बंद हो गया है। भाजपा ने जो डबल इंजन की सरकार को हरियाणा में पारदर्शिता से ही चलाया है। जनकल्याण से संबंधित काफी कार्यों को किया है, जोकि लोगों को पसंद आए हैं। इस दौरान बारिश होने की वजह से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रैली में नहीं पहुंच पाए, लेकिन उन्होंने फोन के माध्यम से संबोधित कर लोगों को एक संदेश जरूर दिया कि 2024 चुनाव का शंखनाद हो चुका है। इस दौरान जब लोगों से बात की तो वह खुश नजर आए और उन्होंने कहा कि एक बार फिर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गोहाना जरूर आएंगे।

### कविता जैन ने रिमझिम बारिश में सैकड़ों वाहनों के काफिले को दिखाई हरी झंडी



**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

#### रिमझिम बारिश में भी भाजपा कार्यकर्ताओं का हौंसला नहीं हुआ कम

**रिमझिम** बारिश में भाजपा कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंदी पर रहा। रैली में शामिल होने के लिए गोहाना रोड बाईपास के पास भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने गोहाना में आयोजित केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैली में शामिल होने के लिए सोनीपत से सैंकड़ों वाहनों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को जोश देखने लायक था।

कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारत मां की जयकारों से पूरे वातावरण में ओर जोश भर दिया। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी देश को एक करके मजबूत करने का काम कर रही है। कविता जैन ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री की जनसभा को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि देश की एकता अखण्डता को मजबूत करने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा किए गए अथक प्रयासों से आज जनता में उनके प्रति बड़ा सम्मान है। उसी प्रकार जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक भारत-श्रेष्ठ भारत की विचारधारा को पूरा करते हुए धारा 370 को तोड़ने की रूपरेखा तैयार करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोनीपत लोकसभा की जन उत्थान रैली को सम्बोधित करने गोहाना पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी।

### दिवंगत भाकपा नेता डा. दर्शन सिंह नलवी को श्रद्धासुमन किए अर्पित

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. दर्शन सिंह नलवी के निधन पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, स्वयंसेवी, शैक्षणिक राजनैतिक, किसानो और मजदूरो के संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गांव के गुरुद्वारा साहिब में आयोजित शोक सभा सभा में भाकपा हरियाणा स्टेट काउंसल के पूर्व सदस्य बंता राम हबाना ने दिवंगत दर्शन सिंह की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कामरेड दर्शन सिंह एक गरीब किसान परिवार में पैदा हुए। वर्ष 1971 में स्कूल छोड़ने के बाद वे डाक्टर हरनाम सिंह के सम्पर्क में आए। वर्ष 1973 में वे कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हुए और डॉक्टर हरनाम सिंह के साथ किसानो-मजदूरों के आंदोलनों के लिए काम किया। अंत समय तक वे गरीब, दबे कुचले लोगो का सस्ता इलाज करने के साथ कम्युनिस्ट पार्टी के लिए काम करते रहे। उल्लेखनीय है कि डा. दर्शन सिंह का निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ। वे 71 वर्ष के थे और अपने पीछे धर्मपत्नी चरनजीत कौर, बेटा, बेटियों, पोते व पोतियों को छोड़ गए हैं। इस शोक सभा में जिला सचिव नरेश कुमार ठोल, जिला सहसचिव कामरेड प्रीतम सिंह टबरा, अमर सिंह मामू माजरा, ओम प्रकाश, महिंद्र सिंह, अजमेर सिंह नई नलवी,

## मुख्यमंत्री ने किया गुप्ति सागर नेचर केयर इंस्टीट्यूट का शिलान्यास

### पद्धतियों का सार है प्राकृतिक चिकित्सा : मुख्यमंत्री खट्टर

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि हमारी खान पान की आदतें ठीक हो, शरीर स्वस्थ रहें, इसके लिए आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा अहम है प्राकृतिक चिकित्सा कोई चिकित्सा नहीं बल्कि पद्धतियों का सार है। मुख्यमंत्री रविवार को गन्नौर स्थित श्री108 गुप्तिसागर धाम जैन ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने गुप्तिसागर नेचर क्योर इंस्टीटयूट का शिलान्यास भी किया।

श्री 108 गुप्ति सागर महाराज द्वारा अन्त्योदय प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर लिखि पुस्तक का विमोचन भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गुप्तिसागर महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त किया और उनके साथ गुप्तिधाम का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री खट्टर ने इस मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों को प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान के शिलान्यास व महाराज द्वारा लिखी पुस्तक के विमोचन की बधाई देते हुए कहा कि आज उन्हें महाराज का आशीर्वाद लेने का मौका मिला है, पहली बार वह गुप्तिसागर धाम आए हैं। गुप्तिसागर धाम का नाम बहुत सुना। आते जाते दूर से मैं नमन करता था, लेकिन आज मुझे आने का मौका मिला हैं। जिस प्रकार गुप्तिसागर महाराज अपने जीवन रूपी ज्ञान को सभी में बांट रहे है, उस ज्ञान सागर में मुझे भी आज डूबने का मौका मिला है।

उन्होंने यह भी कहा कि महाराज जिस यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी रहे हैं, उस यूनिवर्सिटी का मैं भी विद्यार्थी हूं। श्री108 गुप्ति सागर महाराज में देश भक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है और वे राष्ट्र को आगे बढाने का कार्य कर रहे है। उन्होंने राष्ट्र सेवा के लिए नौ वर्ष की आयु से ही अपना घर परिवार छोड़ दिया था। मुख्यमंत्री ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने भी 27 वर्ष की आयु में राष्ट्र सेवा के लिए अपना घर परिवार छोड़ दिया था। वे वर्ष 1980 से लेकर 2012-13 तक समाज कार्यो, सामाजिक कार्यो व राजनीतिक कार्यों में निरन्तर लगे हुए हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया उसी का परिणाम है कि आज प्रदेश की सेवा करने का मुझे मौका मिला है। मुख्यमंत्री खट्टर ने यह भी कहा कि पूर्व की सरकारों में शासन व्यवस्था का मतलब केवल सत्ता सुख भोगना, और लाभ उठाना था।



हरियाणा के सीएम खट्टर को स्मृति चिन्ह भेंट करते गुप्ति सागर महाराज।

## संक्षिप्त-समाचार

### हर स्वस्थ व्यक्ति तीन महीने के अंतराल में कर सकता रक्तदान

**कुरुक्षेत्र।** नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिराव फुले यूथ ग्रुप व सेवा समाज समिति कल्याण के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र की लेखा एवम कार्यक्रम सुपरवाइजर कांता देवी द्वारा की गई। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के हर स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन महीने के अंतराल में नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्त की आपूर्ति केवल मानव द्वारा दिए गए रक्त से ही हो सकती है। चूंकि रक्त का उत्पादन किसी फैक्ट्री में नहीं होता, अत: किसी भी आपात स्थिति में जब भी किसी मरीज को रक्त की जरूरत पड़ती है, तो ब्लड बैंक से ही रक्त की आपूर्ति करवाई जाती है। गांव के सरपंच मोहन लाल ने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए अधिक से अधिक संख्या में युवाओं से रक्तदान करने की अपील की। शिविर के दौरान युवाओं द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए 50 यूनिट रक्तदान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल बलजीत सिंह, कर्मवीर सैनी, क्लब के अध्यक्ष प्रिंस सैनी, युवा एवम खेल विकास मंडल उदारसी की कोषाध्यक्ष विजेता सैनी, पार्थ टीम के सदस्य व ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

### तीन दिवसीय वसंतोत्सव सम्पन्न

**कुरुक्षेत्र।** ग्राम खेड़ी मारकंडा में मां सरस्वती जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे तीन दिवसीय वसंतोत्सव का समापन हुआ। संत स्वामी जनार्दन दास के सानिध्य में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के समस्त कार्यकताओं के सहयोग से यज्ञ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि बीजेपी नेता रूबल शर्मा ने पूर्ण आहुति कर मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पंडित प्रेम नारायण अवस्थी, राजेंद्र सैनी, रोहतास, नागेंद्र, भारत बंसल ने यज्ञ में पूणार्हुति की। इस दौरान पंडित संदीप अवस्थी चित्रकूट धाम वाले ने विधिवत पूजा अर्चना संपन्न करवाई।

## कॉन्फेक्ट ने किया एनजीओ विजिट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दूसरों** के लिए अपना कुछ समय, संसाधन और प्रयास स्वेच्छा से करना न केवल दुनिया बल्कि देने वाले को भी समृद्ध करता है। करोड़ों लोग बिना बुनियादी जरूरतों के जीने को विवश हैं। उनके पास सुरक्षा और स्वास्थ्य में रहने के लिए आवश्यक भोजन, कपड़े और आवास की कमी है। यह हमारा मौलिक कर्तव्य है कि हम जितने लोगों की सहायता कर सकते हैं, करें।

अध्ययनों के अनुसार, आपके समुदाय में योगदान देने से आपकी खुशी, स्वास्थ्य और कल्याण की भावना में भी सुधार होता है। समाज में अपनी भूमिका निभाने के लिए कॉन्फेक्ट की टीम एनजीओ बाल सहयोग गई। जिसे दिवंगत प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी, अनाथों और अन्य कमजोर और उपेक्षित बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के लिए 1954 में द्वारा स्थापित किया गया था। यह हजारों परित्यक्त बच्चों को भोजन, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आश्रय प्रदान करता है।



कॉन्फेक्ट की संस्थापक शेफ गौरी वर्मा ने कहा, हमने हाल ही में बाल सहयोग एनजीओ का दौरा किया। वंचित बच्चों से मिलना मेरे लिए खुशी की बात थी क्योंकि मुझे वहां क्या होता है इसकी बारीकियों का ज्ञान हुआ। बच्चों के लिए वहां कई गतिविधियां उपलब्ध थीं और योग्य शिक्षक उन्हें पढ़ाते थे। उन्हें हमारे द्वारा साझा किए गए कपकेक का आनंद लेते हुए देखना और खिलखिलाना काफी शांतिपूर्ण था। कुल मिलाकर यह एक अद्भुत अनुभव था ।

मजबूत और भावुक महिलाओं के नेतृत्व में, कॉन्फेक्ट प्यार, धैर्य और दृढ़ संकल्प की पराकाष्ठा है, जो 600 से अधिक उत्पादों की पेशकश करता है जिनका उपयोग डेसर्ट और मिठाई जैसे केक और कपकेक पर किया जा सकता है। ये उत्पाद 100 प्रतिशत शाकाहारी हैं। कनॉट प्लेस, दिल्ली में एनजीओ में उनकी यात्रा में कॉन्फेक्ट के संस्थापक, शेफ गौरी वर्मा ने 125 से अधिक बच्चों के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनके साथ कई मजेदार गतिविधियां कीं, जैसे उन्हें कई आइसिंग तकनीक सिखाना। बाद में, उन्होंने सभी बच्चों और कर्मचारियों को प्यार के प्रतीक के रूप में कपकेक भी वितरित किए।

## मथाना रसोई के पहले दिन 520 लोगों ने किया भोजन ग्रहण



गांव मथाना रसोई में लोगों के साथ दोपहर का भोजन ग्रहण करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**स्टालवार्ट** फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग की ओर से मथाना में चलाई गई रसोई के पहले दिन लगभग 520 लोगों ने दोपहर का भोजन ग्रहण किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि गांव मथाना के लोगों को भी अब मथाना रसोई से लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि मथाना के साथ लगते कई गांवों में ईंट भट्ठे बने हुए हैं, जिन पर काफी ज्यादा संख्या में लेबर काम करती हैं। अब जो मथाना रसोई चलाई गई है, उससे जरूरतमंद लोगों व ग्रामीणों को लाभ मिलेगा व मात्र पांच रुपये में प्रति व्यक्ति के हिसाब से लोग खाना खा सकेंगे। उन्होंने कहा कि मथाना के लोगों में भी अब रसोई का काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह रसोई गांव मथाना के लोगों की अपनी रसोई है न कि मेरी रसोई है। रसोई के पहले दिन रविवार को बूंदाबांदी के बावजूद भी लगभग 520 लोग भोजन ग्रहण करने के लिए पहुंचे। इस मौके पर अश्वनी, हितेश, रीतू, निशांत, रविन्द्र, शेर सिंह आदि मौजूद थे।

## प्रगति ई विचार साहित्य महोत्सव का दूसरा संस्करण: जश्न, चर्चा एवं सम्मान का एक दिन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के द क्लेरिजेस होटल में प्रगति ईविचार साहित्य महोत्सव के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया, राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ राजकुमार रंजन सिंह इस मौके पर मुख्य अतिथि थे। 'मानवता को आगे बढाने' की थीम पर आधारित इस साहित्य महोत्सव में जाने-माने दिग्गजों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत हरप्रीत कौर जस के बेहतरीन शास्त्रीय नृतय प्रदर्शन के साथ हुई।

कार्यक्रम के दौरान मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। इसके अलावा मानव जीवन के अस्तित्व, व्यक्तिगत अनुभव, फिक्शन की कला जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। पीवीएलएफ के नॉलेज पार्टनर नीलसन बुकस्केन डेटा ने स्कूलों में डेटा के महत्व पर रोशनी डाली। वहीं सोल्ह वैलनैस ने मानसिक स्वास्थ्य से जुडे महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार रखे।

मंत्री डॉ राजकुमार रंजन सिंह ने कहा, ''मुझे प्रगति ईविचार साहित्य महोत्सव 2023 में हिस्सा लेते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। हालांकि हम नियमित रूप से पुस्तकों का प्रकाशन करते हैं, समुदायों में रीडिंग की आदतों को बढावा देने के लिए इस तरह के महोत्सवों का नियमित आयोजन भी जरूरी हैं। यह पीवीएलएफ के आयोजकों द्वारा उपलब्ध कराया गया अच्छा अवसर है, आने वाले समय में भी हम इस तरह की गतिविधियां जारी रखेंगे। भारत जल्द ही विश्व गुरू होगा।''प्रणव गुप्ता महोत्सव के निदेशक ने कहा ''एक साल की अवधि में हमारे इस आयोजन को जबरदस्त सफलता मिली। पांच दिवसीय वर्चुअल एवं एक दिवसीय फिजिकल आयोजन में जाने-माने प्रवक्ताओं ने हिस्सा लिया। उर्जा से परिपूर्ण सत्र हुए, जहां प्रकाशन एवं साहित्य से जुडे महत्वपूर्ण पहलुओं पर रोशनी डाली गई। अगर हम पीवीएलएफ एक्सीलेन्स अवॉर्ड की बात करें तो हम कई अन्य श्रेणियों में विस्तार कर चुके हैं। हम अंग्रेजी और हिंदी में पीवीएलएफ रीडर्स चॉइस अवॉर्ड्स लेकर आए। हिंदी भाषा को हमने इसी साल शामिल किया। वहीं पीवीएलएफ पब्लिशर्स चॉइस अवॉर्ड की बात करें तो इसे पांच श्रेणियों में बांटा गया है- एजुकेशन एक्सपर्ट, ट्रेड पब्लिशिंग, चिल्ड्रन बुक पब्लिशिंग और हिंदी। आने वाले समय में भी कई क्षेत्रीय भाषाओं को भी शामिल करेंगे।''कपिल गुप्ता, महोत्सव के निदेशक ने कहा ''प्रगति ई विचार साहित्य महोत्सव सबसे शानदार साहित्य महोत्सवों में से एक है। इस साल हमारे प्रगति ई-प्लेटफॉर्म्स पर 400000 मिनट की व्यूअरशिप मिली और हमारे अवॉर्ड्स के लिए 220000 वोट मिले। यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। अगला साल और भी बडा होने वाला है। मुझे खुशी है कि हमने दर्शकों के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत की और सोल्ह वैलनैस को भी अपनी साथ जोडा।'

# भावी पीढ़ियों के स्वास्थ्य को प्राकृतिक खेती को अपनाएं किसानः धुमन

## सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष ने किसानों संग सुना मन की बात कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र,

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात में विशेष 12 स्थानों पर किसानों समेत अन्य समुदाय से संवाद किया, जिनमें कुरुक्षेत्र लोकसभा संसदीय क्षेत्र और थानेसर विधानसभा के सबसे बड़े ग्रामीण क्षेत्र किरमिच गांव को चुना गया। जहां वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह किरमिच के नेतृत्व में किसानों ने पीएम से संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को मोटे अनाज के महत्व के साथ-साथ अनेक बातें साझा की है। उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने मन की बात कार्यक्रम को सुनने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मन की बात आमजन के आकर्षण का केंद्र बन गया है, लोग मन की बात कार्यक्रम का अब इंतजार करते हैं, पीएम नरेंद्र मोदी मन की बात के जरिए जनता के मन को छू रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को बाजरे की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करते हुए मन की बात रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में भारत के लोगों द्वारा बाजरे से विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं, जो


प्रधानमंत्री से मन की बात कार्यक्रम में मौजूद सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह व ग्रामीण।

भारत के अलावा अन्य देशों में भी मशहूर हो रहे हैं। ऐसा करने से बाजरे की खेती से जुड़े किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

भारत में वर्ष 2023 में हो रहे जी-20 सम्मेलन में आने वाले मेहमानों के लिए बाजरे से बने व्यंजन तैयार करवाए जा रहे है ताकि वे भी भारतीय मोटे अनाज बाजरे का स्वाद चख सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार मोटे अनाज व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक व प्रेरित कर रही है, ताकि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके।

उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि हमें भविष्य में प्राकृतिक व मोटे अनाज की खेती की ओर रुख करना होगा ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य को ठीक रख सकें और स्वस्थ भारत का निर्माण कर सकें। भारत में वर्ष 2023 में हो रहे जी-20 सम्मेलन में आने वाले मेहमानों के लिए बाजरे से बने व्यंजन तैयार करवाए जा रहे हैं ताकि वे भी भारतीय मोटे अनाज बाजरे का स्वाद चख सके। भारत सरकार द्वारा ऐसे लोगों को पद्मश्री पुरस्कार दिए गए हैं। जिन्होंने आदिवासी जनजाति से संबंधित लोगों के जीवन से देश के अन्य लोगों को परिचित करवाया है। इसके अलावा ऐसी महान अनुभूतियों को भी पद्मश्री अवार्ड दिया गया है, जिन्होंने नक्सलवादियों को नक्सलवाद छोड़ने के लिए प्रेरित किया है। ऐसे नायकों के जीवन परिचय से हमें अच्छे काम करने की प्रेरणा लेनी चाहिए।


आसमान में छाए बादल व गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

## बारिश से बढ़ी ठंड गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद


**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**रविवार** को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह जब लोग नींद से जागे तो आसमान में काले बादल छाए हुए थे। दोपहर को बारिश हुई। रविवार को अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम के बदले मिजाज के साथ हो रही बारिश के साथ बढ़ी ठंड से भले आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है परंतु वर्तमान समय में हुई बारिश अधिकांश किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। खासकर गेहूं की फसलों को इससे लाभ मिलेगा। रविवार दोपहर को शुरू हुई बारिश रात तक जारी रही। सोमवार को भी बारिश की संभावना है। इससे रबी फसलों को काफी फायदा पहुंचेगा। बारिश होने से गेहूं को खेतों में सिंचाई करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। वहीं बारिश होने के बाद खेतों में कीटों का प्रभाव भी कम होगा। जिससे फसलों को फायदा मिलेगा। वहीं जिन किसानों को खेतों में सिंचाई करने की आवश्यकता थी। उन्हें फिलहाल सिचाई नहीं करना होगा। वहीं बारिश के साथ बढ़ी ठंड से गेहूं फसल को फायदा है। गेहूं फसल के लिए अधिक ठंड का होना फायदेमंद माना जाता है। इससे पौधे व फसल पुष्ट होने के साथ उत्पादन अधिक होता है। अन्य फसलों को भी बारिश से फायदा है। बारिश से आलू की फसल में अब सिचाई की आवश्यकता नहीं रही। वहीं आलू के झुलसा रोग में भी बारिश से फायदा मिलेगा। इस रोग का प्रभाव कम होगा। अत्यधिक बारिश होने की स्थिति में आलू को हल्की हानि हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कैंप में स्वयंसेविकाओं को सिखाएं आत्मरक्षा के गुर


आत्मरक्षा के गुर सीखती छात्राएं।

**कुरुक्षेत्र।** प्रशिक्षक राजेश शर्मा ने बताया कि स्वयं सेविकाओं को हमला होने की स्थिति में बचाव की भिन्न-भिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया जिनके द्वारा नए केवल अपना बचाव किया जा सकता है बल्कि असामाजिक तत्वों को मुंहतोड़ जवाब भी दिया जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सोनिया और डॉक्टर रितु ने कहा कि आज जब छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और देश का नाम विश्व पटल पर चमका रही हैं तो इस दौरान उन्हें अक्सर असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ की घटना का शिकार होना पड़ता है। जिसके लिए सभी छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देना बहुत जरूरी हो जाता है। महाविद्यालय प्राचार्या उर्मिला सिंह ने कहा कि जब भी छात्राओं को किसी भी छेड़छाड़ की घटना का शिकार होना पड़े तो उन्हें इस घटना को छिपाना नहीं है बल्कि अपने शिक्षकों अपने अभिभावकों और पुलिस को तुरंत ही सूचना देनी चाहिए जिससे कि असामाजिक तत्वों को दंड दिया जा सके क्योंकि छेड़छाड़ की दिशा में चुप रहने से इस तरह की हरकत करने वालों का मनोबल बहुत ही बढ़ जाता है और घटना की पुनरावृति बढ़ जाती है।

### खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्याम भक्त


गायक लखबीर सिंह लक्खा भजनों की प्रस्तुति देते हुए।

**कुरुक्षेत्र।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में 429वां श्रीश्याम संकीर्तन आयोजित किया गया। आयोजक सुभाष चंद सिंगला, पंकज सिंगला, अरुण, रवि, विमला देवी और रेणु सिंगला आदि परिवारजनों ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में गायक लखबीर सिंह लक्खा और कैथल से बहादुर सैनी ने मधुर भजनों से समां बांधा। आ गया खाटू वाला..., थाली भर कै लाई रै खिचड़ौ..., खाटू वाले श्याम बिहारी कलिकाल में है महिमा तुम्हारी, दिल की पतंग में सांवरे..., देता हरदम सांवरे तू हारे का साथ..., चल खाटू की नगरी सेठ बना देंगे बाबा..., श्याम ऐसी कृपा बरसा दे..,हम तो बाबा के भरोसे चलते है इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। खाटू श्याम कथा में बताया गया कि खाटू श्याम जी हारे के सहारे के नाम से जगत में विख्यात हैं। संकीर्तन में भक्तों ने तीन बाणधारी की जय व अहिल्यावती के लाल की जय इत्यादि पवित्र जयकारा लगाया। श्याम आरती में अरुण गोयल, प्रियान्शु तायल, मोहित तायल, ए.पी.चावला, श्याम जुनेजा, प्रेम प्रकाश शाक्य, राकेश सिंगला, योगेन्द्र अग्रवाल, वेद प्रकाश, मुखी लाल, शुभम, सुशील गेरा, सतीश मेहता, कीर्ति तायल, ऋतु मंगल सहित अन्य शामिल रहे।

### महाशिवरात्रि के उपलक्ष में निकाली प्रभातफेरी में झूमे श्रद्धालु


प्रभातफेरी के आयोजकों को सम्मानित करते विधायक व अन्य।

**शाहाबाद मारकंडा।** श्री मारकंडेश्वर महादेव शिव मंदिर सभा के तत्वावधान में महा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में प्राचीन श्रीशिव मंदिर द्वारा निकाली जा रही प्रभातफेरियों की श्रृंखला में रविवार की प्रभातफेरी विश्वास काम्प्लेक्स किशनगढ़ रोड पर आयोजित की गई। शिव मंदिर के पुजारी पंडित महावीर प्रशाद शर्मा ने विधि विधान से पूजा करवाई। प्रभातफेरी का शुभारंभ अजय मोंगा ने महामंत्र ओम नमः शिवाय की मधुर धुन और प्रदीप करावा ने गणपति वंदना गाकर किया। भजनों की लड़ियां पिरोते हुए अंकुश गोयल, निकुंज करावा, कशिश अरोड़ा, सागर कोहली, हर्ष करावा, मोहित गोस्वामी, गुलशन मयूर, रविराज, मृत्युंजय शास्त्री ने एक के बाद एक सुंदर भजन गाकर आए हुए श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। बाल कलाकार निकुंज करावा ने बाबा खाटू श्याम के भजन गाकर सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रीमारकंडेश्वर महादेव शिव मंदिर सभा की ओर से शुगरफेड के चेयरमैन एवं विधायक रामकरण, नगरपालिका प्रधान गुलशन कवात्तरा, मंदिर सभा के प्रधान जगमोहन मनचंदा एवं सचिव संजीव भसीन ने आयोजक परिवारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन करते हुए विजय शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया और आगामी प्रभातफेरी की जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की प्रभातफेरी सुरेश गर्ग परिवार की तरफ से प्राचीन श्री शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित की जाएगी। इस मौके पर बलदेव राज सेठी, मुलखराज गुंबर, गौरव बेदी, राजू चावला, राज सतीजा, संदीप आनंद, पार्षद अमित सिंघल, पार्षद ईशु सचदेवा, ज्ञान चंद कालड़ा, डोना कालड़ा, अमित गुप्ता, कमित सचदेवा, प्रिंस मक्कड़, सुदर्शन कक्कड़, नीरज गुप्ता, नवीन आहूजा, विजय तुली, सुभाष मदान, रवनीष कटारिया, कपिल मनोचा, आकाश आनन्द, राज मक्कड़, संदीप नैय्यर, नाटी कवात्तरा, गुल्लू वर्मा, ललित अरोड़ा, विकास सचदेवा, विजय धवन व नरेंद्र अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## गुरु रविदास व संत रामानंद के जन्मदिवस पर लगा चाय का लंगर


लंगर की सेवा करते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**रविवार** को बेगमपुरा मानव सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में नए बस स्टैंड के पास संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती व रविदासिया कौम के अमर शहीद संत रामानंद के प्रकाशोत्सव पर बस स्टैंड पर चाय बिस्किट की लंगर लगाया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में पब्लिक हेल्थ के एक्सईएन अनिल चौहान व प्रिंसिपल राजेंद्र मुख्य रूप से पहुंचकर तथागत बुद्ध, गुरु रविदास व संत रामानंद के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। अनिल चौहान ने अमर शहीद संत रामानंदजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रामानंद जी ने देश विदेश की धरती पर जा कर गुरु रविदास की मानवतावादी सोच का प्रचार-प्रसार किया और गुरु रविदास के संदेश अंधविश्वास व पाखंड के खिलाफ दुनिया को सच की राह दिखाई। प्रिंसिपल राजेंद्र ने कहा कि गुरु रविदास के मार्ग पर चलकर जात पात को त्याग देना चाहिए। देश और इंसानियत के प्रति ईमानदारी से काम करना चाहिए। मौके पर ट्रस्ट के सचिव सुनील, मिजार्पुर कोषाध्यक्ष, अशोक सुनेहडी, समीर, संजीव तोमर, नवीन बुक्कल आदि मौजूद रहे।

## गुरु रविदास जयंती को लेकर एससी मोर्चा ने की बैठक

**कुरुक्षेत्र।** सर्किट हाउस में संत शिरोमणी श्रीगुरु रविदास महाराज की 647वीं जयंती के संदर्भ में अनुसूचित जाति मोर्चा की एक विशेष बैठक रखी गई। बैठक जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह कनिपला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रवि बतान रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान ने मंडल पदाधिकारियों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहाकि हरियाणा सरकार द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती का कार्यक्रम तीन फरवरी को जगाधरी में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक अंबाला से सांसद रतन लाल कटारिया व सह संयोजक के तौर पर प्रदेश महामंत्री डॉक्टर पवन सैनी व साढौरा से पूर्व विधायक बलवंत सिंह रहेंगे। कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी होंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ईशर सिंह धर्मसौत, विशाल सौदा, जिला उपाध्यक्ष बाबू राम रुआ आदि मौजूद रहे।

## इंसान सकारात्मक मन से जीवन को जिए तो पृथ्वी पर उसका आना सार्थक : जैन

### आज देश के युवा को नशे से बचाने की आवश्यकता

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास की शिक्षा मनचंगा तो कटौती में गंगा का संदेश मानव को जीने की राह दिखाता है, इंसान सकारात्मक मन से जीवन को जिये तो पृथ्वी पर उसका आना सार्थक हो जाता है।

ये विचार राजीव जैन ने लहराडा गांव में स्थित रविदास भवन में रविदास जयंती के उपलक्ष में आगामी 5 फरवरी तक चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और संत रविदास की शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। राजीव जैन ने कहा कि


रविदास भवन में भाजपा नेता स्मृति चिन्ह भेंट करते रविदास भवन के पदाधिकारी।

संत महापुरुष आपसी सद्भाव, भाईचारा, प्यार, प्रेम, द्वेष से कोसों दूर रहने तक सामाजिक बुराइयों के खिलाफ डटकर खड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा को नशे से बचाने की आवश्यकता है, शरीर और मन से स्वस्थ युवा ही देश को सशक्त कर आगे बढ़ाने में योगदान दे सकता है। युवा गायक दीपक बौद्ध ने भजन के माध्यम से संत रविदास की शिक्षाओं का व्याख्यान किया तथा दीपक जुलाना ने सांग प्रस्तुत किया। आगामी 5 फरवरी को जयंती के अवसर पर परिसर में संत रविदास की प्रतिमा भी स्थापित की जायेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संत रविदास कल्याण सभा के अध्यक्ष प्रीतम बौद्ध, कृष्ण भाटिया, संदीप लखी, अनिल ग्रोवर, वेद कालूपुर, सत्यवान बिशन, राजकुमार रंगा, हवा सिंह चोपड़ा, मास्टर हमीद आदि व्यक्ति मौजूद थे।

## स्टैनो कैडर की जायज मांगों को पूरा करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**ताज** पार्क सेक्टर-10 में स्टेनो वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसका संचालन अजय कुमार स्टेनो कोषाध्यक्ष ने किया और अध्यक्षता शिवकुमार ने की। दीपक जांगड़ा विशिष्ट सहयोगी रहे। बैठक में स्टैनो कैडर के वेतनमान, स्पेशल पे 5000 करने बारे और अन्य विसंगतियों पर चर्चा हुई।

ऐसी कई मांगों को लेकर भारी रोष जताया गया जो कई साल से अटकी हैं। सरकार से मांग की गई कि स्टैनो कैडर की जायज मांगों, वेतनमान और पदोन्नति से जुड़ी विसंगतियों को शीघ्र दूर करें अन्यथा जल्द ही स्टैनो वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में


बैठक में मौजूद स्टेनो वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।

मजबूत अभियान चलाया जाएगा। पेंशन बहाली संघर्ष समिति की जिला कुरुक्षेत्र की कार्यकारिणी ने भी स्टैनो कैडर की मांगों पर अपना पूर्ण समर्थन दिया। समिति के जिला प्रधान नरेश फूले तथा जिला संरक्षक डॉक्टर रविदत्त शर्मा ने सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की और 19 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए स्टैनो वेलफेयर एसोसिएशन को भी आमंत्रित किया। बैठक में इस अवसर पर गुरदीप रावल स्टैनो, अनिल कुमार वरिष्ठ आशुलिपिक, पुनीत स्टैनो इत्यादि कर्मचारी मौजूद थे।

## वीके चोपड़ा ने डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** शाहाबाद

**डीएवी** शताब्दी पब्लिक स्कूल का डीएवी मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली के डायरेक्टर वीके चोपड़ा ने निरीक्षण किया। स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्य कंवल गाबा ने डायरेक्टर वीके चोपड़ा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

इस दौरान स्कूल के वाइस चेयरमैन अनिल गुप्ता, डीएवी कॉलेज पेहवा के प्रिंसिपल डॉ केडी झा, डीएवी लुखी के प्रधानाचार्य गजेंद्र शर्मा, स्थानीय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी बलदेव राज सेठी सहित सभी शिक्षक गण मौजूद रहे। डायरेक्टर वीके चोपड़ा ने स्कूल का निरीक्षण किया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए वीके चोपड़ा ने शिक्षा को उच्च स्तर पर कैसे पहुंचाया जाए, इसके बारे में शिक्षकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक और विद्यार्थी के बीच में गहन रिश्ता होना चाहिए। चोपड़ा ने कहा कि शिक्षक को विद्यार्थी के लिए दिन-रात सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में तो सब लोग विद्यार्थियों का ध्यान रखते ही हैं लेकिन विद्यार्थी घर में कितना समय अपनी पढ़ाई को दे रहा है। इसका भी शिक्षक को अपने स्तर पर मूल्यांकन करना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हुए जिंदगी में सफल हुए अनेक व्यक्तियों का उदाहरण दिए।

## विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए अब जरूरी हुई पंजीकरण प्रक्रिया

**शाहाबाद मारकंडा।** एसडीएम कपिल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ विवाह के ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के उपरांत ही पात्र लाभार्थियों को दिया जाएगा। इसके लिए लाभ पात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है।

मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के छ: महीने पूरे होने से पहले शादी.ईदिशा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने उपरांत ही विवाहित कन्या के माता-पिता को उक्त योजना का अनुदान दिया जाएगा। एसडीएम कपिल शर्मा ने कहा कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है।


## नैचुरल्स का स्पेशल ऑरेंज पिस्टेशियो, फ्रूटी डिलाइट नया फ्लेवर पेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नैचुरल्स** का नया ऑरेंज पिस्टेशियो फ्लेवर, एक ऑरेंज बर्फी के फ्रूटी और टैंगी स्वाद से प्रेरित है। इस स्वादिष्ट आइसक्रीम को हर उम्र के लोग पसंद करते हैं, यह ऑरेंज और पिस्टेशियो जैसे टर्किश डिलाइट्स से भी प्रभावित है जो टर्की में सबसे मीठे व्यंजनों का बेसिक कॉम्बिनेशन है।

नैचुरल्स स्थानीय फलों को लोकप्रिय बनाने में आगे रहा है और अब यह एक बार फिर एक और अनोखा ओरिजिनल फ्लेवर वाला आइसक्रीम लेकर आया है। जिसमें दूध और चीनी के शानदार मिश्रण के साथ गुद्देदार नारंगी और कुरकुरेदार भुने हुए पिस्ते का भी स्वाद मिलेगा। जो हर बाईट में एक शानदार फ्लेवर का एहसास कराता है। प्रो टिप- इस स्वादिष्ट आइसक्रीम को खाने से पहले इसे थोडा नरम होने दें। दिसम्बर 2022 में इसे स्टोर्स तक पहुंचाने की सारी तैयारी हो गई है जिसके बाद यह देश में मौजूद नैचुरल्स के सभी आउटलेट्स में स्टॉक खत्म होने तक आसानी से मिल जाएगा। आप स्विगी, जोमैटो और थ्राइव जैसे फूड डिलीवरी एप्लीकेशनों पर ऑनलाइन ऑर्डर करके इसे अपने घर भी मंगा सकते हैं।


## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राई रेस्ट हाउस में सुना मन की बात कार्यक्रम

### मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने किसानों को बाजरे की खेती को बढ़ावा देने के लिए किया प्रेरित

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल खट्टर ने रविवार को अपने सोनीपत दौरे के दौरान पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को बाजरे की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में भारत के लोगों द्वारा बाजरे से विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं जो भारत के अलावा अन्य देशों में भी मशहूर हो रहे हैं। ऐसा करने से


रेस्ट हाउस में मन की बात सुनते सीएम मनोहर लाल खट्टर।

बाजरे की खेती से जुड़े किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

उन्होंने कहा कि भारत में वर्ष 2023 में हो रहे जी-20 सम्मेलन में आने वाले मेहमानों के लिए बाजरे से बने व्यंजन तैयार करवाए जा रहे हैं ताकि वे भी भारतीय मोटे अनाज बाजरे का स्वाद चख सकें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष भारत सरकार द्वारा ऐसे लोगों को पदमश्री पुरस्कार दिए गए हैं। जिन्होंने आदिवासी जनजाति से संबंधित लोगों के जीवन से देश के अन्य लोगों को परिचित करवाया है। इसके अलावा ऐसी महानुभूतियों को भी पदमश्री अवार्ड दिया गया है, जिन्होंने नक्सलवादियों को नक्सलवाद छोड़ने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे नायकों के जीवन परिचय से हमें अच्छे काम करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। भारत के इसी लोकतंत्र पर एक किताब इंडिया द मदर ऑफ डेमोक्रेसी लिखी गई है, जिसमें हमारे लोकतंत्र इतिहास व संस्कृति के बारे में लिखा गया है। प्रधानमंत्री ने लोगों का आह्वान किया कि देश के प्रत्येक नागरिक को यह किताब अवश्य पढ़नी चाहिए और दूसरे लोगों को भी इसको पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इसके अलावा, हमें इस किताब का प्रचार प्रसार करना चाहिए ताकि अन्य देशों के लोगों को भी भारत के समृद्ध लोकतंत्र के बारे में परिचित करवाया जा सके। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि हरियाणा सरकार मोटे अनाज व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक व प्रेरित कर रही है, ताकि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि हमें भविष्य में प्राकृतिक व मोटे अनाज की खेती की ओर रुख करना होगा ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य को ठीक रख सकें और स्वस्थ भारत का निर्माण कर सकें।

# विमान हादसा : मिराज का पूरा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर मिला, सुखोई का आधा

## मुरैना के एसपी आशुतोष बागरी ने कहा, पुलिस समेत अन्य एजेंसी सुखोई के एफडीआर के शेष हिस्से को ढूंढ रहीं

एजेंसी। मुरैना (मप्र)

**मध्यप्रदेश** के मुरैना जिले में एक दिन पहले दुर्घटनाग्रस्त हुए भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों (एक सुखोई-30 एमकेआई और एक मिराज-2000) में से एक विमान का पूरा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (ब्लैक बॉक्स) मिला है, जबकि दूसरे विमान के फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का आधा हिस्सा ही मिला है। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी।

मुरैना जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने फोन पर बताया, मिराज का ब्लैक बॉक्स मुरैना जिले के पहाड़गढ़ इलाके में मिल गया है। सुखोई विमान के ब्लैक बॉक्स का आधा हिस्सा भी पहाड़गढ़ इलाके में मिला है। हो सकता है कि इसके ब्लैक बॉक्स का शेष हिस्सा पहाड़गढ से सटे राजस्थान के भरतपुर में गिरा होगा। फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर एक छोटी मशीन है जो उड़ान के दौरान एक विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करती है और इसका उपयोग दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए किया जाता है। बागरी ने कहा, भारतीय वायुसेना, पुलिस और अन्य लोग सुखोई के फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर के शेष हिस्से की तलाश कर रहे हैं।

### मिराज विमान के पायलट विंग कमांडर हनुमंत राव सारथी की हो गई थी मौत

मालूम हो कि मुरैना जिले में शनिवार को भारतीय वायुसेना के ए दो लड़ाकू विमान एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे जिसमें मिराज विमान के पायलट विंग कमांडर हनुमंत राव सारथी की मौत हो गई, जबकि सुखोई विमान के दो पायलट विमान से सुरक्षित बाहर निकल गए थे और उन्हें घायल अवस्था में एक सैन्य अस्पताल ले जाया गया था। रक्षा विशेषज्ञों ने कहा था कि यह संभव है कि रूस में डिजाइन किए गए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान और फ्रांसीसी मिराज-2000 के बीच आसमान में टक्कर हुई हो, लेकिन भारतीय वायुसेना की ओर से इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई। अधिकारियों के अनुसार हादसे की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं।



# ऑस्ट्रेलिया में खो गया रेडियोधर्मी कैप्सूल, तलाश जारी

एजेंसी। पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)

**पश्चिमी** ऑस्ट्रेलिया के अधिकारी एक छोटे लेकिन जानलेवा रेडियोधर्मी कैप्सूल की तलाश कर रहे हैं जो खदान ने पर्थ शहर के डिपो तक ट्रक से पहुंचाए जाने के दौरान गायब हो गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आपात सेवाओं के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास उपकरणों की कमी है जिसकी वजह से उन्होंने राष्ट्रमंडल और अन्य राज्यों से मदद मांगी है। दमकल और आपात सेवा विभाग ने रेडियोधर्मी उपकरणों का पता लगाने वाले उपकरणों और मेटल डिटेक्टर के साथ अपनी टीमें 36 किलोमीटर लंबे रास्ते पर आठ मिलीमीटर गुणा छह मिलीमीटर आकार के कैप्सूल की तलाश करने के लिए तैनात की हैं। माना जा रहा है कि यह कैप्सूल न्यूमैन स्थित रियो टिंटो खदान से 1400 किलोमीटर दूर पर्थ के उपनगर मलागा लाने के दौरान ट्रक से कहीं गिर गया है। अधीक्षक डेरिल रे ने बताया, हम नंगी आंखों से देखकर छोटी सी वस्तु की तलाश करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हम अपनी तलाश उत्तरी पर्थ और रणनीतिक रूप से अहम ग्रेट नॉर्थन हाईवे में केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम विकिरण का पता लगाने वाले उपकरण का इस्तेमाल गामा किरणों का पता लगाने में कर रहे हैं।

# कुछ लोग चीन मुद्दे के बारे में फैला रहे हैं गलत जानकारी : जयशंकर

## विदेश मंत्री ने अपनी किताब 'द इंडिया वे' के विमोचन के मौके पर कहा

एजेंसी। पुणे

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए शनिवार को कहा कि कुछ लोग जानबूझकर चीन मुद्दे के बारे में गलत जानकारी फैला रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि 1962 में चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया था, जबकि कुछ लोग ऐसा बताते हैं कि यह हाल ही में हुआ है।

यहां पुणे में अपनी किताब द इंडिया वे के मराठी अनुवाद भारत मार्ग के विमोचन के मौके पर जयशंकर ने सवाल-जवाब सत्र के दौरान यह बात कही। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी जल समझौते (आईडब्ल्यूटी) को लेकर कहा कि यह एक तकनीकी मामला है और दोनों देशों के सिंधु आयुक्त इस मुद्दे पर एक-दूसरे से बात करेंगे।

भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को लेकर कुछ लोगों या राजनीतिक दलों के नेताओं के भारत सरकार पर विश्वास की कमी के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्री ने कहा कि विपक्ष में कुछ लोग हैं जिनकी ऐसी सोच है जिसे समझना उनके लिए बेहद मुश्किल है। हालांकि, उन्होंने कहा कि कभी-कभी ऐसे लोग जानबूझकर चीन के बारे में गलत खबरें या जानकारी फैलाते हैं।




### लोगों को क्यों कर रहे हैं गुमराह

**जयशंकर** ने कहा, अगर आप पूछना चाहते हैं कि उन्हें भरोसा क्यों नहीं है, वे लोगों को गुमराह क्यों कर रहे हैं, चीन के बारे में गलत खबर क्यों फैला रहे हैं? मैं इन सवालों का जवाब कैसे दे सकता हूं? क्योंकि मैं जानता हूं कि वे भी राजनीति कर रहे हैं। कभी-कभी वे जानबूझकर ऐसी खबरें फैलाते हैं और वे जानते हैं कि यह सच नहीं है।

### 1962 में ली थी कुछ जमीन

**विदेश** मंत्री ने किसी का नाम लिए बिना कहा, कभी-कभी वे कुछ जमीन की बात करते हैं, जिसे चीन ने 1962 में ले लिया था, लेकिन वे आपको सच नहीं बताएंगे। वे आपको यह आभास कराएंगे कि यह घटना कल ही हुई थी।



## मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना शुरू की जाएगी : चौहान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की कि लाड़ली लक्ष्मी योजना की तरह अब प्रदेश में लाड़ली बहना योजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत सभी वर्गों की गरीब महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये मिलेंगे। उन्होंने यह ऐलान शनिवार रात को नर्मदा जयंती के अवसर पर नर्मदा नदी के पवित्र तट पर नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में किया।

शिवराज ने कहा, लाड़ली लक्ष्मी योजना की तरह अब प्रदेश में लाड़ली बहना योजना शुरू की जाएगी। योजना में सभी वर्गों की गरीब बहनों को प्रति माह 1,000 रुपये यानी हर साल 12,000 रुपये मिलेंगे और यदि उन्हें अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है, तो वह पूर्ववत मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि योजना पर पांच वर्षों में अनुमानित 60,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना प्रदेश की बहनों की जिंदगी को और बेहतर बनाएगी। उन्होंने कहा, मुझे मेरी बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करना है। बहनें सशक्त होंगी, तो परिवार सशक्त होगा। परिवार सशक्त होगा, तो समाज सशक्त होगा। समाज सशक्त होगा, तो प्रदेश सशक्त होगा।

# पेटेंट दाखिल करने के मामले में भारत का विश्व में सातवां स्थान : प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश में घेरलू स्तर पर दाखिल किए जाने वाले पेटेंट की संख्या विदेशों से दाखिल किए जाने वाले पेंटेंट से अधिक हो गई है और उन्हें विश्वास है कि तकनीकी दशक होने का भारत का सपना इन नवोन्मेषकों के दम पर पूरा होगा। मोदी ने नए साल में अपने पहले मन की बात कार्यक्रम में कहा कि यह देश की बढ़ती वैज्ञानिक क्षमता को रेखांकित करता है।

प्रधानमंत्री प्रौद्योगिकियों के विकास वाले इस दशक के लिए तकनीकी दशक शब्द का पहले भी प्रयोग कर चुके हैं। इनमें से बहुत सारी प्रौद्योगिकियां भारत में ईजाद की गई हैं। मोदी ने कहा कि पेटेंट दाखिल करने के मामले में भारत का विश्व में स्थान सातवां है, जबकि ट्रेडमार्क पंजीकरण में वह पांचवें नंबर पर है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में भारत के पेटेंट पंजीकरण में 50 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक में भारत 2015 में 80वें स्थान के मुकाबले अब 40वें पायदान पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि तकनीकी दशक बनने का भारत का सपना उसके नवोन्मेषकों और उनके द्वारा दाखिल किए जाने वाले पेटेंट से पूरा होगा।



तकनीकी दशक बनने का भारत का सपना नवोन्मेषकों और उनके पेटेंट से साकार होगा | प्रधानमंत्री ने कहा, यह देश की बढ़ती वैज्ञानिक क्षमता को करता है रेखांकित

मोदी ने कहा कि प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान संस्थान ने 2022 में 145 पेटेंट कराए हैं, जो एक शानदार मिसाल है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पद्म पुरस्कार से सम्मानित लोगों में संगीत की दुनिया को मजबूत करने वाले लोगों के अलावा कई आदिवासी या ऐसे लोग शामिल हैं, जो समुदाय के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से विजेताओं के बारे में पढ़ने की अपील की और कहा कि उनकी गाथाएं नई पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी।

## लंबी दूरी की मिसाइल सैन्य विमान उपलब्ध कराने के लिए वार्ता तेज : यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगी युद्ध प्रभावित देश को लंबी दूरी की मिसाइलें और सैन्य विमान उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर फास्ट ट्रैक वार्ता कर रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह बात कही। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के सलाहकार मिखाइलो पोदोल्याक ने कहा कि पश्चिम में यूक्रेन के समर्थक समझते हैं कि युद्ध में वास्तविक रूप से क्या हो रहा है, वे जानते हैं कि कीव को बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों को सुरक्षा कवच मुहैया कराने में सक्षम उन विमानों की आपूर्ति करना कितना आवश्यक है, जिसकी अमेरिका और जर्मनी ने इस महीने की शुरुआत में प्रतिबद्धता जताई थी।

## मप्र : सहायक जेलर के घर पर लोकायुक्त का छापा

# आय के ज्ञात स्रोतों से सौ गुना अधिक संपत्ति मिली

एजेंसी। ग्वालियर

**मध्य प्रदेश** लोकायुक्त पुलिस ने मुरैना में पदस्थ एक सहायक जेलर के दो ठिकानों पर छापा मारकर उसकी आय के ज्ञात स्रोतों से 100 गुना अधिक संपत्ति मिलने का खुलासा किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सहायक जेलर के ठिकानों पर शनिवार को छापा मारा गया और इस दौरान उनके पास 12.5 लाख रुपये नकद, करीब 12 लाख रुपये कीमत के जेवरात और मकान एवं भूखंड होने की जानकारी सामने आई। लोकायुक्त के पुलिस उपाधीक्षक राघवेंद्र ऋषिश्वर ने



बताया कि शनिवार सुबह मुरैना जेल में पदस्थ सहायक जेलर हरिओम शर्मा के घर पर लोकायुक्त पुलिस ने छापा मारा, जिसमें उनकी संपत्ति आय के ज्ञात स्रोतों से सौ गुना से ज्यादा मिली। ऋषिश्वर ने कहा, इस छापे में शर्मा के ग्वालियर स्थित मकान से 12.5 लाख रुपये नकद, करीब 12 लाख रुपये कीमत के जेवरात और दीनदयाल नगर (ग्वालियर) स्थित एक मकान के कागजात मिले हैं।

### आरोपी का बैंक लॉकर भी जल्दी ही खोला जाएगा

इसके अलावा, जमीन संबंधी कुछ दस्तावेज भी बरामद हुए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। ऋषिश्वर ने बताया कि सहायक जेलर की अनुपातहीन संपत्ति की शिकायत की जांच लोकायुक्त द्वारा पहले से ही की जा रही थी और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की जा रही है। ऋषिश्वर ने बताया कि सहायक जेलर का बैंक लॉकर भी जल्दी ही खोला जाएगा।

## हत्या के दोषी तीन भाइयों समेत चार को आजीवन कारावास

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले की एक अदालत ने हत्या के जुर्म तीन सगे भाइयों सहित चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उनपर 38 हजार का जुर्माना भी लगाया। जिला शासकीय अधिवक्ता रणधीर सिंह ने रविवार को बताया कि उतरौला कस्बे के आर्य नगर में पवन कुमार नामक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसके सिलसिले में 23 मई 2007 को शिवपूजन उर्फ पप्पू ने मुकदमा दर्ज कराया था। सिंह के अनुसार शिवपूजन ने आरोप लगाया था कि मोहल्ले के तीन सगे भाई हबीब, उमर और महबूब एवं अकील खान तथा नरेंद्र कुमार मिश्र आदि ने उसके भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था।

# खुली जेलें पतंग की तरह, जहां कैदी डोर में बंधकर आजादी से रह सकते हैं : न्यायाधीश कौल

एजेंसी। जयपुर

**उच्चतम** न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शनिवार को कहा कि खुली जेलें पतंग की तरह होती हैं, जहां कैदी डोर में बंध कर आजादी से रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि खुली जेल में रहने वाले कैदियों को रहने की व्यवस्था दी जाती है जिसमें कुछ अंकुश भी होते हैं और जो नियम का पालन नहीं करते उन्हें नियमित जेलों में भेज दिया जाता है। न्यायमूर्ति कौल, जो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं, यहां एक गैर-लाभकारी संगठन प्रिजन ऐड एक्शन रिसर्च (पीएआर) द्वारा आयोजित कार्यक्रम पतंग में भाग लेने के लिए आए थे।

उन्होंने जेल अधिकारियों को खुली जेलों में रहने की बेहतर व्यवस्था के लिए पक्की छत के अलावा वहां ऐसे और घर बनाने के उपाय भी सुझाए ताकि राजस्थान के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी कैदी परिवार के साथ बेहतर जीवन जी सकें। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, खुली जेलें पतंग की



तरह होती हैं, जहां आप कुछ बंधी डोरियों के साथ उड़ सकते हैं। यह एक ऐसी व्यवस्था है, जहां आप स्वतंत्र रूप से रह सकते हैं, लेकिन कुछ अंकुशों के साथ।

राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल ने कहा कि हर राज्य में खुली जेल के लिए नियम-कायदे अलग-अलग हैं और समान नियम बनाए जाने के लिए चर्चा की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति मित्थल ने कहा, खुली जेलों के लिए नियमों और विनियमों पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए और उनके लिए समान नियम व कानून होने चाहिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को पहले खुली जेलों में भेजा जाना चाहिए न कि सभी तरह के कैदियों को।

## कैलिफोर्निया में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस में शनिवार तड़के किराए के एक घर में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेवर्ली क्रेस्ट इलाके में दोपहर करीब ढाई बजे गोलीबारी हुई। कैलिफोर्निया में इस महीने हुई यह कम से कम छठी गोलीबारी की घटना है।

लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग के सार्जेंट फ्रैंक प्रीसियाडो ने शनिवार को कहा था कि मारे गए तीन लोग एक वाहन के अंदर थे। पुलिस के प्रवक्ता सार्जेंट ब्रूस बोरिहान ने बताया कि चार घायलों में दो को निजी वाहनों से अस्पताल ले जाया गया और दो अन्य को एम्बुलेंस द्वारा ले जाया गया।

बोरिहान ने बताया कि दो की हालत गंभीर है और दो की हालत स्थिर है। उनकी उम्र और लिंग की पहचान तुरंत जारी नहीं किए गए। उन्होंने बताया कि जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि किराए के घर में कहीं कोई पार्टी तो नहीं थी या किस प्रकार की सभा हो रही थी।

## संक्षिप्त-समाचार

### भारत, संयुक्त राष्ट्र की रणनीतिक सोच में समानताएं : कोरोसी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी ने भारत को ग्लोबल साउथ के अग्रणी देशों में से एक के रूप में वर्णित करते हुए कहा है कि दुनिया में बदलाव की जरूरत को लेकर भारत और संयुक्त राष्ट्र की रणनीतिक सोच में काफी समानताएं हैं। कोरोसी विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को भारत आएंगे। सितंबर 2022 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से यह किसी भी देश की उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा है। कोरोसी ने कहा, मैं काफी उम्मीदों के साथ भारत की यात्रा कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मुझे भारत और संयुक्त राष्ट्र की रणनीतिक सोच में काफी समानताएं दिखती हैं कि दुनिया कैसी दिखनी चाहिए, दुनिया को किस तरह के परिवर्तन की जरूरत है, हम खुद को कैसे बदल सकते हैं, हम इस संगठन को कैसे बदल सकते हैं और हम वैश्विक मामलों में अपने रुख को कैसे बदल सकते हैं। इसलिए, मेरा भागीदारों के लिए मुख्य संदेश होगा-मैं वहां (भारत) सहयोग हासिल करने के लिए जा रहा हूं। जयशंकर के साथ कोरोसी की बातचीत संयुक्त राष्ट्र निकाय के साथ-साथ सतत जल उपयोग के मामले में भारत की भागीदारी पर केंद्रित होने की उम्मीद है।

### पाकिस्तान के कई हिस्सों में आया 6.3 तीव्रता का भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कई हिस्सों में रविवार को 6.3 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। हालांकि, अबतक इससे जानमाल की हानि की कोई खबर नहीं थी। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, भूकंप का केंद्र ताजिकिस्तान में सतह से करीब 150 किलोमीटर की गहराई में था। विभाग ने बताया कि भूकंप का ताजा झटका स्थानीय समयानुसार 12 बजकर 54 मिनट पर महसूस किया गया। हालांकि, भूकंप पर नजर रखने वाले स्वतंत्र ट्रैकर यूरोपीय भूमध्य सागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अटक के करीब आया। जारी हुई एक रिपोर्ट में बताया है कि तत्काल भूकंप से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, भूकंप के झटके इस्लामाबाद, रावलपिंडी और देश के अन्य इलाकों में महसूस किए गए।

# केन्द्रीय बजट में एमएसएमई को विशेष दी जाएं रियायतें

## एआईएफओएम के अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर और महासचिव अनिल चौधरी ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री से मांगी रियायतें

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एआईएफओएम** के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी ने बताया की एमएसएमई उद्यम, जो कि कुल उद्यमों का 95 फीसदी से अधिक संख्या में है। इस आर्थिक मंदी एवं कोविड-19 के कारण अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। एआईएफओएम समय-समय पर भारत सरकार एवं राज्यों सरकारों से एमएसएमई के अनुकूल नीतियां बनाने के लिए मांग करती रही है। उन्होंने यह भी बताया की एआईएफओएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर एमएसएमई के लिए केंद्रीय बजट-2023 में विशेष रियायतें देने का अनुरोध किया है।

### सरकार एमएसएमई के लिए इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम की तर्ज पर छूट दे

श्याम सुंदर कपूर ने बताया की उन्होंने सरकार से एमएसएमई





के लिए इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम की तर्ज पर छूट देने का अनुरोध किया है। साथ ही उन्होंने लिखा है की कोविड-19 और उसके बाद रसिया-यूक्रेन युद्ध के कारण लगभग सभी एमएसएमई में प्रयोग होने वाले कच्चे माल विशेषकर स्टील एवं क्रूड आयल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। जिससे उनकी उत्पादन लागत काफी हद तक बढ़ गयी है। इस बारे बजट में कच्चे माल की कीमतों को नियंत्रित करने के प्रावधान किये जाए। गौरतलब है की एआईएफओएम निरंतर एमएसएमई उद्यमों की भलाई एवं विकास के लिए प्रयासरत है तथा समय-समय एमएसएमई के लिए सेमीनार, कार्यशाला एवं प्रदर्शनी आदि आयोजित करती रहती है।

### दैनिक उपयोग की वस्तुओं से जीएसटी कम करने जैसी कई मांगें रखीं

**कपूर** ने यह भी अनुरोध किया है की सरकार सूक्ष्म (माइक्रो) उद्यमों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा करें क्योंकि एमएसएमई में भी 95 फीसदी सूक्ष्म उद्यम ही आते है। उन्होंने आम जन के लिए दैनिक प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के लिए जीएसटी की दर कम करने, कर-प्रणाली में एकरूपता लाने तथा 80-डी की सीमा बढ़ाने बारे में भी सरकार से अनुरोध किया है।

# मुगल गार्डन का नाम बदलने से क्या ज्वलंत समस्याएं दूर हो जाएंगी : मायावती

एजेंसी। लखनऊ

**राष्ट्रपति** भवन के प्रसिद्ध मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान किए जाने के एक दिन बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को सवाल उठाया कि नाम बदलने से क्या देश के करोड़ों लोगों की दिन प्रतिदिन की ज्वलंत समस्याएं दूर हो जाएंगी।

बसपा प्रमुख ने रविवार सुबह ट्वीट किया, कुछ मुट्ठी भर लोगों को छोड़कर देश की समस्त जनता जबरदस्त महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से त्रस्त है, जिनके निदान पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय धर्मांतरण, नामांतरण, बायकाट और नफरती भाषणों के जरिए लोगों का ध्यान बांटने का प्रयास घोर अनुचित व अत्यंत दु:खद है। उन्होंने आगे लिखा, ताजा घटनाक्रम में राष्ट्रपति भवन के मशहूर मुगल गार्डन का नाम बदलने से क्या देश और यहां के करोड़ों लोगों की दिन-प्रतिदिन की ज्वलंत समस्याएं दूर हो जाएंगी। वरना फिर आम जनता इसे भी सरकार द्वारा अपनी कमियों और विफलताओं पर पर्दा डालने का प्रयास ही मानेगी।

# गाजियाबाद से फरीदाबाद आधे घंटे में पहुंचेंगे

## एफएनजी एक्सप्रेसवे पर नए यमुना पुल बनाने को मंजूरी, नोएडा-हरियाणा करेंगे आर्थिक मदद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



● 600 मीटर के पुल निर्माण में करीब 300 करोड़ का आएगा खर्चा

**फरीदाबाद**- नोएडा -गाजियाबाद (एफएनजी) एक्सप्रेसवे पर नया यमुना पुल बनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए आधा पैसा हरियाणा और आधा नोएडा देगा। एनसीआर के लाखों लोगों को इस एक्सप्रेसवे के बनने पर फायदा होगा। करीब 600 मीटर के पुल निर्माण में करीब 300 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। यमुना पुल के लिए अलाइनमेंट फाइनल होना अभी बाकी है। नोएडा अपनी तरफ से एप्रोच रोड बनवाएगा। फ रीदाबाद की तरफ हरियाणा काम करवाएगा।

यह एक्सप्रेस.वे बन जाने से गाजियाबाद से फ रीदाबाद के बीच नोएडा होते हुए सफर 30 मिनट का हो जाएगा। अब हिंडन पर बिसरख पुल रोड भी एफएनजी से जोड़ते हुए बनकर तैयार हो गई है। इस तरह ग्रेनो वेस्ट और फ रीदाबाद की भी कोई खास दूरी नहीं बचेगी। एनसीआर की अहम कनेक्टिविटी वाले इस एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट में इस पुल को लेकर पेंच फंसा हुआ था। हरियाणा या नोएडा कोई पुल की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं थे। अब एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की तरफ से करवाई बैठक में यमुना पुल निर्माण का यह समाधान निकला।

हरियाणा को काम करवाने के लिए अपनी लिखित स्वीकृति भी नोएडा अथॉरिटी ने दे दी है। पुल की डीपीआर पीडब्ल्यूडी तैयार कराएगी, यह जानकारी नोएडा अथॉरिटी की तरफ से मुख्य सचिव की अगुवाई वाली स्टीयरिंग कमिटी की बैठक में दी गई। यह कमिटी यूपी की दूसरे राज्यों से कनेक्टिविटी से जुड़े प्रॉजेक्ट का सीधे रिव्यू और निगरानी कर रही है। अथॉरिटी अधिकारियों के मुताबिक अब हरियाणा की तरफ से पीडब्ल्यूडी पुल की डीपीआर तैयार करवाकर लागत बताएगा।

नोएडा की तरफ एफएनजी का अलाइनमेंट लगभग एक्सप्रेसवे तक तय है। एक्सप्रेसवे पर नया अंडरपास बनाया जाना है। इसके बाद यमुना पर मंगरौली के आसपास पुल बनना है। पुल के लिए हरियाणा की तरफ से अलाइनमेंट प्लान दिया जाएगा, जो पीडब्ल्यूडी बना रहा है। नोएडा भी अपनी रिपोर्ट रखेगा। इसके बाद तय हो जाएगा कि पुल कौन से सेक्टर के सामने कहां पर बनना है।

फरीदाबाद नोएडा गाजियाबाद की सीधी कनेक्टिविटी को एनसीआर प्लानिंग बोर्ड ने भी जरूरी माना है। इसे नोएडा के साथ हरियाणा के मास्टर प्लान में भी शामिल किया जा चुका है।

कई सरकारें आई और गई, लेकिन इस प्रोजेक्ट का निर्माण पूरा नहीं हो पाया। 2015 के बाद से इस प्रोजेक्ट को एनएच को सौंपने का इंतजार हो रहा है।

# टॉफी का लालच देकर किया बच्ची से रेप

● तीन दिन पहले नशा मुक्ति केंद्र से बाहर आया था आरोपी, वारदात के बाद परिजनों ने पीटा



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में तीन दिन पहले ही नशा मुक्ति केंद्र से बाहर आए 36 वर्षीय व्यक्ति ने चार साल की बच्ची से रेप किया। वो घर के बाहर खेल रही बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने अपने घर ले गया और दरिंदगी की। परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया। उसकी पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी दूर के रिश्ते में इस बच्ची का दादा लगता है।

घटना लिंक रोड थाना क्षेत्र में कड़कड़ मॉडल का है। चार वर्षीय बच्ची शनिवार सुबह करीब 10 बजे घर के बाहर खेल रही थी। तभी कुछ दूरी पर रहने वाला सोमी नामक शख्स वहां आया और टॉफ ी का लालच देकर उसको अपने साथ ले गया। इधर, घर पर मौजूद मां को जब बेटी नहीं मिली तो खोजबीन शुरू कर दी। कुछ देर बाद सोमी इस बच्ची को अपने साथ लाता हुआ दिखा। मां.बाप को देखते ही बच्ची रोने लगी। ये देख आरोपी वहां से भाग निकला। बच्ची ने इशारे में मां.बाप को पूरी घटना बताई। परिजनों ने आखिरकार आरोपी सोमी को दबोच लिया। सड़क पर ही उसकी पिटाई की। इस दौरान वो जमीन पर गिरकर चोटिल हो गया। डॉक्टरी कराने के बाद पीड़ित परिजनों ने आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, सोमी नशा करने का आदी है। 25 जनवरी को ही वो नशा मुक्ति केंद्र से बाहर आया था। उसकी इन हरकतों की वजह से करीब 12 साल पहले ही पत्नी उसे छोड़कर दूसरी शादी कर चुकी है। आरोपी के खिलाफ साल.2017 में लिंक रोड थाने में ही मोबाइल लूट का मुकदमा दर्ज हुआ थाए इसमें वो जेल भी गया था।

# सलाहकार कंपनी बताएगी नोएडा कैसे बनेगा सुरक्षित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● 80 करोड़ रुपये में 450 जगहों पर लगेंगे कैमरे, मार्च में होगी शुरुआत

**नोएडा** का सुरक्षित बनाने के लिए सलाहकार कंपनियों लिए कंपनियों से आवेदन मांगे गए है। फरवरी के पहले सप्ताह में इसकी तकनीकी बिड खोली जाएगी। प्रोजेक्ट का बजट करीब 80 करोड़ रखा गया है। मार्च में प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा। नोएडा पुलिस ने शहर में 450 से ज्यादा स्थानों को चिह्नित किया है। इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे इंटीग्रेटेड सीक्यूरिटी एंड ट्रैफि क मैनेजमेंट सिस्टम आइएसटीएमएस की ओर से लगाए गए कैमरों से अलग होंगे।

इनकी मॉनिटरिंग के लिए अलग से कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। प्राधिकरण की टेक्निकल टीम इन स्थानों का सर्वे कर रही है। वो ये देख रहे है कि इन स्थानों पर कैमरा किसी ओर लगाए जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा स्पेस कवर किया जा सके।

जिन स्थानों की सूची पुलिस विभाग की ओर से दी गई है उसमे बाजार, सरकारी व निजी स्कूलों व ब्लैक स्पाट और भीड़ भाड़ वाले इलाके मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, मॉल्स के बाहर स्थान शामिल है। प्राधिकरण के डीजीएम राजेश कुमार ने बताया कि सलाहकार कंपनी आने के बाद डीपीआर तैयार की जाएगी। इसके बाद ही फ इनल एस्टिमेट तैयार किया जाएगा। फिलहाल अभी 80 करोड़ रुपए के आसपास खर्च होने का अनुमान लगाया गया है।



गाजियाबाद में प्रताप विहार समाज कल्याण संस्था ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय की छात्रा नबीहा चौधरी को नृत्य कला में विजयी घोषित कर सम्मानित किया।

## ग्रेटर नोएडा का कुख्यात बदमाश हापुड़ में ढेर

**नोएडा**। ग्रेटर नोएडा का कुख्यात बदमाश मनोज भाटी को हापुड़ में पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया है। ग्रेटर नोएडा में दादरी क्षेत्र के नगला गांव का निवासी था। उस पर हत्या , डकैती , लूट और अपहरण जैसे तमा म मुकदमें चल रहे थे।

हापुड़ पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस की बदमाश के साथ मुठभेड़ हुई। जिसमें पुलिस एक लाख के इनामी बदमाश मनोज भाटी को राजस्थान के रेवाड़ी से पकड़ कर लाई थी । उसने पिछले साल अपने गैंग के साथ हापुड़ शहर में कोर्ट परिसर में अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या करने के मामले में पुलिस वांछित था।

# बेटी से अभद्रता का विरोध करने पर पिता से मारपीट, परिवार ने किया पलायन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● 80 करोड़ रुपये में 450 जगहों पर लगेंगे कैमरे, मार्च में होगी शुरुआत

दादरी कोतवाली क्षेत्र के नगर जीटी रोड स्थित कालोनी में स्कूटी पर पिता के साथ जा रही सात वर्षीय बेटी के साथ दबंगों ने अभद्रता की। पिता ने विरोध किया तो आरोपितों ने पीड़िता के पिता के साथ मारपीट की। घर के बाहर खड़ी गाड़ी भी तोड़ दी।

डर के चलते पीड़ित परिवार ने दादरी से पलायन कर सुरक्षित स्थान पर शरण ली है। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की है।

जीटी रोड स्थित बालाजी विहार कालोनी में जूता व्यापारी शुभम गोयल परिवार के साथ रहते है। शुक्रवार शाम वह सात वर्षीय बेटी व छोटे बच्चे के साथ स्कूटी पर सवार होकर बाजार से अपने घर आ रहे थे। जब वह स्कूटी से बालाजी कालोनी में घुसे तो आदित्य कुमार अपने साथी के साथ कुत्ता लेकर खड़ा था। पास आते ही उसने कुत्ते को उनके ऊपर फेंक दिया। जब इस घटना का शुभम गोयल ने विरोध किया तो आरोपितों उनकी सात वर्षीय बेटी को खींचने लगा। यह सब कुछ होने पर शुभम दहशत में आ गया। वह बेटी को लेकर किसी तरह जान बचाकर भागे। घर में घुसकर गेट बंद कर अपनी जान बचाई। आरोप हे कि आरोपित साथी के साथ घर के बाहर पहुंचा। गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा।

# वैशाली में एसयूवी को ईंट पर खड़ा किया, टायर किए पार

● घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में चोरी करते दिखाई दिए चार चोर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**गाजियाबाद** के कौशांबी थाना के वैशाली में चोरों ने एक मिनी एसयूवी गाड़ी के चारों टायर चुरा लिए। इसके बाद वे गाड़ी को ईंटों के सहारे खड़ी करके फरार हो गए। मामले में थाना कौशांबी में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर-2 में जगपाल सिंह रहते हैं। उनकी मिनी एसयूवी गाड़ी शनिवार रात घर के बाहर खड़ी थी। रविवार सुबह सफाईकर्मी की नजर गाड़ी पर पड़ी। चारों टायर गायब थे। सफाईकर्मी ने इसकी सूचना जगपाल सिंह को दी तो वे घर से बाहर निकलकर आए। जगपाल सिंह के मुताबिक, दिसंबर-2022 में उन्होंने नई कार खरीदी थी। चारों टायरों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। बताया जा रहा है कि घर के पास ही एक कैमरा लगा था। जब इसकी फुटेज देखी गई तो चोर कैद हो गए। फुटेज में साफ दिख रहा है कि चोरों ने बेहद आराम से टारों टायर खोल कर ले गए। पीड़ित ने मामले में थाना कौशांबी में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गाजियाबाद में इससे पहले भी गाड़ियों के टायर, साइलेंसर व अन्य सामान चुराने की घटनाएं हो चुकी हैं, जो सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थीं। लेकिन, इस चोर पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। यह गिरोह लगातार इस वाहनों के टायर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है।

## सोसाइटी में गाड़ी का शीशा चोरी

**गाजियाबाद** के सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रांड सोसाइटी में शनिवार रात को असामाजिक तत्वों ने रेजिडेंट्स सुधाकर यादव की एसयूवी कार का एक शीशा चुरा लिया और दूसरा शीशा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे एक दिन पहले एके सिंह की बाइक का लॉक तोड़कर उसे चुराने की कोाशिश हुई। दो दिन पहले अज्ञात इनोवा गाड़ी सोसाइटी का बूम बैरियर तोड़कर भाग गई। इस गाड़ी मालिक का भी कुछ पता नहीं चला है। इससे पहले एक गाड़ी का एंटीना और दूसरी गाड़ी का वाइपर चोरी हुआ।

# आर्थिक अपराध से आरबीआई के पास शिकायतों का अंबार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**देश** भर में आर्थिक अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और इससे जुडी शिकायतों का अम्बार आरबीआई के पास बढ़ता जा रहा है, जिसका निस्तारण भी उन्हें मुश्किल हो रहा है, ऐसे में सरकार को कोई न कोई उपाय ढूंढने पड़ेंगे जिनसे जनता को राहत मिले, समाजसेवी और अधिवक्ता रंजन तोमर की एक आरटीआई द्वारा कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। गौरतलब है की तोमर ने आरबीआई से पूछा था की पिछले पांच वर्षों में बैंकिंग ओम्बड्समैन स्कीम के तहत आरबीआई को कितनी शिकायतें प्राप्त हुई और उनमें से कितने का निस्तारण हो पाया। इसके जवाब में आरबीआई ने अप्रैल 2021 से मार्च 2022 वित्तीय वर्ष के बीच की जानकारी साझा की जिसके अनुसार इस एक वर्ष में 183887 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 69245 का निस्तारण ही आवश्यक धाराओं के अनुसार हो पाया, जो की कुल शिकायतों का मात्र 38 लगभग प्रतिशत ही है, इसके बाद एक चौंकाने वाला आंकड़ा अप्रैल 2022 से नवंबर 2022 तक का ही है। जिसे मात्र 8 माह की अवधि में लगभग पिछले वित्त वर्ष जितनी शिकायतें आरबीआई को प्राप्त हुई जिसकी कुल संख्या 170480 है। इसमें से अबतक निस्तारित शिकायतों की संख्या 27405 ही है जो कुल शिकायतों का कुल 16 प्रतिशत ही है। यह जानकारी विचलित करने वाली हैं, नवंबर 2022 से मार्च 2023 तक अभी कुल शिकायतों का नंबर बढ़ेगा, और निस्तारित शिकायतों का प्रतिशत बढ़ना बेहद मुश्किल लग रहा है।

### अपराधों-शिकायतों के लिए बैंक मैनेजर भी जिम्मेदार

**रंजन** तोमर का कहना है कि शिकायतों के लिए बैंक मैनेजर भी उतने ही दोषी है जितने की आर्थिक अपराधी जो समस्याओं का निस्तारण अपने स्तर पर नहीं कर पाते। कई बार मैनेजर ही भ्रष्ट होते हैं और पैसे देकर बिना पूरे कागजों के लोन दे देते हैं। आर्थिक अपराध भी लगातार बढ़ रहा है इसके लिए सरकार और आरबीआई को नीति बनानी होगी।

### आरबीआई में करें शिकायत निस्तारण की अपील

**आरबीआई** अपने जवाब में यह भी कहता है कि यदि शिकायतकर्ता आरबीआई द्वारा शिकायत के निस्तारण के बाद भी संतुष्ट नहीं है अथवा शिकायत रिजेक्ट हो जाती है तो वह इसकी अपील आरबीआई में दाखिल कर सकता है जिसके लिए 30 दिन में अपील ऑनलाइन अथवा आरबीआई के मुंबई ऑफिस में पत्राचार से भी कर सकते हैं।

# कबूलनामा : ईंट बांध नहर में फेंकी थी लाश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● हत्यारोपियों की योजना थी कि शव कभी न मिले, पिता ने तीन युवकों पर जताया था शक

गाजियाबाद में 25 वर्षीय कृष्ण त्यागी की हत्या 22 जनवरी को की गई थी। शव को बोरी में डालकर नहर में फेंक दिया था। हत्यारोपियों की प्लानिंग थी कि लाश कभी मिले ही नहीं और कृष्ण की गुमशुदगी एक रहस्य बनकर रह जाए। इसके लिए उन्होंने बोरे के अंदर 4 ईंटें भी रखी थी, जिससे ये पानी के ऊपर न आ सके।

कृष्ण के पिता ने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पिता ने गांव के तीन युवकों पर शक जताया। पुलिस ने तीनों युवकों को पकड़कर पूछताछ की तब मामले की सच्चाई सामने आई। तीनों आरोपियों की निशानदेही पर 28 जनवरी को गंगनहर से कृष्ण की लाश बरामद की गई। आज तीनों को जेल भेजा जाएगा। मुरादनगर थाना क्षेत्र में डिडौली गांव निवासी कृष्ण त्यागी 22 जनवरी की रात करीब 11 बजे एक मांगलिक कार्यक्रम में गया था, लेकिन फिर घर नहीं लौटा। परिजनों ने 24 जनवरी को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस दौरान नहर किनारे एक कमरे में जूते मिले, जो कृष्ण के थे। कमरे से नहर तक कुछ दूरी पर खून के निशान मिले।

आशंका जताई गई कि हत्या करके शव को नहर में फेंका गया है। इधर, गांव में जब चर्चाएं शुरू हुई तो ये बात सामने आई कि 22 जनवरी की रात कृष्ण को आखिरी बार कुछ लड़कों के साथ देखा गया था। इस आधार पर कृष्ण के पिता मुनेश त्यागी ने मोनू और सुमित के खिलाफ हत्या की एफआईआर 27 जनवरी को दर्ज करा दी।

# हिंडन पर नया पुल बनने से इन सेक्टरों की बढ़ेगी रौनक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● नोएडा अथॉरिटी की सीईओ रितु महेश्वरी ने परियोजना को दी मंजूरी

**नोएडा** और ग्रेटर नोएडा के बीच संपर्क और बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए दोनों अथॉरिटी के मुख्मुय कार्य पालक अधिकारी रितु महेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क और नोएडा के एक्सप्रेसवे से लगते इलाकों के बीच एक लिंक रोड बनाने के प्रस्ताव को मंजूरीजूरी दी ।

इस परियोजना पर एक बार फिर काम तेज किया गया है। यह लिंक मार्ग बन जाने से ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे,

सूरजपुर-कासना रोड और दादरी -सूरसूजपुरपु-छलेरा मा र्ग पर या ता या त का दबा व कम हो गा । इस परि यो जना का पूरा खर्च नोएडा और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण वहन कर रहे हैं।

# इंतजार कर रहे भाइयों को ट्रक ने मारी टक्कर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● एनएच-9 पर हुए हादसे में एक की मौत, दो की हालत गंभीर

**राष्ट्रीय** राजमार्ग-9 के तिगरी कट के पास कार रोककर खड़े दिल्ली के तिहाड़ गांव में रहने वाले तीन चचेरे भाइयों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दो को गंभीर हालत में दिल्ली के सफ दरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा 26 जनवरी की आधी रात के बाद हुआ, जब तीनों एक शादी से दिल्ली लौट रहे थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस आरोपित चालक को तलाश रही है, जो हादसे के बाद ट्रक छोड़कर फरार हो गया था।

दिल्ली में पार्षद का चुनाव लड़ चुके भाजपा नेता महावीर सिंह ने थाना क्रासिंग रिपब्लिक में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके भतीजे पवन पोसवाल, हनी व जय 26 जनवरी को लालकुआं के पास एक बैंक्वेट हाल में हुई शादी में शामिल होने गए थे। स्विफ्ट सवार तीनों भाई आधी रात के बाद शादी से घर लौटते समय पीछे छूटी दोस्तों की फोर्ड ईको कार के लिए तिगरी कट के पास रुक गए थे। दोस्तों ने इनसे आगे अपनी कार रोकी। तीनों बाहर खड़े थे, इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक आया और दोनों कार में टक्कर मार दी। कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। ईको में बैठे दोस्तों ने देखा कि तीनों लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़े हैं। उन्हें उठाकर तुरंत पुलिस को सूचना दी।

अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। एनएच.नौ और डीएमई पर 100 किमी की रफ्तार से वाहन दौड़ते हैं। इस पर वाहन रोकना यातायात नियम का उल्लंघन है और नो.पार्किंग के तहत चालान किया जाता है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर यूपी रोडवेज की बसों को परिवहन निगम देगा मंजूरी

## ग्रेटर नोएडा-आगरा के बीच 165 किलोमीटर लंबे मार्ग पर जनता को मिलेगी सहूलियत, कल होगी बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




● सड़क प्राधिकरण की 30 जनवरी को बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा

**ग्रेटर** नोएडा और आगरा के बीच 165 किलोमीटर लंबे यमुना एक्सप्रेसवे पर कार सवार तो फर्राटा भरते हैं, लेकिन 5 जिलों से होकर गुजरने वाले इस महामार्ग पर आम आदमी के लिए आवागमन की सुविधाएं अब तक नहीं की बराबर हैं। अब इस समस्या का समाधान होने जा रहा है। दरअसल, यमुना एक्सप्रेसवे पर जल्दी ही यूपी रोडवेज की बसें आम यात्री के लिए उपलब्ध हो जाएंगी। सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम की बैठक में इस प्रस्ताव पर मंजूरी दी जाएगी

यूपी रोडवेज के पास बसों की कमी है। दूसरी तरफ राज्य के एक्सप्रेसवे अभी तक परिवहन निगम के अधिकार क्षेत्र में शामिल नहीं थे। अब राज्य सरकार में इन दोनों समस्याओं का समाधान कर लिया है। परिवहन विभाग अब प्रदेश के एक्सप्रेसवे पर निजी बसों के संचालन की अनुमति देने जा रहा है।

नोएडा से आगरा के बीच यमुना एक्सप्रेसवे पर सबसे पहले निजी बसों का संचालन शुरू होगा। राज्य सड़क प्राधिकरण की 30 जनवरी को बैठक होगी। जिसमें इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा।

यमुना एक्सप्रेसवे पर निजी बसों के संचालन की राह में दूसरा सबसे बड़ा रोड़ा एक्सप्रेसवे का अभी तक राज्य सड़क प्राधिकरण के अधीन नहीं होना था। दरअसल, यह एक्सप्रेसवे जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड में बनाया है। जिस पर निजी स्वामित्व है। अब 11 जनवरी को उत्तर प्रदेश सरकार ने एक शासनादेश जारी किया है। जिसके जरिए आगरा.नोएडा के बीच यमुना एक्सप्रेसवे को राज्य सड़क प्राधिकरण के दायरे में लाया गया है। इस शासनादेश के बाद यमुना एक्सप्रेसवे पर निजी बसों के संचलन का रास्ता साफहो गया।

आपको बता दें कि वर्ष 2012 में यमुना एक्सप्रेसवे का संचालन शुरू हुआ था। अब तक इस महत्वपूर्ण महामार्ग पर यूपी रोडवेज की सेवाएं शुरू नहीं हो पाई हैं। यह एक्सप्रेसवे गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा और हाथरस के बीच शानदार कनेक्टिविटी मुहैया करवाता है। दिल्ली.एनसीआर से लखनऊ तक सफर करने के लिए भी यह रास्ता महत्वपूर्ण है। नोएडा से आगरा के बीच निजी बसों के संचलन के लिए राज्य सड़क प्राधिकरण की 30 जनवरी की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। अभी तक यमुना एक्सप्रेसवे पर अस्थायी अनुमति से निजी बसों का संचलन होता रहा है।

इस महीने एसटीए की बैठक के बाद निजी बसों के संचलन की राह आसान हो जाएगी। राज्य सड़क प्राधिकरण एसटीए की की बैठक में आगरा-नोएडा-पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रूट पर बसों के संचालन का प्रस्ताव आएगा। रोडवेज ने आगरा.नोएडा एक्सप्रेस.वे पर 20 और पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे पर 30 बसों के संचालन का प्रस्ताव दिया है।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ किसानों का जनसंपर्क अभियान तेज

● सात फरवरी को प्राधिकरण के दफ्तर पर ताला जड़ने का ऐलान



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा विकास प्राधिकरण के खिलाफ किसान लामबंद हो रहे हैं। जन सुनवाई के दौरान जबरन प्राधिकरण मुख्यालय में घुसने के आरोप में रुपेश वर्मा समेत 30 किसानों के खिलाफ एक एफ आईआर दर्ज करवाई गई। जिसके बाद से किसानों ने प्राधिकरण के खिलाफहल्ला बोल किया है।

आगामी 7 फ रवरी को प्राधिकरण के दफ्तर पर ताला जड़ने का ऐलान किया गया है। किसानों ने साफ तौर पर कहा है कि अगर प्राधिकरण ने एफआईआर वापस नहीं लेने पर 7 फरवरी को पंचायत के बाद घेराव किया जाएगा और मुख्य गेट पर ताला लगाया जाएगा। इसी सिलसिले में किसान पंचायत कर रहे हैं।

इसके लिए किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को गांवों में नुक्कड़ सभाएं कीं। 7 फरवरी के आंदोलन में आने का आह्वान किया है। किसान बेरोजगार सभा ने 7 फ रवरी के आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का निर्णय लिया है। किसानों की आबादी, प्लॉट, रोजगार और अन्य मुद्दों को लेकर किसान लामबंद हो रहे हैं।



भारत का दूसरा सबसे छोटा राज्य त्रिपुरा में एक गवर्नमेंट म्यूजियम है, जिसमें आपको शिल्प और हस्तलिपियों की कारीगरी देखने को मिलेगी। इतना ही नहीं, यहां आपको नार्थईस्ट का इतिहास भी देखने को मिलेगा। इसके अलावा आप राज्य के सांस्कृतिक धरोहरों के नमूने भी यहां देख सकेंगे।

# एक बार जरूर देखें नॉर्थ ईस्ट की यह रोमांचक जगह!

इस दुनिया में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिसे घूमना-फिरना पसंद न हो, वरना तो इसके शोकीन ज्यादातर लोग होते ही हैं और इस तरह का होना जरूरी भी है। नई जगहों को देखकर आपका माइंड फ्रेश होता है। इसलिए जरूरी है कि आप साल में एक से दो बार अपने शहर से कहीं अच्छी जगह घूमने जरूर जाएं। वहीं, अगर आप भी घूमने-फिरने के शोकीन हैं तो आइए आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताते हैं जो खूबसूरत होने के साथ ही रोमांचक है। दरअसल, हम आपको नोर्थईस्ट की गोद में बसे त्रिपुरा के बारे में आज बताने जा रहे हैं। ये जगह घूमने के लिए काफी अच्छी है। यहां आपको कई तरह के सुंदर दृश्य देखने को मिलेंगे। यहां चारों तरफ हरियाली ही हरियाली के साथ लंबी-गहरी वादियां, मंदिर, बौद्ध मठ, खूबसूरत महल और जंगल जैसी जगह हैं।

## महाभारत के इतिहास में है त्रिपुरा का जिक्र

त्रिपुरा की धरती बारे में महाभारत काल के इतिहास में भी जिक्र है। कहा जाता है कि देवी त्रिपुर सुंदरी के नाम पर इस जगह को त्रिपुरा के नाम से जाना जाता था।

## गवर्नमेंट म्यूजियम

भारत का दूसरा सबसे छोटा राज्य त्रिपुरा में एक गवर्नमेंट म्यूजियम है, जिसमें आपको शिल्प और हस्तलिपियों की कारीगरी देखने को मिलेगी। इतना ही नहीं, यहां आपको नार्थईस्ट का इतिहास भी देखने को मिलेगा। इसके अलावा आप राज्य के सांस्कृतिक धरोहरों के नमूने भी यहां देख सकेंगे।

**त्रिपुरा की धरती बारे में महाभारत काल के इतिहास में भी जिक्र है। कहा जाता है कि देवी त्रिपुर सुंदरी के नाम पर इस जगह को त्रिपुरा के नाम से जाना जाता था।**

## 51 शक्तिपीठों में से एक मंदिर है स्थित

त्रिपुरा में मां काली के 51 शक्तिपीठों में से एक मंदिर स्थित है, जोकि त्रिपुर सुंदरी मंदिर के नाम से काफी प्रसिद्ध है। यहां 2 देवियों की पूजा की जाती है, एक त्रिपुर सुंदरी देवी हैं और दूसरी छोटी मां हैं। ये मंदिर अगरतला से 55 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

## गुमटी वन्यजीव सैंक्चुअरी

यूं तो त्रिपुरा में कई सैंक्चुअरी हैं, लेकिन इनमें से गुमटी वन्यजीव सैंक्चुअरी बेहद मशहूर है। लगभग 389 वर्ग किलो मीटर में फैली इस सैंक्चुअरी में आप कई नजारे देख सकते हैं। यहां आपको पानी के कई बेहतरीन नजारे, हिरण, हाथी, समेत कई जंगली जानवर देखने को मिल सकते हैं।

## सेपहिजाला वन्यजीव सैंक्चुअरी

त्रिपुरा के सेपहिजाला वन्यजीव सैंक्चुअरी में आप वन्य प्राणियों को देखने का लुत्फ उठा सकते हैं। अगरतला से करीब 35 किलो मीटर की दूरी पर ये सैंक्चुअरी स्थित है और लगभग 185 वर्ग किलो मीटर तक फैली हुई है। यहां आप कई सुंदर पक्षी और बड़े-बड़े बंदर देख सकेंगे।

## त्रिपुरा में क्या-क्या खरीदें

त्रिपुरा में आप हस्तशिल्प कला की चीजें खरीद सकते हैं, जैसे- बांस, लकड़ी, मिट्टी, खजूर की पत्तियों से बने क्राफ्ट और बेंत के बनाए फर्नीचर आदि। इसके अलावा यहां आपको बांस से बनी वस्तुएं भी देखने को मिलेंगी।

## कैसे पहुंचे

आप इस छोटे से खूबसूरत राज्य में जाने के लिए हवाई मार्ग, रेलमार्ग और सड़क मार्ग का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। देश के कई शहरों से त्रिपुरा की राजधानी 'अगरतला' को जोड़ा जा चुका है। जहां सड़क मार्ग से त्रिपुरा पहुंचने के लिए नेशनल हाइवे नंबर 44 से जाना पड़ता है। वहीं, यहां का सबसे पास का रेलवे स्टेशन किमारघाट है और ये अगरतला से करीब 140 किमी. ही दूर है।

# भारत का गांव 'कलाप', जहां रहते हैं कौरव-पांडवों के वंशज

**महाभारत** हमारे देश का ऐतिहासिक ग्रंथ है और महाभारत को लेकर हमारे देश में काफी कहानियां भी प्रचलित हैं। आज हम आपको एक ऐसे गांव की यात्रा पर ले जाएंगे, जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां महाभारत काल के कौरव और पांडवों के वंशज रहते हैं। इस गांव का नाम है 'कलाप।' यह गांव उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में पड़ता है और यहां रूपिन नदी बहती है। आप इसकी खूबसूरती का अंदाजा सहज ही लगा सकते हैं कि पहाड़ों और लंबे-लंबे देवदार के घने पेड़ों से घिरा यह गांव कितना सुंदर होगा। प्रकृति के अद्भुत नजारे आप इस गांव के आसपास देख सकते हैं। यहां होने वाली बर्फबारी इस इलाके को और अधिक सुंदर बनाती है। हालांकि, अभी लॉकडाउन और कोरोना वायरस का समय चल रहा है, किंतु जब भी समय ठीक हो तो प्राचीन काल की कथाओं से जुड़े इस गांव में आपको अवश्य ही जाना चाहिए!

हालांकि यह गांव बहुत सारे इलाकों से कटा हुआ है और कहा जाता है कि यह उत्तराखंड का अंतिम गांव है। शायद यही वजह है कि यहां पर बाहरी लोगों का प्रवेश लगभग न के बराबर है। यहां रहने वाले निवासी खेती और पशुपालन से अपनी आजीविका चलाते हैं। वही गांव के आसपास उपलब्ध संसाधनों से ही अपना अपनी दिनचर्या तथा जीवन यापन करते हैं। इस गांव में 'कलाप' नाम का एक एनजीओ काम करता है जो सैलानियों को इस गांव के बारे में बताता है तथा इस गांव की ऐतिहासिक समृद्धि के दर्शन कराता है। इसीलिए अगर आप यहां घूमने की योजना बना रहे हैं तो सबसे पहले आपको 'कलाप' एनजीओ से संपर्क स्थापित करना होगा, जिससे आप आसानी से इस गांव की यात्रा कर सकें और अपने इतिहास के बारे में जानकारी ले सकें।



यह गांव उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में पड़ता है और यहां रूपिन नदी बहती है। आप इसकी खूबसूरती का अंदाजा सहज ही लगा सकते हैं कि पहाड़ों और लंबे -लंबे देवदार के घने पेड़ों से घिरा यह गांव कितना सुंदर होगा।

जब आप कलाप पहुंचेंगे तो यहां के नागरिकों से आपको महाभारत के तमाम किस्से सुनने को मिलेंगे। यह नागरिक अपने आप को पांडवों के वंशज बताते हैं। इस गांव में आपको महारथी कर्ण का एक मंदिर भी मिलेगा और 10 साल के बाद नियमित तौर पर इस गांव में कर्ण का उत्सव भी मनाया जाता है। निसंदेह यहां आने के बाद आपको ऐसा प्रतीत होगा कि आप एक अद्भुत दुनिया में आ गए हैं।

कलाप की दूरी: कलाप की दूरी देश की राजधानी दिल्ली से मात्र 500 किलोमीटर के आसपास है तो वहीं उत्तराखंड के देहरादून से 210 किलोमीटर की दूरी पर यह स्थित है। नजदीकी रेलवे स्टेशन देहरादून ही है, और आगे का सफर आपको लोकल संसाधनों के साथ तय करना होगा।

# भारत में ही है एशिया का सबसे स्वच्छ गांव

### कहा जाता हैं 'भगवान का अपना बगीचा'

**शहरों** की भीड़भाड़ से आपका मन उब गया हो और आपको एक सुंदवर, शांत और स्वकच्छ जगह घुमने की तालाश हो तो हम आपको ले चलते हैं ऐसे ही एक अति सुंदर, साफ गांव की और। भारत गांवों का देश है। चलिए, गांव घुमने, हम ले चलते हैं आपको एशिया का सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव की और। जहां एक और सफाई के मामले में हमारे अधिकांश गांवों, कस्बों और शहरों की हालत बहुत खराब है वही यह एक सुखद आश्चर्य की बात है कि एशिया का सबसे साफ सुथरा गांव भी हमारे देश भारत में है। यह है मेघालय का मावल्यान्नॉग गांव जिसे की भगवान का अपना बगीचा के नाम से भी जाना जाता है। सफाई के साथ-साथ यह गांव शिक्षा में भी अव्वल है। यहां की साक्षरता दर 100 फीसदी है, यानी यहां के सभी लोग पढ़े-लिखे हैं। इतना ही नहीं, इस गांव में ज्यादातर लोग सिर्फ अंग्रेजी में ही बात करते हैं।

**साफ-सफाई के साथ यह गांव शिक्षा के मामले में भी अव्वल है। यहां की साक्षरता दर 100 फीसदी है यानी इस गांव में रहने वाले सभी लोग पढ़े-लिखे हैं। इतना ही नहीं यहां रहने वाले ज्यादातर लोग सिर्फ अंग्रेजी में ही बात करते हैं।**



## गांव के लोग खुद करते हैं सफाई

साफ-सफाई और स्वच्छता के लिए मावल्यान्नांग गांव वर्ष 2003 में एशिया का सबसे साफ गांव बना। इसके बाद 2005 में यह गांव भारत का सबसे साफ गांव बना। इस गांव के लोगों की सबसे खास बात यह है कि वे साफ-सफाई के लिए प्रशासन पर आश्रित नहीं रहते, बल्कि स्वयं ही सफाई का बीड़ा उठाते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इस गांव के लोगों को कहीं भी गंदगी नजर आती है तो वह खुद साफ-सफाई में लग जाते हैं। चाहे वह स्त्री हो, पुरुष हो, बच्चे हो या बुजुर्ग, स्वयं सफाई करने लगते हैं।



## शिक्षा के मामले में भी अव्वल है यह गांव

साफ-सफाई के साथ यह गांव शिक्षा के मामले में भी अव्वल है। यहां की साक्षरता दर 100 फीसदी है यानी इस गांव में रहने वाले सभी लोग पढ़े-लिखे हैं। इतना ही नहीं यहां रहने वाले ज्यादातर लोग सिर्फ अंग्रेजी में ही बात करते हैं। हालांकि सुपारी की खेती ही इन लोगों की आजीविका का मुख्य साधन है।

## कैसे पहुंचे मावल्यान्नांग गांव

पूरे गांव में लगे हैं बांस के डस्टबिन-यहां लोग अपने घर से निकलने वाले कूड़े-कचरे को बांस से बने डस्टबिन में जमा करते हैं और उसे एक जगह इकट्ठा कर खेती के लिए खाद की तरह इस्तेमाल करते हैं। इस गांव की खासियत यह है कि यहां के लोग साफ-सफाई के मामले में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतते हैं इसलिए पूरे गांव में जगह-जगह पर कचरा डालने के लिए बांस से बने हुए डस्टबिन लगाए गए हैं। मावल्यान्नांग गांव शिलांग से 90 किलोमीटर और चेरापूंजी से 92 किलोमीटर दूर स्थित है। दोनों ही जगह से सड़क के द्वारा आप यहां पहुंच सकते है। आप चाहे तो शिलांग तक देश के किसी भी हिस्से से हवाईजहाज के द्वारा भी पहुंच सकते है। लेकिन यहां जाते वक्त एक बात ध्यान रखे की अपने साथ पोस्ट पेड मोबाइल ले के जाए क्योंकि अधिकतर पूर्वोत्तर राज्यों में

# कुछ नया घूमना चाहते हैं तो हिमाचल की इन 3 जगहों पर जरूर जाएं

**शिमला स्थित चांशल दर्रे बहुत पुराना चर्चित स्थान नहीं है, बल्कि यह नया- नया ही चर्चा में आया है। शिमला आने वाले लोग यहां भी पहुंच रहे हैं। सबसे बड़ी बात नया -नया होने के कारण सैलानी यहां बेहद उत्साहित और रोमांच महसूस करते हैं तथा चांसेल दर्रे की खूबसूरती उन्हें बांध के रखती है।**

**चारों** तरफ खूबसूरत पहाड़ों से घिरा यह प्रदेश अपने धामों के लिए भी पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। इसके अलावा हिमाचल में तमाम ऐसी खूबसूरत जगहें हैं जिन्हें देखने के लिए देश और दुनिया के सैलानी हर साल भारी संख्या में यहां आते हैं। बावजूद इसके आप अगर कुछ नया ढूंढ रहे हैं, तो आप हिमाचल प्रदेश में इन तीन जगहों पर जरूर जाएं और अपनी यात्रा का आनंद लें। हालांकि, अभी कोविड-19 का दौर चल रहा है, किंतु यह समस्या हमेशा नहीं रहेगी, इसलिए प्लान पहले से तैयार रखें।

## बिजली महादेव मंदिर

क्या आप कुल्लू- मनाली की हरियाली से बोर हो गए हैं? तो इस बार कुल्लू स्थित 'बिजली महादेव मंदिर' के दर्शनों के लिए जाएं। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि बरसात के दिनों में बार-बार बिजली गिरने से यह मंदिर विखंडित हो जाता है, लेकिन यहां के पुजारी सत्तू और मक्खन की सहायता से वापस इस मंदिर को जोड़ देते हैं। इस अलौकिक मंदिर में भगवान शंकर का शिवलिंग स्थापित है। इस मंदिर के प्रति लोगों में अनंत आस्था है। अगर दूरी की बात करें तो कुल्लू से मात्र 13 किलोमीटर की दूरी पर बिजली महादेव का मंदिर विराजमान है।

## चांशल दर्रे

शिमला स्थित चांशल दर्रे बहुत पुराना चर्चित स्थान नहीं है, बल्कि यह नया- नया ही चर्चा में आया है। शिमला आने वाले लोग यहां भी पहुंच रहे हैं। सबसे बड़ी बात नया -नया होने के कारण सैलानी यहां बेहद उत्साहित और रोमांच महसूस करते हैं तथा चांसेल दर्रे की खूबसूरती उन्हें बांध के रखती है। अगर आप भी कुछ नया ट्राई करना चाहते हैं शिमला स्थित चांशल दर्रे जरूर जाएं। इसके आसपास दो आदिवासी गांव है जिन्हे डोडरा और क्वार गांव कहते हैं। यह जगह पर्यटन के हिसाब से ज्यादा डेवलप नहीं हुई है और यहं कुछ ही एक गेस्ट हाउस हैं। इसलिए चांशल जाने से पहले एडवांस बुकिंग करा लें, नहीं तो रात में रुकने की समस्या हो सकती है।

## किन्नौर का 'रक्षम गांव'

हिमाचल के किन्नौर जिले में रक्षम गांव है, जहां माता काली और भगवान शिव का प्राचीन मंदिर स्थित है। इस मंदिर में दर्शन के लिए काफी मात्रा में लोग आते हैं और यहां की खूबसूरती में खो जाते हैं। हालांकि इस गांव में मात्र 800 लोग रहते हैं और खेती से ही अपना जीविकोपार्जन करते हैं। अगर आप किन्नौर के रक्षक गांव आते हैं तो निसंदेह आपको कुछ नया अनुभव होगा और आप रोमांचित महसूस करेंगे।







# इंग्लैंड से प्रेरणा लेकर भारतीय आक्रमण का सामना करेंगे ट्रेविस हेड



## मैच कम स्कोर या बड़े स्कोर वाला हो सकता है

एजेंसी। मेलबर्न

**इंग्लैंड** के बल्लेबाजों के पाकिस्तान में किए गए शानदार प्रदर्शन से प्रेरित ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड भारत के खिलाफ होने वाली आगामी टेस्ट श्रृंखला में अपना रूढ़िवादी रवैया छोड़कर विरोधी टीम के आक्रमण पर हावी होकर खेलने की रणनीति अपनाएंगे।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला नौ फरवरी से शुरू होगी। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई टीम के भारत रवाना होने से पहले हेड ने कहा, इंग्लैंड ने पाकिस्तान में जिस तरह से बल्लेबाजी की उसे देखने के बाद मैंने पीछे मुड़कर देखा तो पाया कि उपमहाद्वीप में खेली गई पिछली श्रृंखलाओं में मैंने उतना सकारात्मक होकर बल्लेबाजी नहीं की जितना मैं चाहता था। उन्होंने कहा, मैं इन श्रृंखलाओं में स्पिन के खिलाफ जिस तरह से खेला उससे मेरा मानना है कि अगर मैं अधिक सकारात्मक होकर खेलूंगा तो मेरा फुटवर्क अच्छा रहेगा और मेरा रक्षात्मक खेल भी इससे बेहतर होगा। मैं जानता हूं कि यह आस्ट्रेलिया में खेलने से पूरी तरह भिन्न होगा। हेड ने कहा, हमने इन गर्मियों में तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी इसे परखा। मुझे लगता है कि मेरा फ्रंट फुट डिफेंस अच्छा है और मेरा मानना है कि मुझे वहां रक्षात्मक नहीं बल्कि सकारात्मक मानसिकता के साथ जाना होगा।

### मैच कम स्कोर या बड़े स्कोर वाला हो सकता है

**हेड** एशिया में पिछली तीन श्रृंखलाओं में खेले थे। वह 2018 और 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ तथा पिछले साल श्रीलंका में खेले थे। उन्होंने इन श्रृंखलाओं की 11 पारियों में 21.30 की औसत से केवल 213 रन बनाए थे। हेड ने कहा, मुझे लगता है कि पाकिस्तान और श्रीलंका में मैंने थोड़ा रक्षात्मक रवैया अपनाया था। वहां जाकर पिच का आकलन करना और अपनी भूमिका समझना महत्वपूर्ण है। वहां मैच कम स्कोर या बड़े स्कोर वाला हो सकता है।

## खेल मंत्रालय ने केआईवाईजी 2023 के लिए ऐप जारी किया

एजेंसी। भोपाल



**खेल** मंत्रालय ने आगामी खेलो इंडिया युवा खेल (केआईवाईजी) में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन (ऐप) लॉन्च किया है।

इन खेलों का आयोजन 30 जनवरी से 11 फरवरी तक मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों में होगा। इस ऐप पर खेलों के बारे में सभी जानकारी मौजूद है। ऐप के जरिए खिलाड़ी यह पता लगा सकते हैं कि उनके सत्यापित दस्तावेज अपलोड किए गए हैं या नहीं। ऐप पर सफल पंजीकरण के बाद, खिलाड़ी अपने खेल किट जारी होने की स्थिति की जांच कर सकते हैं। इसके अलावा खिलाड़ी जिस होटल में रुकेंगे वहां से आयोजन स्थल से आने-जाने के लिए परिवहन योजना की जानकारी भी इस ऐप में होगी। इसके साथ ही किसी आपात स्थिति में संपर्क करने के लिए महत्वपूर्ण नंबर भी ऐप पर मौजूद होंगे।

# गेंदबाजों के कमाल से भारत बना अंडर-19 महिला विश्व कप चैम्पियन

## फाइनल में इंग्लैंड को सौत विकेट से हराया, बीसीसीआई से मिलेगा पांच करोड़ का इनाम

एजेंसी। पोचेस्ट्रूम

भारत ने पहले अंडर-19 विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करते हुए भारत ने इंग्लैंड को 17.1 ओवर में 68 रन पर ऑल आउट किया। 69 रन का टारगेट भारत ने 14 ओवर में तीन विकेट पर हासिल कर लिया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। तितास साधु ने मैच की चौथी गेंद में ही लिबर्टी हेप को पवेलियन भेज दिया। वह अपना खाता भी नहीं खोल सकीं। साधु ने अपनी ही गेंद पर लिबर्टी का कैच पकड़ा। इसके बाद कप्तान ग्रेस और फियोना हॉलैंड ने इंग्लैंड की पारी को आगे बढ़ाया, लेकिन चौथे ओवर में अर्चना देवी ने दोनों को आउट कर इंग्लैंड को बैकफुट में डाल दिया। ग्रेस चार और हॉलैंड 10 रन बनाकर आउट हुईं।

16 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद इंग्लैंड की टीम दबाव में आ गई और इसका फायदा उठाकर भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल में विकेट लिए। 22 रन के स्कोर पर इंग्लैंड का चौथा विकेट गिरा। सेरेन को तितास साधु ने क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद चैरिस पैवले और मैकडोनाल्ड ने 17 रन की साझेदारी की। पैवले के आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की आधी टीम पवेलियन लौट गई। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल में विकेट निकाले और इंग्लैंड की टीम को 68 रन पर समेट दिया। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 19 रन मेकडोनाल्ड ने बनाए। वहीं, एलेक्सा स्टोनहाउस और सोफिया ने 11 रन की पारियां खेलीं। हॉलैंड ने भी 10 रन बनाए। इन चारों के अलावा इंग्लैंड की कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाई। भारत के लिए तितास साधु, अर्चना देवी और पार्श्वी चोपड़ा ने दो-दो विकेच लिए। वहीं, मन्नत कश्यप, शेफाली वर्मा और सोनम यादव को एक-एक विकेट मिला।



### खराब शुरुआत से उबरा भारत

**शेफाली** वर्मा, ऋचा घोष और श्वेता सेहरावत जैसी स्टार खिलाड़ियों से भरी टीम इंडिया के लिए 69 रन का लक्ष्य बहुत आसान था, लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शानदार शुरुआत की। भारतीय पारी के तीसरे ओवर में कप्तान शेफाली 15 रन बनाकर आउट हो गईं। अगले ही ओवर में श्वेता सेहरावत भी पांच रन बनाकर आउट हो गईं। 20 रन के अंदर भारत ने अपने दो सबसे अहम बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे। श्वेता इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं, जबकि शेफाली तीसरे स्थान पर हैं।

### दो विकेट जल्दी गिरने से टीम दबाव में आ गई थी

**दो** विकेट जल्दी गिरने के बाद भारतीय टीम दबाव में आ गई थी, लेकिन सौम्या तिवारी और गोंगडी त्रिशा की जोड़ी ने बेहतरीन साझेदारी की। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की। हालांकि, गोंगडी त्रिशा भारत की जीत से ठीक पहले आउट हो गईं। उन्होंने 29 गेंद में 24 रन बनाए। अंत मे सौम्या तिवारी ने मैच खत्म किया। उन्होंने 37 गेंद में नाबाद 24 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए हेना बेकर, ग्रेस स्क्रीवेंस और एलेक्सा स्टोनहाउस ने एक-एक विकेट लिया।

## यूएई में तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलेगा अफगानिस्तान

**दुबई।** अफगानिस्तान तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा करेगा, जिसका पहला मैच 16 फरवरी को खेला जाएगा। इस श्रृंखला का आयोजन इन दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड के बीच आपसी समझौते के तहत किया जा रहा है। इस समझौते पर पिछले साल नवंबर में हस्ताक्षर किए गए थे।

इस समझौते के तहत अमीरात क्रिकेट बोर्ड अफगानिस्तान को अपने घरेलू मैचों के आयोजन के लिए सभी तरह की सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा। अफगानिस्तान ने यूएई के खिलाफ होने वाली टी-20 श्रृंखला के लिए स्टार स्पिनर राशिद खान की अगुवाई में 22 सदस्यीय टीम का चयन किया है। श्रृंखला के मैच 16, 18 और 19 फरवरी को खेले जाएंगे।

## नीदरलैंड ने आस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर कांस्य पदक जीता

**भुवनेश्वर।** कप्तान थिएरी ब्रिंकमैन के दो गोल की मदद से नीदरलैंड ने रविवार को यहां आक्रामक प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया। ब्रिंकमैन ने 35वें और 40वें मिनट में दो गोल किए जबकि टीम के लिए एक अन्य गोल पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ जिप जानसेन ने 33वें मिनट में दागा। नीदरलैंड ने इस तरह लगातार चौथी दफा पोडियम स्थान हासिल किया और टीम इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा पदक जीतने के मामले में आस्ट्रेलिया के बराबर हो गई है।

# जोकोविच ने 10वां आस्ट्रेलियाई ओपन और 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीता



एजेंसी। मेलबर्न

**सर्बियाई** स्टार नोवाक जोकोविच ने रविवार रात यहां रॉड लेवर एरीना में पुरुष एकल फाइनल में स्टेफानोस सिटसिपास को 6-3 7-6(4) 7-6(5) से हराकर 10वीं आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियनशिप और 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीत लिया।

जोकोविच ने मैच के दौरान कुछ महत्वपूर्ण मौकों पर काफी अच्छा खेल दिखाया और इस जीत से वह एटीपी रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। अब हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में उनकी जीत की लय 28 मैच की हो गई है। एक साल पहले वह आस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल पाए थे क्योंकि उन्हें कोविड-19 का टीकाकरण नहीं करवाने के कारण देश से निर्वासित कर दिया गया था। लेकिन तब से सरकार की पांबदियां कम हो गई हैं और इस 35 साल के खिलाड़ी को टीकाकरण नहीं करवाने के बावजूद इस बार वीजा मिल गया। जोकोविच के नाम पहले ही नौ आस्ट्रेलियाई ओपन ट्राफियां जीतने का रिकॉर्ड था जिसमें उन्होंने एक और खिताब जोड़ दिया।

### 2021 फ्रेंच ओपन में भी जोकोविच से हार गए थे

उनकी 22 मेजर चैम्पियनशिप में सात विम्बलडन, तीन अमेरिकी ओपन और दो फ्रेंच ओपन की ट्राफियां शामिल हैं। अब वह टेनिस इतिहास में सबसे ज्यादा 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले रफेल नडाल के साथ बराबरी पर पहुंच गए हैं। सिटसिपास इस तरह मेजर फाइनल्स में 0-2 से पिछड़ गए।

## महिला टीम को फाइनल में जीत के लिए मिला 69 रन का लक्ष्य

**पोटचेफ्स्ट्रूम।** भारतीय महिला टीम ने पहली बार खेले जा रहे अंडर-19 टी-20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को यहां इंग्लैंड की पारी को 17.1 ओवर में 68 रन पर समेट दिया। भारत के लिए टिटास साधु सबसे सफल गेंदबाज रही। उन्होंने चार ओवर में छह रन देकर दो विकेट चटकाए। अर्चना देवी और पार्श्वी चोपड़ा ने भी दो-दो विकेट लिए। इंग्लैंड के लिए रयना मैकडॉनल्ड-गे ने सबसे ज्यादा 19 रन का योगदान दिया।

# भारत-दक्षिण अफ्रीता त्रिकोणीय महिला क्रिकेट मैच बारिश से धुला

एजेंसी। ईस्ट लंदन (दक्षिण अफ्रीका)

**भारत** और दक्षिण अफ्रीका के बीच महिला त्रिकोणीय टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच शनिवार को यहां बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। यह दोनों टीमें गुरुवार को होने वाले फाइनल के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं और इस तरह से यहां मैच खिताबी मुकाबले से पहले ड्रेस रिहर्सल की तरह था।

मैच में हालांकि बारिश के कारण केवल दो ओवर का खेल हो पाया जिसमें भारत ने बिना किसी नुकसान के चार रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्स ने नॉनकुलुलेको मलाबा पर चौका लगाकर भारत का खाता खोला था। दूसरे छोर पर स्मृति मंधाना को अभी खाता खोलना था। उन्होंने शबनीम इस्माइल का पहला होगा मेडन जाने दिया था। शबनीम ने पहले तीन मैचों में बाहर रहकर इस मैच में वापसी की थी। भारतीय ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर ने भी सितंबर के बाद इस मैच में वापसी की थी लेकिन बारिश के कारण वह मैदान पर भी नहीं उतर पाई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था और वस्त्राकर को अंतिम एकादश में जगह दी गई थी। भारत तीन मैचों के बाद अजेय है। वह सोमवार को ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा। वेस्टइंडीज ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं।



### मैच खिताबी मुकाबले से पहले ड्रेस रिहर्सल की तरह था

## एशियाई खेल ओलंपिक 2024 के लिए होगा क्वालीफाइंग टूर्नामेंट

**भुवनेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) अध्यक्ष इकराम तैयब ने रविवार को कहा कि इस साल के अत में हांगजोऊ एशियाई खेलों के लिए हॉकी स्थल लगभग तैयार है और यह महाद्वीपीय बहु-स्पर्धा प्रतियोगिता 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफायर होगी, इसे लेकर कोई अस्पष्टता नहीं है। एशियाई खेलों का आयोजन हांगजोऊ में पिछले साल किया जाना था लेकिन चीन में कोविड-19 हालात खराब होने से इन्हें स्थगित कर दिया गया जिससे अब ये 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक कराए जाएंगे। तैयब इस समय हांगजोऊ एशियाई खेलों की समन्वय समिति के सदस्य हैं जिसके अध्यक्ष भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व महासचिव और एशियाई ओलंपिक परिषद के मौजूदा कार्यकारी प्रमुख रणधीर सिंह हैं। तैयब ने एफआईएच पुरुष विश्व कप फाइनल से पूर्व आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, एशियाई खेल होंगे, शत प्रतिशत होंगे। मैं हांगजोऊ एशियाई खेलों की समन्वय समिति का सीनियर सदस्य हूं और मैं यह भूमिका निभा रहा हूं।

# पंत की कमी खलेगी, भारत को स्वदेश में हराना असंभव: चैपल

## चार टेस्ट की श्रृंखला नौ फरवरी से शुरू होगी

एजेंसी। नई दिल्ली

**पूर्व** महान बल्लेबाज इयान चैपल का मानना है कि रोहित शर्मा एंड कंपनी को ऋषभ पंत के शानदार व्यक्तित्व की कमी खलेगी लेकिन ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत को घरेलू सरजमीं पर हराना फिर भी लगभग असंभव है। एशेज और फिर पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज जीतकर शानदार प्रदर्शन करने वाले पैट कमिंस की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम नौ फरवरी से नागपुर में शुरू हो रही चार टेस्ट की श्रृंखला में भारत से भिड़ेगी।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज चैपल ने अपने कॉलम में लिखा, यह एक कठिन चुनौती होगी, जिसे ऑस्ट्रेलिया में एवरेस्ट भी कहा जाता है क्योंकि भारतीय पक्ष मजबूत है और घरेलू परिस्थितियों में उन्हें हराना लगभग असंभव है। उन्होंने कहा, ये दो टीम टेस्ट क्रिकेट की अच्छी टीमों में शामिल हैं जिनकी संख्या घट रही है, लेकिन इस श्रृंखला के विजेता रूप में भारत के अलावा किसी और को देखना मुश्किल है।

भारत 2012 में इंग्लैंड से 1-2 से अपने घर में टेस्ट श्रृंखला हारने के बाद से एक दशक से अधिक समय से स्वदेश में अजेय है। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया 19 वर्षों में भारत में पहली श्रृंखला जीतने के प्रयास में जुटा है। भारत के अपने पिछले दौरे में ऑस्ट्रेलिया ने पुणे टेस्ट में बड़ी जीत के साथ शुरुआत की लेकिन 1-2 से श्रृंखला हार गए।

चैपल ने लिखा, ऑस्ट्रेलिया का आत्मविश्वास स्वदेश में शानदार फॉर्म के बाद बढ़ा है। ऋषभ पंत की गंभीर चोट से उनका आत्मविश्वास और बढ़ गया है जिसका मतलब है कि इस विकेटकीपर बल्लेबाज के शानदार व्यक्तित्व की कमी खलेगी।

### ऑस्ट्रेलिया को बांए हाथ के गेंदबाजों का लालच छोड़ना पड़ेगा

**चैपल** ने कहा, ऑस्ट्रेलिया को दाएं और बाएं हाथ के गेंदबाज के लालच को भी छोड़ने की जरूरत है और हालात के अनुसार सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का चयन करना चाहिए। उन्हें अपने तेज गेंदबाजों पर आत्मविश्वास को भारत में उनकी उपलब्धियों के आधार पर आंकना होगा। तेज गति के संदर्भ में उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के बिग थ्री पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क, भारत में सभी का औसत 30 से अधिक है और उन्हें बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए विशेष रूप से पुरानी गेंद से बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने आगे लिखा कि भारतीय गेंदबाजों के लिए अहम होगा कि वे स्टीव स्मिथ को शांत रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### नागपुर टेस्ट में खेल सकते हैं हैंड्सकोंब

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई मुख्य कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनल्ड ने संकेत दिया कि टीम नौ फरवरी से भारत के खिलाफ शुरू हो रही श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में पीटर हैंड्सकोंब को शामिल करने पर विचार कर रही है। कैमरन ग्रीन अगर श्रृंखला के लिए समय पर नहीं उबर पाते हैं तो आस्ट्रेलिया हैंड्सकोंब की स्पिन खेलने की काबिलियत को देखते हुए मध्यक्रम में उन्हें मैदान पर उतार सकता है। आल राउंडर ग्रीन ऊंगली में फ्रेक्चर से उबर रहे हैं जिनके साथ हैंड्सकोंब को भी टीम में चुना गया है। मैकडोनल्ड ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड से कहा, वह वास्तव में काफी महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। पिछले कुछ समय में यह साफ दिख चुका है कि वह स्पिन को बेहतर ढंग से खेलता है। हैंड्सकोंब और ग्रीन चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले नॉर्थ सिडनी में बोन एंड्रयूज ओवल में स्पिन खेलने के लिए बनाई गई पिच पर बल्लेबाजी अभ्यास कर रहे हैं ताकि भारत में परिस्थितियों से सांमजस्य बिठा सकें। इस सीरीज से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल क्वालीफिकेशन तय होगा।

### जीता आस्ट्रेलियाई ओपन का महिला युगल खिताब

**मेलबर्न।** चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा और बारबोरा क्रेजिसकोवा ने रविवार को यहां जापान की शुको आओयामा और एना शिबहारा को 6-4, 6-3 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला युगल का खिताब जीता। चेक गणराज्य की जोड़ी ने इस जीत से ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंटों में अपना विजय अभियान 24 मैच तक पहुंचा दिया है। यह उनका सातवां ग्रैंडस्लैम युगल खिताब है। उन्होंने दोनों सेट के शुरुआती गेम में जापानी जोड़ी की सर्विस तोड़ी। चेक गणराज्य की जोड़ी ने पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में महिला युगल का खिताब जीता था। आओयामा और शिबहारा की जोड़ी 10वीं बार फाइनल में खेल रही थी लेकिन किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में यह उनका पहला फाइनल था।

## भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खेल प्रेमियों से कहा

# रोहित और कोहली को लेकर संयम बरतें और इन्हें समय दें

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खेल प्रेमियों से अनुरोध किया कि आईसीसी ट्राफी जीतने के संबंध में वे स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली के साथ संयम बरतें क्योंकि महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को भी विश्व कप छह प्रयास के बाद मिला था। भारतीय टीम ने पिछला विश्व कप 2011 में जीता था, लेकिन 2013 चैम्पियंस ट्राफी के बाद से टीम को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टूर्नामेंट में सफलता नहीं मिली है।

अपने पूर्व और मौजूदा भारतीय कप्तान का समर्थन करते हुए अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, यह कहना काफी आसान है कि आपने यह नहीं जीता और वो नहीं जीता। उन्होंने कहा, 1983 विश्व कप के बाद महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर 1992, 1996, 1999, 2003 और 2007 में हुए विश्व कप में खेले थे। और आखिर में 2011 में ही विश्व कप जीत सके। उन्हें ट्राफी जीतने के लिए छह विश्व कप तक इंतजार करना पड़ा। अश्विन ने कहा, केवल इसलिए कि एक और महान खिलाड़ी एमएस धोनी आए और उन्होंने आते ही विश्व कप खिताब दिला दिया, इसका मतलब यह नहीं है कि हर किसी के साथ ऐसा ही होगा। सही कहा ना। करीब एक दशक तक भारतीय टीम के आईसीसी टूर्नामेंट ट्राफी नहीं जीतने से आलोचना होने लगी है। हाल में भारत को पिछले साल नवंबर में आस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली करारी हार झेलनी पड़ी। अश्विन ने क्रिकेट प्रेमियों से रोहित और कोहली को थोड़ा समय देने की बात की। उन्होंने कहा, ये खिलाड़ी (रोहित शर्मा, विराट कोहली) 2007 में नहीं खेले थे। रोहित शर्मा 2011 विश्व कप में नहीं खेल सके थे। कोहली 2011, 2015, 2019 में खेले हैं और अब वह 2023 में अपने चौथे विश्व कप में खेलेंगे। इस ऑफ स्पिनर ने कहा, वे कहते हैं कि उन्होंने (कोहली) आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीता है। उन्होंने 2011 में इसे जीता था, उन्होंने 2013 चैम्पियंस ट्राफी जीती थी।

### भारतीय टीम ने पिछला विश्व कप 2011 में जीता था

### रोहित ने 2013 में चैम्पियंस ट्राफी जीती थी

**उन्होंने** कहा, रोहित शर्मा ने भी 2013 चैम्पियंस ट्राफी जीती थी। इसलिए हमें उन्हें समय देना चाहिए। ये खिलाड़ी द्विपक्षीय श्रृंखलाएं, आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) और इतने सारे अन्य मैच खेल रहे हैं। जब आईसीसी टूर्नामेंट की बात आती है तो आपके लिए जरूरी होता है कि मैच के दौरान कुछ अहम क्षण आपके मुताबिक रहें। भारत को अक्टूबर-नवंबर में वनडे विश्व कप की मेजबानी करनी है।



## कासिमिरो ने दिलाई मैनचेस्टर यूनाइटेड को एफए कप में जीत

**मैनचेस्टर।** ब्राजील के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कासिमिरो के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट में रीडिंग को 3-1 से हराया। कासिमिरो ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल दागे जिससे यूनाइटेड पांचवें दौर में जगह बनाने में सफल रहा। यूनाइटेड ने इससे पहले बुधवार को लीग कप के सेमीफाइनल के पहले चरण में नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए थे। लीड्स ने एकरिंगटन स्टेनली को 3-1 से, लीसेस्टर ने वाल्सॉल को 1-0 से और साउथम्पटन ने ब्लैकपूल को 2-1 से हराया।